राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 256, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली शनिवार 30 मार्च 2024, मूल्य : 2 /-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

## मुख्य अपडेट

31 मार्च को दिल्ली में महारैली, राहुल गांधी समेत कई दिग्गज नेता होंगे शामिल
.... पेज 03

प्रेमी के लिए पति की हत्या...गमछे से घोटा गला, सीने पर बनवा रखा है प्रेमी के नाम का टैटू
.... पेज 05

सीरियाई क्षेत्रों पर इजरायली हवाई हमलों में दो नागरिक घायल : मंत्रालय
.... पेज 07

# कांग्रेस को आईटी का 1700 करोड़ का नोटिस



नई दिल्ली। कांग्रेस को मिले इनकम टैक्स विभाग के नोटिस पर राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि जब सरकार बदलेगी तो 'लोकतंत्र का चीरहरण' करने वालों पर कार्रवाई जरूर होगी। कार्रवाई ऐसी होगी कि दोबारा फिर किसी की हिम्मत नहीं होगी, ये सब करने की। ये मेरी गारंटी है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर हैशटैग

## सरकार बदली तो लोकतंत्र का चीरहरण करने वालों पर कार्रवाई होगी

#BJPTaxTerrorism लिखते हुए यह बात कही। दरअसल, इनकम टैक्स विभाग ने सुबह कांग्रेस को 1700 करोड़ रुपए का नया डिमांड नोटिस जारी किया। न्यूज एजेंसी के मुताबिक यह डिमांड नोटिस 2017-18 से 2020-21 के लिए है। इसमें जुर्माने के साथ ब्याज भी शामिल हैं।

नए नोटिस को लोकसभा चुनाव से पहले नकदी संकट से जूझ रही कांग्रेस के लिए झटका माना जा रहा है। एक दिन पहले 28 मार्च को ही दिल्ली हाईकोर्ट ने टैक्स असेसमेंट को लेकर दायर कांग्रेस की याचिका खारिज कर दी थी।

नोटिस मिलने के बाद शुक्रवार दोपहर में कांग्रेस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। अजय माकन ने दावा किया, कल हमें आयकर विभाग से 1823 करोड़ रुपए का भुगतान करने के लिए नोटिस आए हैं। ये पांच सालों के टैक्स का नोटिस है। वह तीन और सालों का बना रहे हैं। इस नोटिस में सीताराम केसरी के समय की 35 करोड़ की डिमांड भी शामिल है। उन्होंने कहा कि जिस मापदंडों के आधार पर कांग्रेस को जुर्माने के नोटिस दिए गए हैं, उन्हीं के आधार पर भाजपा से 4600 करोड़ रुपए की वसूली करनी चाहिए।

2017-18 में हमारे 14 लाख रुपए के वॉयलेशन के ऊपर भाजपा के इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने 135 करोड़ रुपए कांग्रेस के बैंक खाते से छीनकर ले गए। 2017-18 में ही भाजपा को 1 हजार 297 लोगों ने करीब 42 करोड़ रुपए का चंदा दिया।




गैंगस्टर से नेता बने मुख्तार अंसारी की मौत के बाद प्रयागराज में रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) के जवानों और पुलिसकर्मियों ने जामा मस्जिद के पास फ्लैग मार्च किया।

# चुनाव आयोग के सी-विजिल ऐप में 79 हजार शिकायतें दर्ज

### आयोग बोला- इनमें 73 प्रतिशत होर्डिंग-बैनर से जुड़ीं; 99 प्रतिशत का निपटारा किया

नई दिल्ली। 18वीं लोकसभा के लिए 19 अप्रैल से आम चुनाव होने जा रहे हैं। इस बीच चुनाव आयोग ने शुक्रवार (29 मार्च) को कहा कि आयोग का सी-विजिल ऐप आचार संहिता उल्लंघन करने वालों के खिलाफ बड़ा हथियार बन चुका है।

चुनाव आयोग ने 16 मार्च को लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान किया था। उसके बाद से लेकर अब तक सी-विजिल ऐप पर 79 हजार से ज्यादा शिकायतें दर्ज की जा चुकी हैं। आयोग ने कहा कि अब तक मिली शिकायतों में 99 प्रतिशत समाधान कर दिया गया है। इनमें से 89 प्रतिशत का समाधान 100 मिनट के अंदर किया गया है। चुनाव आयोग ने ये भी बताया कि 58,500 से ज्यादा शिकायतें अवैध होर्डिंग्स और बैनर के खिलाफ हैं। 1400 से ज्यादा शिकायतें पैसे, तोहफे



से जुड़ी थीं। लगभग 3 प्रतिशत शिकायतें (2,454) संपत्ति में गड़बड़ी से जुड़ी हैं। चुनाव आयोग ने यह भी कहा कि 535 शिकायतें धमकियों के बारे में थीं। इनमें से 529 का निपटारा हो चुका है। समय सीमा के बाद स्पीकर बजाने की भी 100 शिकायतें दर्ज कराई गई थीं।

### 7 चरण में होगा लोकसभा चुनाव

लोकसभा की 543 सीटों के लिए चुनाव सात फेज में होगा। पहले फेज की वोटिंग 19 अप्रैल को और आखिरी फेज की वोटिंग 1 जून को होगी। 4 जून को नतीजे आएंगे। आचार संहिता से लेकर नतीजे तक इसमें 80 दिन लगेंगे। लोकसभा के साथ 4 राज्यों- आंध्र प्रदेश, ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम के विधानसभा चुनाव की तारीखें भी जारी कर दी गई हैं। ओडिशा में 13 मई, 20 मई, 25 मई और 1 जून को वोटिंग होगी। बाकी तीन राज्यों में एक फेज में चुनाव होंगे। अरुणाचल और सिक्किम में 19 अप्रैल, आंध्र प्रदेश में 13 मई को वोट डाले जाएंगे। इलेक्शन शेड्यूल में सीटों की संख्या 543 से बढ़कर 544 सीटें हो गई है। इसकी वजह मणिपुर की आउटर मणिपुर लोकसभा सीट है। इस लोकसभा सीट में 28 विधानसभा सीटें है। 15 विधानसभा सीटों में 19 अप्रैल को और 13 विधानसभा सीटों में 26 अप्रैल को मतदान होगा।

## बारामूला में एक महिला समेत दो भगोड़े गिरफ्तार

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में पुलिस ने एक महिला समेत दो भगोड़ों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी पिछले एक दशक से अपनी गिरफ्तारी से बच रहे थे। पुलिस ने इन दोनों आरोपियों के नाम बर्नेट निवासी अल्ताफ अहमद मीर और उरानबोवा बोनियार के कासिम दीन ठाकर की पत्नी शनाज़ा बेगम बताया है। पुलिस ने शुक्रवार को कहा, दोनों आरोपी कई मामलों में शामिल हैं और पिछले दशक से अपनी गिरफ्तारी से बच रहे थे, जिन्हें एक विशेष टीम ने गिरफ्तार किया। आपराधिक प्रक्रिया संहिता की धारा 512 के तहत प्रथम श्रेणी उप-न्यायाधीश न्यायिक मजिस्ट्रेटबारामूला की अदालत ने बोनियार पुलिस थाने में लंबित मामले को निष्पादित किया गया और दोनों को कानून की अदालत में पेश किया गया है। पुलिस ने कहा, असामाजिक तत्वों के खिलाफ हमारी लगातार कार्रवाइयों से समुदाय के सदस्यों को आश्वस्त होना चाहिए कि हम अपने समाज को अपराध से मुक्त रखने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

# जम्मू में 300 फीट गहरी खाई में गिरी टैक्सी :10 लोगों की मौत

### इनमें से 9 बिहार के रहने वाले थे



एजेंसी

रामबन। जम्मू के रामबन में गुरुवार देर रात एक टैक्सी 300 फीट गहरी खाई में गिर गई। इसमें 10 की मौत हो गई, जिसमें 9 लोग बिहार के रहने वाले थे।

हादसा 28 मार्च देर रात सवा एक बजे जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे 44 पर रामबन के बैटरी चश्मा इलाके में हुआ। रेस्क्यू टीम के मुताबिक टैक्सी श्रीनगर से जम्मू जा रही थी। रास्ते में भारी बारिश के चलते फिसलकर खाई में गिर गई।

अब तक 10 यात्रियों के शव खाई में से निकाल लिए गए हैं। मरने वालों में जम्मू के अंब घ्रोथा के बलवान सिंह (47) और बिहार के भैसहिया गांव के दो भाई इंद्रजित बीन और अवधेश बीन, मंझरिया के राजू बीन, सोहस सिसवा बाजार के संदीप बीन, बाहरी स्थान के हरि बीन, इनारबरावा भैरोगंज के विपिन मुखिया, बेलौरा रामनगर थाना के राजन मुखिया, सिरिसिया निवासी नौरंगिया के रामविलास बीन और कैलाश नगर के राजकुमार थे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रामबन में हुए सड़क हादसे पर दुख जताया। है। मृतकों के परिजन को 2-2 लाख और घायलों को 50-50 हजार रुपए देने की घोषणा की है।

### केंद्रीय मंत्री बोले- मरने वालों के साथ मेरी संवेदनाएं

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने एक्स पर पोस्ट के जरिए हादसे के बारे में लिखा है। जितेंद्र ने कहा- सड़क दुर्घटना के बारे में जानने के बाद डीसी रामबन, बसीर-उल-हक से बात की, जिसमें बैटरी चश्मा के पास जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक यात्री टैक्सी गहरी खाई में गिर गई, जिसमें 10 लोगों की जान चली गई। पुलिस, एसडीआरएफ और क्यूआरटी मौके पर पहुंच गई है। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं।

# जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी, एवलांच से श्रीनगर-लेह हाईवे बंद

### एमपी-महाराष्ट्र-आंध्र के 5 शहरों में तापमान 40 पार; 19 राज्यों में बूंदाबांदी की संभावना



नई दिल्ली। देश में 29 मार्च से वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होने से मौसम का मिजाज बदलने लगा है। जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी हो रही है। शुक्रवार (29 मार्च) को राज्य के सोनमर्ग के हंग इलाके में एवलांच हुआ। इससे दो कारें बर्फ में फंस गई। कार में फंसे लोगों का रेस्क्यू किया गया। हालांकि, एवलांच से श्रीनगर-लेह हाईवे बंद हो गया है। भारतीय मौसम विभाग ने जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में 30 मार्च को भी भारी बारिश और बर्फबारी की आशंका जताई है। 19 राज्यों में बूंदाबांदी की संभावना है। उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में ऑरेंज अलर्ट है। यहां आंधी-तूफान के साथ बारिश हो सकती है।

असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में भारी बारिश का अलर्ट है। राजस्थान, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, बंगाल, ओडिशा और सिक्किम में बादल छाए रहेंगे। इन राज्यों में गरज के साथ छिटपुट बारिश हो सकती है।

### सबसे ज्यादा 5 गर्म शहरों में एमपी-महाराष्ट्र के 4 शहर

कुछ राज्यों में भीषण गर्मी पड़ रही है। सबसे ज्यादा गर्मी मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश के 5 शहरों में हैं। महाराष्ट्र के अकोला में 29 मार्च को 42.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। यह पूरे देश में सबसे ज्यादा है। इसके बाद मध्य प्रदेश का दमोह और गुना दूसरे और तीसरे नंबर पर रहे। तापमान के मामले में आंध्र प्रदेश का नांद्याल चौथे और महाराष्ट्र का परभणी पांचवें नंबर पर रहा। इन सभी शहरों में पारा 40 डिग्री के ऊपर दर्ज किया गया। आईएमडी ने 30 मार्च को मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश के कई हिस्सों में हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। इन राज्यों में 1 अप्रैल से गर्मी और उमस से राहत मिलने की संभावना है।

### अप्रैल-मई में भीषण गर्मी की आशंका

आईएमडी के वैज्ञानिक नरेश कुमार ने शुक्रवार (29 मार्च) बताया कि अप्रैल-मई में तापमान सामान्य से ऊपर रहेगा। इस दौरान हीटवेव चलने की आशंका है। अप्रैल में देश के मध्य भाग में हीटवेव की स्थिति रहेगी। मई सीजन का सबसे गर्म महीना होगा। इस दौरान देश के उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत में भीषण गर्मी पड़ सकती है।

## कांग्रेस ने जारी की पांच उम्मीदवारों के साथ अपनी नौवीं सूची जारी की

नयी दिल्ली। कांग्रेस पार्टी ने शुक्रवार को आगामी लोकसभा चुनाव के लिए पांच उम्मीदवारों की अपनी नौवीं सूची जारी की, जिसमें कर्नाटक के तीन और राजस्थान के दो उम्मीदवार शामिल हैं। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि उम्मीदवारों के नामों का चयन कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति ने किया है। राजस्थान के राजसमंद से कांग्रेस ने सुदर्शन रावत की जगह दामोदर गुर्जर को मैदान में उतारा है। इसके अलावा पार्टी ने भीलवाड़ा से दामोदर गुर्जर की जगह सीपी जोशी को उम्मीदवार बनाया है। पार्टी ने कर्नाटक से तीन उम्मीदवारों का चयन किया है, जिसमें बेल्लारी से ई थुकाराम, चामराजनगर से सुनील बोस और चिकबल्लापुर से रक्षा रमैया शामिल हैं।

# कौशांबी में नहाते समय 5 लोग गंगा में डूबे

### 2 को बचाया गया, 10 साल के बच्चे समेत 3 लापता, पुलिस और गोताखोर तलाश में जुटे

कौशांबी। कोखराज थाना क्षेत्र के गंगा नदी मे नहाने उतरे 5 लोगो मे 3 लापता हो गए। आसपास के लोगों ने डूब रहे लोगों को निकालने का प्रयास किया, लेकिन उनका प्रयास असफल रहा। तीनों नदी की गहराई में लापता हो गए हैं। मौके पर पहुंची प्रतापगढ़ की मानिकपुर पुलिस व कौशांबी की कोखराज पुलिस ने सर्च ऑप्रेशन कर डूबे लोगों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक स्थानीय गोताखोरों की मदद से तलाश कराई जा रही है। लापता 3 लोगो ने एक 10 वर्ष का बच्चा शामिल है। परिवार के लोग नदी घाट पर मौजूद है।

कोखराज के बसावनपुर के शुभम पाल (10) पुत्र आत्माराम, शशांक पुत्र बृजेश पाल, अभिषेक पुत्र धनुष, पलटी पुर का अभिषेक पटेल (20) पुत्र राम प्रकाश पटेल एवं बम्हरौली गांव का आदित्य जायसवाल (19) पुत्र वीरेंद्र जायसवाल आपस में दोस्त हैं। शुक्रवार को गर्मी अधिक होने के चलते सभी ने एक साथ गंगा नदी के करेती घाट पर पहुंचे।

नदी में उतरकर सभी ने एक साथ नहाना शुरू किया। वह आपस में नदी में अठखेलियां करने लगे। अचानक नदी में शुभम पाल का पैर पानी में फिसल गया। वह नदी के गहरे पानी में डूबने लगा। चस्मदीद लोगों के मुताबिक, शुभम को बचाने की अभिषेक, आदित्य, शशांक कोशिश करने लगे। शशांक व अभिषेक ने शोर मचाकर आसपास के लोगों से मदद की गुहार लगाई। लेकिन जब तक लोग पहुंचे तबतक शुभम, आदित्य व अभिषेक लापता हो गए। शशांक व अभिषेक पुत्र धनुष को स्थानीय लोगों ने पानी से खींचकर बचा लिया।

चीख पुकार सुनकर आसपास की गाव के लोगो की भारी भीड़ नदी घाट के किनारे जमा हो गई। सूचना पर पहुची स्थानीय थाना पुलिस कोखराज ने ग्रामीण गोताखोर की मदद से नदी मे लापता हुए लोगों की तलाश शुरू करा दी है।

### एसडीएम बोले- एसडीआरएफ को बुलाया गया

एसडीएम सिराथू महेंद्र श्रीवास्तव ने बताया-गंगा नदी के करेती घाट से होकर माणिकपुर थाना क्षेत्र में 5 लोग स्नान कर रहे थे। जिसमें 3 लोगों के डूबने की बात कही जा रही है, जबकि 2 लोगों को बचाया गया है। स्थानीय गोताखोर नदी में लापता की तलाश में जुटे हैं। एसडीआरएफ की टीम को सूचना दी गई है वह जल्द मौके पर पहुंचकर सर्च अभियान को पूरा करेगी।

# आज गाजीपुर के युसूफपुर मोहम्मदाबाद में होगा मुख्तार अंसारी का अंतिम संस्कार

गाजीपुर। मऊ सदर विधानसभा क्षेत्र से पांच बार विधायक रहे माफिया डान मुख्तार अंसारी का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव यूसूफपुर मोहम्मदाबाद में स्थित पुस्तैनी कब्रस्तान काली बाग में होगा जिसकी तैयारियां मुक्कमल कर ली गयी हैं।

मुख्तार अंसारी के पार्थिव शरीर कोमें काली बाग के कब्रिस् ?तान में सात गुणा तीन फीट की जमीन मिली है। उनको सुपुर्दे खाक किए जाने के समय उनकी पत्नी अफसा बेगम व पुत्र अब्बास अंसारी विधायक इस अवसर पर मौजूद रहेंगे या नहीं इस पर अभी तक संशय बरकरार है।

गौरतलब है कि विधायक मुख्तार अंसारी की पत्नी अफसा बेगम काफी



लंबे अरसे से फरार चल रही है। जिन पर प्रशासन द्वारा 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। ऐसे में कयास लगाया जा रहे हैं कि क्या वह पति का अंतिम दर्शन करने सामने आएंगी या फरार ही रहेंगे।

मुख्तार अंसारी के बड़े पुत्र मऊ सदर से विधायक अब्बास अंसारी फिलहाल जेल में बंद है, जिन्हें हाई कोर्ट में पैरोल की सुनवाई नहीं हो पाई है। फिलहाल उनके तरफ से उच्चतम न्यायालय में भी अर्जी लगाई जाने की बात आ रही है। अब ऐसे में विधायक की पत्नी और बड़े पुत्र उनके अंत्येष्टि में शामिल होते हैं या नहीं यह संशय अभी भी बरकरार है।

पारिवारिक सूत्रों के अनुसार मुख्तार अंसारी के शव को उनके पिता सुभानुल्लाह अंसारी के कब्र के पीछे कब्र खोदी गई है। वहीं पर उनको दफनाया जायेगा। निधन की सूचना के बाद से ही उनके आवास और कब्रिस्तान में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है। बांदा मेडिकल कालेज में डाक्टरों की टीम मुख्तार अंसारी के शव का पोस्टमार्टम किया। पोस्टमार्टम के बाद उनके शव को मुहम्मदाबाद गाजीपुर लाया जायेगा।

हत्या

### मोतिहारी में आरोपी पिता पहले भी एक बच्ची को मार चुका है; फरार

# पत्नी और 3 बेटियों की हत्या, नशा देकर गला काटा

मोतिहारी। मोतिहारी में गुरुवार रात पति ने पत्नी और 3 बेटियों की हत्या कर दी। सभी का गला काटा गया। हत्या के बाद आरोप पति फरार है। बताया जा रहा है कि आरोपी पति ईदु मिया का पत्नी अफरीना खातून (40) से झगड़ा हुआ था। इसके बाद उसने पत्नी और तीनों बेटियों को नशे की दवा दी, फिर सभी का गला काट दिया।

बच्चियों की उम्र 8 से 15 साल के बीच है। मृतकों में पत्नी अफरीना खातून (40) बेटी अरबुन (15), सब्रून (10) और सहजादीन (8) हैं। आरोपी इदु मिया की ये दूसरी शादी है। उसकी 5 बच्चियां है।



पड़ोसी के अनुसार इदू मिया का पत्नी और बड़ी बेटी अरबुन से विवाद हुआ था। बड़ी बेटी किसी से बात करते हुए पकड़ी गई थी। इसी को लेकर दिन में उनकी लड़ाई हुई थी। वो सनकी मिजाज का है। उसने पहले भी चलती ट्रेन से अपनी एक बच्ची और बीवी को फेंक दिया था, जिसमें बच्ची की मौत हो गई थी, इस केस में वो जेल में बंद था।

घटना पहाड़पुर के बावरिया गांव की है। घटनास्थल पर एसडीपीओ जांच कर रहे हैं। घर के बाहर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है। डॉग स्कायड की टीम भी पहुंची है।

इदू मिया की ये दूसरी शादी थी। पहली पत्नी से दो बेटे हैं। जो अलग रहते हैं। दूसरी पत्नी से पांच बच्चियां थीं। बीती रात उसने तीन की हत्या कर दी। एक बेटी को 4 साल पहले ट्रेन से फेंक कर यूपी के सीतापुर में मार डाला था। उस मामले में आरोपी ईदू मिया 6 महीने जेल में रहा। बेल मिलने के बाद जब घर आया तो पत्नी से किसी बात को लेकर हमेशा झगड़ा होता रहता था। बीती रात भी झगड़ा हुआ था। जिसके बाद आरोपी ने अपनी पत्नी और तीनों बच्चियों को नशा खिलाकर मार डाला। एक बेटी की शादी हो चुकी है।

### पति ने पूरे परिवार की हत्या की है : एसडीपीओ

अरेराज एसडीओपी रंजन कुमार ने कहा कि एक व्यक्ति ने अपने पत्नी और तीन बच्चियों की हत्या कर दी। जांच में पता चला कि इदु मिया ने सभी को मारा। चार साल पहले गांव में बसा था। पांच बच्चियां हैं। एक की ट्रेन से फेंकने से मौत यूपी के सीतापुर में हो गई। डॉग स्कायड की टीम भी मौके पर पहुंची है। यह दूसरी शादी है। पहली पत्नी मर चुकी है। उससे दो बेटे हैं। एसपी कांतेश मिश्रा ने फरार ईदू मिया का पता बताने पर 15 हजार रुपए के इनाम का ऐलान किया है।

## शार्ट न्यूज

### राजपूत समाज ने जताई नाराजगी,नही बढ़ने दिया जा रहा राजनीति में कदम



झज्जर में राजपूत समाज ने मिलकर प्रैस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। जिसमें मुख्य मुद्दा यह था की किसी भी राजनीतिक पार्टी द्वारा लोकसभा चुनाव के लिए राजपूत समाज सीट न दिए जाने पर समाज ने रोष प्रकट किया। राजपूत समाज हमेशा से ही 36 बिरादरी के हक की लड़ाई लड़ता आ रहा है। लेकिन सभी राजनीतिक पार्टियों ने राजपूतों के बलिदानों को नजरअंदाज किया है। जिससे पूरा समाज नाराज हैं। आने वाली 31 मार्च को 36 बिरादरी को लेकर राजपूत समाज महापंचायत करने जा रहा हैं। जो कि कुलाना चौक झज्जर सुबह 11 बजे होगी। जिसमे जरूरी मुद्दों को लेकर चर्चा होगी। लोकशाही में परिवारवाद को खत्म करने व 36 बिरादरी का आबादी के अनुसार जनप्रतिनिधित्व दिलाना, धनबल, बाहुबल, दलबल, और भ्रष्टाचार पर नकेल लगाना, वंचित, उपेक्षित, दलित, आरक्षित समाज को सुरक्षा देना। इस दौरान राव नरेश चौहान हरियाणा अध्यक्ष राजपूत सभा, राकेश तंवर युवा अध्यक्ष आरजेपी, सुभाष परमार प्रवक्ता हरियाणा आरजेपी, नरेश चौहान, नरेंद्र छोकर नरेश परमार मुकेश चौहान, सुधीर तंवर वकील, राजविजय तंवर कोसली, दिनेश चौहान वकील, प्रवीण चौहान इस दौरान मौजूद रहें।

### टीपीसीसी ने तेलंगाना के राजनीतिक संकट के लिए केसीआर को बताया जिम्मेदार

**हैदराबाद।** तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस (टीपीसीसी) ने राज्य में उठे राजनीतिक संकट के लिए पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) को जिम्मेदार ठहराया है। टीपीसीसी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जी निरंजन ने यहां गांधी भवन में शुक्रवार को मीडिया को संबोधित करते हुए केसीआर पर सत्ता संभालने के बाद से दलबदल को बढ़ावा देने और नैतिक मूल्यों से रहित भ्रष्ट राजनीति की संस्कृति को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने टिप्पणी की कि जनता अब केसीआर के प्रति सहानुभूति नहीं रखती है, उनकी दुर्दशा को उनके कार्यों के उचित परिणाम के रूप में देखती है। उन्होंने एकतरफा फैसलों का सहारा लेते हुए और राज्य को अराजकता में डालते हुए तेलंगाना राज्य के निर्माण का श्रेय लेने के लिए केसीआर की आलोचना की। उन्होंने जोर देकर कहा कि केसीआर के कुकर्म धीरे-धीरे सामने आ रहे हैं। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की बैठकों में केटीआर और हरीश राव के हालिया बयानों का जिक्र करते हुए, श्री निरंजन ने तेलंगाना राज्य का दर्जा प्राप्त करने में केसीआर की भूमिका के उनके दावों को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि जनता अब ऐसे दावों पर भरोसा नहीं करती है।

### हिमाचल में महिला अपराध बढ़े

शिमला। हिमाचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव की सरगर्मियां तेज हो गई हैं। नेताओं ने जनहित मुद्दों के लेकर जनता के बीच जाना शुरू कर दिया है। पार्टी के नेता जनता को रिझाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते। स्वास्थ्य, बेरोजगारी, कर्मचारी, बागवानी जैसे मुद्दों पर तो सियासी दल और नेता बात कर रहे हैं, लेकिन देवभूमि में महिला सुरक्षा का मुद्दा जैसे 'गौण' है। पुलिस की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, प्रदेश में महिला अपराध के आंकड़े बढ़ रहे हैं। साल 2014 में सूबे में दुष्कर्म के 284 मामले दर्ज हुए थे, वहीं 2023 में यह आंकड़ा 344 पहुंच गया। वर्ष 2024 में अब तक यह संख्या 51 है। वर्ष 2014 में महिला अपहरण के 243 मामले दर्ज किए गए थे, 2023 में यह आंकड़ा 344 रहा। इस साल अब तक 56 मामले दर्ज हो चुके हैं। इन आंकड़ों से महिला सुरक्षा को लेकर जो तस्वीर सामने आ रही है, उसे सुखद नहीं कहा जा सकता है। प्रदेश में चाहे सरकार किसी की भी रही हो लेकिन महिला अपराध पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। इस लोकसभा चुनाव में भाजपा ने प्रदेश में पहली बार मंडी से कंगना रणौत के रूप में महिला प्रत्याशी उतारा है। वहीं कांग्रेस पार्टी भी महिला को ही चुनाव मैदान में उतारने की फिराक में है। ऐसे में महिला सुरक्षा के मुद्दे पर प्रमुखता से बात होने की संभावना है।

### आईटीबीपी से बर्खास्त कर्मी बना सेंधमार

**सोलन।** हिमाचल प्रदेश के जनपद के अर्की में हनुमान मंदिर में चोरी की वारदात का आरोपी के गिरेबान तक पुलिस पहुंचने में सफल हो गई है। गत 19 मार्च को आरोपी ने अर्की क्षेत्र के सूरजपुर में मन्दिर से हनुमान की मूर्ति, आभूषण व 2000 की नकदी चुराई थी। पुलिस से ताजा जानकारी में अर्की पुलिस द्वारा वारदात में संलिप्त आरोपी अशरफ़ अली (37) पुत्र अखमल निवासी कालसी उत्तराखंड को पंजाब के जीरकपुर से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को अदालत में पेश कर पांच दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। खुलासा हुआ है कि आरोपी आईटीबीपी में कार्यरत था, जहां से उसे बर्खास्त किया गया था। आरोपी के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों की जानकारी जुटाई जा रही है। उगौरतलब है कि आरोपी अशरफ़ अली द्वारा साहिल रावत के नाम से फर्जी आधार कार्ड का इस्तेमाल किया जा रहा था। आरोपी ने पुलिस टीम को भी जाली आधार कार्ड दिया था, इसमें खिलाफ अलग से कानूनी कार्यवाही की जा रही है। एसपी गौरव सिंह ने पुष्टि की है। बता दे कि पुलिस चोरी के एक गिरोह का भी पर्दाफाश करने में सफल हुई है ,जो धर्मपुर व सुबाथू क्षेत्र में चोरी की वारदातों को अंजाम देता था।

### पुलिस के हत्थे चढ़े हरियाणा के दो तस्कर

शिमला। हिमाचल प्रदेश के जिलप ठियोग पुलिस नशा तस्करों पर नकेल कस रही है। इसी क्रम में ठियोग पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर हरियाणा के रहने वाले दो तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पकड़े गए तस्कर हरियाणा के हिसार और भवानी के रहने वाले हैं। इनके पास से 49 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है। इस मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत पांच लाख आंकी गई है। इस संबंध में ठियोग के पुलिस उपाधीक्षक सिद्धार्थ शर्मा ने बताया कि गुरुवार देर शाम ठियोग पुलिस को सूचना मिली थी कि हरियाणा नम्बर की स्विफ्ट डिजायर कार में सवार दो लोग नशे की तस्करी में संलिप्त हैं और कुफ़री से ठियोग की तरफ जा रहे हैं। इस पर पुलिस ने फागु के पास नाका लगाकर कार को निरीक्षण के लिए रोका और तलाशी के दौरान कार सवार दो युवकों से 49 ग्राम हेरोइन बरामद किया। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत पांच लाख रुपये है। तस्कर इस हेरोइन को छोटी-छोटी मात्रा में आगे बेचने की फिराक में थे। शर्मा ने बताया कि हेरोइन के साथ गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मनोज कुमार (32) निवासी भवानी हरियाणा और अनिल कुमार (41) निवासी हिसार हरियाणा के रूप में हुई है।

### कंगना ने किया रोड शो

मंडी। दिल्ली में पार्टी हाईकमान से मुलाकात कर भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी व अभिनेत्री कंगना रनौत शुक्रवार को अपने गृह क्षेत्र पहुंची। उन्होंने चुनाव प्रचार का आगाज भी गृह क्षेत्र से किया। कंगना रनौत का भांबला पहुंचने से पहले बनोहा में जोरदार स्वागत हुआ। इस दौरान कंगना ने रोड शो भी किया। इस दौरान उन्होंने पहाड़ी अंदाज में बोली, तुहां एड़ा नी सोचना कि कंगना कोई हिरोइन है, कंगना कोई स्टार है, तुहां एड़ा सोचना अहां री बेटी है अहां री बहन है। कंगना ने कहा कि लोग गौरवान्वित है कि मंडी की बेटी और राष्ट्रवादी आवाज इस चुनाव में मंडी का प्रतिनिधित्व करेगी। विकास का मुद्दा हमारे लिए मुख्य है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिस दिशा में हमारा मार्गदर्शन करेंगे। उस दिशा में हम काम करने में कोई कमी नहीं छोड़ेंगे। मंडी की जनता दिखा देगी कि उनके दिल में क्या है। 'हॉट सीट' मंडी से भाजपा प्रत्याशी कंगना ने अपने गृह क्षेत्र में मंडयाली बोली में खूब तड़का लगाया। उन्होंने लोगों से कहा,तुहां एड़ा नी सोचणा कि कंगना कोई हिरोइन ई। कंगना कोई स्टार ई, तुहां एड़ा सोचना कंगना अहां री बेटी, अहां री बैण ई। कदी नी एड़ा सोचणा कंगना कने कियां गलांगे। ऐथी सारे मेरे रिश्तेदार।

# आरटीओ विभाग पर ओवरलोड वाहनों से वसूली का आरोप

## डीएम ने टीम का किया गठन, एडीएम को जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश



गौतम बुद्ध नगर। गौतमबुद्ध नगर में ओवेरलोड वाहनों का बोलबाला हो रहा है। आरटीओ विभाग पर ओवरलोड वाहनों से वसूली करने का आरोप लगे, जिसके बाद जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने पांच अधिकारियों की टीम का गठन किया और इस मामले में जांच कर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। अलग-अलग ट्रांसपोर्ट यूनियन के लोग लंबे समय से ओवरलोड वाहनों को बंद करने की मांग कर रहे हैं, इसको लेकर एआरटीओ विभाग के पुलिस कर्मियों के साथ उनकी नोकझोंक भी हुई है जो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुई है।

दरसअल हरियाणा से हजारों ओवरलोड वाहन पेरिफेरल व अन्य रास्तों से ग्रेटर नोएडा में आते हैं इन वाहनों में रोड़ी व गिट्टी ओवरलोड भरी रहती है, जिसको लेकर जिले की अलग-अलग ट्रांसपोर्ट यूनियन ने ओवरलोड वाहनों पर रोक लगाने की मांग की। इसको लेकर बाकायदा एआरटीओ और उनके विभाग को जानकारी दी गई। लेकिन ट्रांसपोर्ट यूनियन के लोगों का आरोप है कि आरटीओ विभाग इन ओवरलोड वाहनों को अपनी शह पर चलवा रहा है। वीडियो फुटेज और मौके पर होने के बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। इस दौरान ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे के कई वीडियो भी वायरल हो रहे हैं, जिसमें ट्रांसपोर्ट यूनियन के लोग एआरटीओ विभाग के पुलिस कर्मियों से ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं। वीडियो में ओवरलोड वाहन भी दिखाई दे रहे हैं लेकिन उनके द्वारा उस पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

किसी की तरह की कार्रवाई न होने पर ट्रांसपोर्ट यूनियन के लोगों के द्वारा इस मामले में जिलाधिकारी से शिकायत की गई, जिस पर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने तत्काल प्रभाव से संज्ञान लिया और पांच सदस्य टीम का गठन कर इस मामले में जांच कर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस टीम का अध्यक्ष एडीएम को बनाया गया है।

ट्रांसपोर्ट यूनियन के अध्यक्ष सोनू ने बताया कि हरियाणा के रास्ते ओवरलोड वाहन लगातार ग्रेटर नोएडा में आते हैं। इसको लेकर हमने एआरटीओ से शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। जब हम लोगों के द्वारा उन ओवरलोड वाहनों के ड्राइवर से बातचीत की गई तो उन लोगों ने बताया कि गौतमबुद्ध नगर में आरटीओ को एक गाड़ी के 9000 रुपए दिए जाते हैं, इसी वजह से ओवरलोड वाहनों को नहीं रोका जाता है।

हम लोगों के द्वारा भी आरटीओ विभाग के कर्मचारियों को मौके पर मिलकर ओवरलोड वाहनों को दिखाया गया, लेकिन उनके द्वारा कोई भी कार्रवाई नहीं की गई। हम लोगों ने बाकायदा इस पूरे मामले का वीडियो बनाया है, उसके बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

इस मामले में हमने जिलाधिकारी से भी शिकायत की है, अगर कोई कार्रवाई नहीं होती है तो हम लखनऊ जाकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग करेंगे। उन्होंने कहा कि ओवरलोड वाहनों की वजह से सड़क खराब होती हैं और आए दिन सड़क हादसे होते हैं लेकिन इस पर अधिकारी कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।

वही इस पूरे मामले पर डीएम मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि ट्रांसपोर्ट यूनियन के कुछ लोगों के द्वारा ओवरलोड वाहनों को लेकर शिकायत की गई थी। इस मामले में एडीएम के नेतृत्व में पांच लोगों की टीम का गठन किया गया है, यह टीम जांच करेगी और ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

साथ ही आरटीओ विभाग के कुछ लोगों पर रिश्वत लेने का भी आरोप लगा है, उसकी भी जांच की जा रही है, अगर यह आरोप सत्य पाए जाते हैं तो उस मामले में भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पूरे जिले में कहीं पर भी ओवरलोड वाहन बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। ऐसे वाहन देखते ही पुलिस कर्मियों और अन्य विभागों को भी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

# नोएडा में पांच दिन बाद आग पर पाया काबू

## 12 लाख लीटर पानी का किया छिड़काव





नोएडा। सेक्टर-32 स्थित सिटी सेंटर के पास खाली डंपिंग ग्राउंड में सोमवार शाम छह बजे के करीब लगी आग को बुझा दिया गया है। सीफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि आग को बुझाने में पांच दिनों से दमकल की टीमें लगी थी। दमकल विभाग ने आग बुझाने के लिए 12 लाख लीटर पानी का छिड़काव किया। आग को पूरी तरह से बुझा दिया गया है। उन्होंने बताया कि ये आग अराजक तत्वों द्वारा लगाई गई थी। इसके साक्ष्य मिले थे।

आग बुझते ही यहां के निवासियों ने राहत की सांस ली। निवासियों ने कहा कि ये आग दोबारा न लगे इसे ध्यान दिया जाए। साथ ही यहां उद्यानिक वेस्ट को न फेंका जाए। एसीईओ वंदना त्रिपाठी ने बताया कि उद्यानिक वेस्ट के लिए शहर में तीन स्थानों को चिह्नित किया गया है। वहां वेस्ट को ग्रीन कोल में तब्दील किया जाएगा। जिसके बनाने वाली कंपनी प्रयोग करेगी। बहरहाल वेस्ट से लगी को पूरी तरह से बुझा दिया गया है। इस आपरेशन में दमकल की 15 गाड़ियां और प्राधिकरण के 20 टैंक लगे थे। इन टैंक और दमकल की गाड़ियों के दिन में रोजाना 20 चक्कर लग रहे थे। आग बुझाने के लिए करीब 12 लाख लीटर पानी का छिड़काव करने की बात कही जा रही है। जहां आग लगी है, उस मैदान के लेवल को बराबर करने के लिए इसे कूड़े से पाटा गया था।

यहां बड़े-बड़े गड्ढा में कूड़ा भरा हुआ है। सीएफओ प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि गड् ?ढों के अंदर तक पानी का छिड़काव किया गया। दरअसल यहां गड्ढा में हार्टिकल्चर का वेस्ट डाला जाता है।

इसी वेस्ट में आग लगी है। आग को बुझाने के लिए नोएडा प्राधिकरण की ओर से यहां दस जेसीबी लगाई गई थी, जिनकी मदद से गड्ढों को खोदा गया और आग को बुझाया गया। पिछले साल भी यहां आग लगी थी और उसे बुझाने में करीब एक सप्ताह का समय लग गया था। आग बुझाने के लिए 75 अग्निशमन कर्मियों की ड्यूटी दिन और इतने लोगों की ही ड्यूटी रात में लगाई गई थी।

### आईसीडब्ल्यूए और जीबीयु के बीच एमओयू

**गौतम बुद्ध नगर।** इंडियन काउंसिल फॉर वर्ल्ड अफेयर्स (आईसीडब्ल्यूए), एक राष्ट्रीय महत्व का संस्थान है, जो 2001 के आईसीडब्ल्यूए एक्ट के तहत दिल्ली में स्थित है और गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय नोएडा जो 2002 में उत्तर प्रदेश सरकार एक्ट (9) के तहत स्थापित किया गया है, गौतमबुद्ध नगर यूपी में स्थित है ने अपने लक्ष्य के पुनर्विस्तार और अंतर्राष्ट्रीय मामलों और भारतीय विदेश नीति पर जागरूकता और ज्ञान को बढ़ावा देने के लिए सहयोग करने का निर्णय लिया है। भारत के उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने हाल ही में 24 दिसंबर 2023 को गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय का दौरा किया और आईसीडब्ल्यूए के साथ गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के बीच एक एमओयू की घोषणा की थी। माननीय उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ आईसीडब्ल्यूए के अध्यक्ष हैं। आईसीडब्ल्यूए और गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय के बीच मेमोरेंडम ऑफ़ अंडरस्टैंडिंग को 27 मार्च 2024 को साइन किया गया, जो तीन साल के लिए मान्य होगा। जीबीयू कुलपति प्रो रवीन्द्र कुमार सिन्हा ने इस साझा के महत्व को बताते हुए कहा कि यह मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग का उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय मामलों और भारतीय विदेश नीति पर सहमत विषयों पर अध्ययन और सेमिनारों का आयोजन करना है। डीन एकेडमिक्स प्रो एन. पी. मलकानियां ने दोनों पक्षों को उन बिंदुओं के बारे में बताया जिन बिंदुओं पर सहयोग करने का निर्णय लिया है। विश्वविद्यालय प्रशासन इस समझौते पर गंभीरता से काम करेगी और अंतरराष्ट्रीय मामले और विदेश नीति पर समय समय पर विशेष व्याख्यान एवं संगोष्ठी का भी आयोजन करेगी।

# ग्रेटर नोएडा वेस्ट में एक ही नंबर की मिली दो-कार

## शिकायत के बाद पुलिस जांच में जुटी, गाड़ी के पीछे भारत सरकार लिखा हुआ

एजेंसी

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में एक बड़ा ही अजीबोगरीब मामला सामने आया है। जहां दो गाड़ियां एक जैसी दिखाई दी ।जिसमें से एक कार फर्जी बताई जा रही है, बड़ी बात यह है कि दोनों ही गाड़ियां एक ही कंपनी की है और दोनों पर एक ही नंबर प्लेट लगी हुई है।




दरअसल, ग्रेटर नोएडा वेस्ट की निराला स्टेट हाउसिंग सोसाइटी में रहने वाले सौरव वर्मा के पास टाटा नेक्सोंन गाड़ी है। इस गाड़ी का नंबर अप 16डीवाई 4318 है। सौरभ वर्मा ने बताया कि शुक्रवार की सुबह उनके पास अनुराग नाम के एक व्यक्ति का फोन आया। अनुराग ने उनको बताया कि उनकी टाटा नेक्सोंन गाड़ी देवीका गोल्ड होम्स सोसायटी में खड़ी हुई है।

इस बात से वह काफी चौंक गए और कहने लगे कि मेरी गाड़ी तो मेरे पास ही है। उसके बाद अनुराग ने सौरव वर्मा को सोसाइटी में खड़ी हुई गाड़ी के फोटो भी भेज दी। फोटो देखकर सौरभ हैरान हो गए और वह तेजी से अपनी गाड़ी लेकर देवीका होम्स हाउसिंग सोसाइटी में पहुंच गए।

जब वह सोसाइटी में पहुंचे तो हैरान रह गए। उन्होंने देखा कि उन्हीं की गाड़ी की तरह एक टाटा नेक्सोंन गाड़ी वहां पहले से खड़ी हुई थी ।उसका भी नंबर उनकी गाड़ी का था, यानी कि दोनों गाड़ियों पर यूपी16डीवाई 4318 नंबर था और दोनों ही गाड़ियां टाटा की नेक्सों थी। उससे भी बड़ी बात यह है कि दोनों ही गाड़ियां बिल्कुल एक जैसी थी, दोनों ही गाड़ियों पर एक जैसा कलर हुआ था।

### पीछे भारत सरकार लिखा हुआ

इन दोनों गाड़ियों में बस अंतर इतना था कि जो गाड़ी उस पार्किंग में खड़ी हुई थी और जिसे फर्जी गाड़ी बताया जा रहा है ,उसपर पीछे भारत सरकार लिखा हुआ था। फिलहाल पीड़ित का कहना है कि इस मामले में वह पुलिस एआरटीओ से शिकायत करेगा की एक नंबर की एक तरह की गाड़ियां कैसे हो सकती है। फिलहाल पुलिस भी इस पूरे प्रकरण की जांच में जुट गई है।

# फेसबुक पर दोस्ती, फिर बुलाकर करते थे ठगी

## युवती समेत 4 आरोपी गिरफ्तार, हाल ही में नोएडा के युवक को बनाया था शिकार

**नोएडा।** थाना सेक्टर-58 पुलिस ने फेसबुक के जरिए धोखाधड़ी कर पैसे लेने वाले गिरोह का पर्दाफ़ाश महिला सहित एक युवती समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। ये लोग फेसबुक पर दोस्ती कर लोगों को मिलने के लिए बुलाते थे। इसके बाद उनको डरा धमकाकर उनसे पैसे ऐठ लेते थे। 28 मार्च को भी थाना सेक्टर-58 में इस गिरोह के खिलाफ एक मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस को इनकी तलाश थी।



इलेक्ट्रानिक सर्विलांस और मुखबिर से जानकारी मिलने पर शुक्रवार को पुलिस ने इन चारों को गोल चक्कर सेक्टर-62 से गिरफ्तार किया। इनकी पहचान अभिषेक शर्मा, फिरोज, शशी पाल और शिवानी हुई है। इनके पास से 14 हजार 500 रुपए नकद और 6 मोबाइल फोन बरामद किए गए। पुलिस इनका आपराधिक रिकार्ड खंगाल रही है।

पुलिस ने बताया कि 28 मार्च को एक पीड़ित युवक ने शिकायत दी थी। उसने बताया कि फेसबुक पर नागर परी नाम की लड़की से उसकी दोस्ती हुई। 14 मार्च को उस लड़की ने उसे मिलने के लिए सेक्टर 62 स्थित एक निजी अस्पताल के पास बुलाया। जब वह युवक बताये गये स्थान पर पहुंचा तो वहां पहले से ही एक लड़की व दो लड़के मिले। उन्होंने मुझ से धोखाधडी कर मेरा मोबाइल ले लिया। इसके बाद तीनों लोगों ने मुझे मारने का भय दिखाकर ग्राहक सेवा केन्द्र के खाते में 17,120 रुपए ट्रांसफर कर लिये।

### भाजपा प्रत्याशी का विरोध करने पर चार युवकों पर कार्रवाई

गौतम बुद्ध नगर। गौतमबुद्ध नगर में लोकसभा चुनाव को लेकर प्रत्याशी मैदान में है। इस दौरान दो बार के सांसद और भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर महेश शर्मा का जेवर विधानसभा के आकलपुर गांव में जमकर विरोध हुआ। चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे डॉ महेश शर्मा के सामने युवकों ने मुर्दाबाद के नारे लगाए। दरसअल डॉक्टर महेश शर्मा रबूपुरा थाना क्षेत्र के आकलपुर गांव में चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे थे। जैसे ही वह गांव में पहुंचे तो गांव के कुछ लोगों के द्वारा डॉक्टर महेश शर्मा के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। इस दौरान उन्होंने महेश शर्मा मुर्दाबाद के नारे लगाए और कहा कि पिछले 10 सालों में डॉक्टर महेश शर्मा गांव में दिखाई नहीं दिए हैं, लेकिन चुनाव आते ही वह गांव में आ गए।

# नोएडा में रिटायर्ड आईपीएस से ठगे 30.62 लाख

नोएडा। साइबर अपराधियों ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट निवासी रिटायर्ड आईपीएस को आईपीओ और शेयर बाजार में निवेश कराने का झांसा देकर 30 लाख 62 हजार रुपए ऐंठ लिए। आरोपी ने पीड़ित को वॉट्सऐप ग्रुप में जोड़कर ठगी की। पीड़ित ने सेक्टर-36 साइबर क्राइम थाने में केस दर्ज कराया है।

रिटायर्ड आईपीएस शैलेंद्र कुमार ने पुलिस को बताया कि उनके पास कुछ समय पहले वॉट्सऐप पर मैसेज आया, जिसमें घर बैठे डिजिटल मार्केटिंग और ऑनलाइन ट्रेडिंग करके लाखों रुपए कमाने की बात कही गई थी। उन्होंने जब उस नंबर पर संपर्क किया। फोन उठाने वाले ने कहा, उनकी कंपनी नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और बंबई स्टॉक एक्सचेंज में निवेश कराती है। झांसे में लेकर उनको वॉट्सऐप के एक ग्रुप में जोड़ दिया गया। ग्रुप में पहले से 100 लोग जुड़े थे। आरोपियों ने पहले उनको ऑनलाइन टास्क दिया। इससे उनको कुछ फायदा हुआ। इसके बाद जालसाज़ ने उनको आईपीओ और कंपनियों के शेयर में निवेश करने का टास्क दिया। आरोपियों द्वारा दिए ऐप में उनके निवेश किए रुपए बढ़ते दिखे। इसकी वजह से उन्होंने 30 लाख 62980 हजार रुपए निवेश कर दिए। वह जब अपने मुनाफे की रकम को वापस लेने लगे तो आरोपियों ने उनके ट्रेडिंग अकाउंट को बंद कर दिया।

# पांच राज्यों के उच्च अधिकारियों की बैठक में कानून-व्यवस्था पर मंथन

देहरादून। आम चुनाव को देखते हुए उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली एवं उत्तराखंड राज्यों के मुख्य सचिव, गृह सचिव, पुलिस महानिदेशक तथा अपर पुलिस पुलिस महानिदेशक ने अपराध एवं कानून व्यवस्था पर आपसी समन्वय हेतु विभिन्न महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विचार-विमर्श किया।

हरियाणा के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में उत्तराखंड राज्य के गृह सचिव दिलीप आरके जावलकर ने कहा कि लोक सभा निर्वाचन-2024 के परिप्रेक्ष्य में इस राज्य में सम्पूर्ण व्यवस्थायें कर ली गयी है। राज्य की सीमाओं पर अन्य समस्त राज्यों से समन्वय किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से कार्य योजना तैयार कर ली गई है। साथ ही, निकटवर्ती राज्यों से निरन्तर समन्वय कर प्रमुख सूचनाओं का आदान-प्रदान किया जा रहा है।

उत्तराखंड पुलिस के निर्वाचन प्रक्रिया के नोडल अधिकारी व वरिष्ठ आईपीएस एपी अंशुमान ने कहा कि राज्य में स्थापित सभी 93 अन्तरराज्जीय बैरियर को सीसीटीवी कैमरों से सुसज्जित किया गया है तथा सीमावर्ती राज्यों के साथ समन्वय हेतु अब तक 26 बैठकें पूर्ण की जा चुकी है। आपसी समन्वय निरन्तर बना हुआ है। उन्होंने बताया कि सीमावर्ती राज्यों राज्यों के मुख्यालय स्तर से थाना स्तर तक व्हाट्सएप ग्रुप तैयार किये गये है। जिनसे निरन्तर समन्वय बना हुआ है तथा सीमावर्ती राज्यों से महत्वपूर्ण सूचनाओं का आदान-प्रदान निरन्तर किया जा रहा है।

### जम्मू कश्मीर आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने जारी की चार जिलों में हिमस्खलन की चेतावनी

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने कश्मीर घाटी के चार जिलों के ऊपरी इलाकों में अगले 24 घंटों के दौरान हिमस्खलन होने की चेतावनी जारी की है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। प्राधिकरण के अनुसार अगले 24 घंटों के दौरान कश्मीर घाटी के कुपवाड़ा, बंदीपोरा, गंदेरबल और बारामूला जिलों की 2400 मीटर से ऊंची चोटियों पर मध्यम खतरे स्तर का हिमस्खलन होने का अनुमान जताया गया है। अधिकारियों ने इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सावधानी बरतने और अगले आदेश तक हिमस्खलन-संभावित क्षेत्रों में न जाने की सलाह दी गई है। कश्मीर घाटी में पिछले 24 घंटे के दौरान व्यापक रूप से बारिश हुई थी और कुछ ऊंची चोटियों पर ताजा हिमपात भी हुआ है।

# डेरा प्रमुख हत्याकांड मामले में पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

रूद्रपुर/नैनीताल। उत्तराखंड के गुरूद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब के डेरा प्रमुख की हत्या के मामले में पुलिस ने हत्या और हत्या की कथित साज़िश के मामले में पांच लोगों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार खटीमा चारुबेटा निवासी जसवीर सिंह की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

दोनों हमलावारों सर्वजीत सिंह निवासी ग्राम मियाविंड, तरनतारन, पंजाब और अमरजीत सिंह उर्फ बिट्टा निवासी ग्राम सिरोहा, बिलासपुर, उप्र को मुख्य आरोपी बनाया गया है।

इनके अलावा गुरूद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब के प्रधान और भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के पूर्व अधिकारी हरबंस सिंह चुघ, तराई किसान महासभा के उपाध्यक्ष प्रीतम सिंह संधु निवासी खेमपुर गदरपुर और गुरूद्वारा श्री हर गोविंद सिंह रतनपुरा, नवाबगंज के मुख्य जत्थेदार बाबा अनूप सिंह को आरोपी बनाया गया हैं। इन पर कथित रूप से हत्या की साज़िश में शामिल होने का आरोप लगाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बताया जा रहा है कि हमलावर कई दिनों से गुरुद्वारा की सराय में रूके थे और बाबा की दैनिक चर्या पर नजर बनाए हुए थे।

गौरतलब है कि गुरूद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब के डेरा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की गुरूवार को गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी गयी थी। तब डेरा प्रमुख गुरूद्वारा परिसर में मुख्य गेट के सामने कुर्सी पर बैठे थे।

इसी दौरान दो हमलावर मोटर साइकिल से आये और बंदूक से दो गोली मार दी। गंभीर रूप से घायल डेरा प्रमुख को खटीमा के निजी अस्पताल में ले जाया गया लेकिन अत्यधिक रक्तस्राव के चलते उनकी मौत हो गयी।

## शार्ट न्यूज

### दिल्ली-एनसीआर में मौसम हुआ सुहावना

दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर में शुक्रवार को मौसम ने करवट बदली है। दोपहर तक जहां लोग धूप से परेशान रहे वहीं शाम होते-होते अचानक से आसमान में बादल छाने लगे। साथ ही कुछ जगह गरज-हवा के साथ फुहारें भी पड़ीं। मौसम विभाग ने पूरे दिल्ली और एनसीआर में हल्की से मध्यम तीव्रता वाली बारिश के साथ तेज हवा चलने की संभावना पहले से ही जता दी थी। साथ ही कुछ हिस्सों में वर्षा के साथ ही ओलावृष्टि होने की भी संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक, कुछ देर में दिल्ली के कंझावला, मुंडाका, जाफरपुर, नजफगढ़, डेरामंडी और एनसीआर के बहादुरगढ़, गुरुग्राम, मानेसर, सोहना (हरियाणा) भिवारी (राजस्थान) के कुछ स्थानों और आसपास के इलाकों में ओलावृष्टि/वर्षा होने की संभावना है। साथ ही कहा है कि एनसीआर के लोनी देहात, हिंडन एएफ स्टेशन, गाजियाबाद, इंदिरापुरम, छपरौला के आसपास के इलाकों में हल्की से मध्यम तीव्रता वाली बारिश के साथ अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश होगी और 40-60 किमी/घंटा की रफ्तार से तेज हवा चलेगी।

### यीडा सिटी में बनेंगे अनाथालय, विधवा व वृद्धाश्रम

ग्रेटर नोएडा। यीडा सिटी में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के साथ अनाथालय, विधवा और वृद्धाश्रम के लिए भी जमीन आवंटित की जाएगी। जमीन चिह्नित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। लोकसभा चुनाव के बाद योजना लाई जाएगी। अहम बात यह है कि समाज सेवा से जुड़ी नामी-गिरामी संस्थाओं को ही भूखंड आवंटित होंगे। यीडा सिटी में अनाथालय, आश्रम, विधवा और वृद्धाश्रम के लिए कई संस्थाओं ने यमुना प्राधिकरण में संपर्क किया है। इसको देखते हुए प्राधिकरण ने अनाथालय, आश्रम, विधवा, वृद्धाश्रम और बाल गृह सुधार के लिए अलग मानक तय किए हैं। जमीन आवंटित करने से पहले संस्था का नेटवर्थ, तीन वर्षों की ऑडिट बैलेंस शीट, कैशफ्लो, वित्तीय क्षमता और भुगतान पद्धति मदों की जांच पड़ताल की जाएगी। भूमि का आवंटन उसी संस्था को किया जाएगा, जिसकी नेटवर्थ परियोजना लागत की 30 प्रतिशत या उससे अधिक हो। इसके अलावा पुरस्कार प्राप्त संस्थाओं को प्राथमिकता मिलेगी। प्राधिकरण भूमि आवंटन में उन संस्थाओं को प्राथमिकता देगा, जिन्हें बुजुर्गों की सेवा समेत अन्य उत्कृष्ट कार्य करने पर राज्य, राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किया हो।

### ग्रेनो के खिलाड़ियों ने लखनऊ में जीते चार स्वर्ण पदक

ग्रेटर नोएडा। लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में ग्रेनो के पाली गांव स्थित उच्च प्राइमरी विद्यालय की रितिका भाटी ने 600 मीटर की दौड़ और मनीषा भाटी ने लंबी कूद में स्वर्ण पदक जीता है। इसके अलावा अन्य छात्रों ने भी पदक जीते हैं। विजेता छात्र चेन्नई में होने वाली राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। पाली गांव के कोच सोनू भाटी ने बताया कि एचसीएल फाउंडेशन ने 28 और 29 मार्च को लखनऊ के गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। स्वर्ण पदक जीतने वालों में बालिका वर्ग में रुचिका भाटी, मनीषा भाटी, राधिका, चंचल, साक्षी भाटी, भावना भाटी, सोनिका भाटी, सानिया, वंशिका भाटी और बालक वर्ग में तुषार, राहुल भाटी, कार्तिक भाटी, शिवम भाटी, कृष्ण, हिमांशु, वंश भाटी शामिल रहे। इनके अलावा तुषार ने ऊंची कूद में रजत, हिमांशु भाटी ने 600 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीता है।

### भाजपा के मकसद का पर्दाफाश: आतिशी

नई दिल्ली। आप नेता आतिशी ने शुक्रवार को दावा किया कि मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करने के भाजपा के मकसद का अनजाने में ईडी के वकील एएसजी एसवी राजू ने अदालत में पर्दाफाश कर दिया। उन्होंने कहा कि हमें केजरीवाल की कुछ दिन और हिरासत में रखने की जरूरत है, क्योंकि उन्होंने हमें अपने फोन का पासवर्ड नहीं बताया है। आतिशी ने सवाल किया कि ईडी को केजरीवाल के कुछ महीने पुराने फोन का पासवर्ड क्यों चाहिए, जबकि ईडी ने ही बयान दिया कि यह फोन पॉलिसी के दौरान इस्तेमाल नहीं हुआ है। ईडी को किसी जांच के लिए नहीं, बल्कि भाजपा के लिए फोन का पासवर्ड चाहिए। दरअसल, केजरीवाल के फोन में ईडी को लोकसभा चुनाव लड़ने की रणनीति मिलेगी। वह इस फोन से इंडिया गठबंधन के नेताओं से बातचीत करते थे। फोन में आप की ओर से चुनाव लड़ने वाली 23 सीटों का सर्वे और प्रचार का प्लान मिलेगा। लिहाजा, ईडी ने फिर साबित कर दिया है कि वह भाजपा का राजनीतिक हथियार है।


### रोडवेज डिपो के बेड़े से बाहर होंगी 70 बसें

ग्रेटर नोएडा। लोकसभा चुनाव का असर नोएडा-ग्रेनो के यात्रियों पर भी पड़ने वाला है। दोनों डिपो से 15 साल पुरानी 70 बसें बेड़े से बाहर हो जाएंगी। हालांकि अधिकारी दावा कर रहे हैं कि बसों के फेरे बढ़ाकर यात्रियों की समस्या को बढ़ने नहीं दिया जाएगा। परिवहन निगम से 100 नई बसों की मांग भी की गई है। ग्रेनो डिपो से 50 और नोएडा की 22 बसों की मियाद पूरी होने वाली है। बसों को हटाने के लिए सूची निगम को भेजी गई है। यह प्रक्रिया मई से दिसंबर तक चलेगी। इस दौरान हर महीने चार से पांच बसें बेड़े से बाहर हो जाएंगी। उधर, लोकसभा चुनाव के कारण बसों के आने और पत्राचार का मामला अभी ठंडे बस्ते में होने के कारण लोगों को परेशानी उठानी पड़ सकती है। ग्रेटर नोएडा डिपो को पिछले साल जुलाई में 23 नई बसें मिली थीं। सहारनपुर, कासगंज, बाह, सादाबाद, बरसाना, बुलंदशहर समेत रूटों पर बसों का संचालन किया जा रहा है। 15 वर्ष पूरी कर चुकी बसों को मई से बेड़े से बाहर करने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी और दिसंबर तक चलेंगी। शासन से 100 बसों की मांग की गई है।

### खेत में काम कर रही मां-बेटी को पीटा

मोदीनगर। भोजपुर के गांव में दबंगों ने पुरानी रंजिश के चलते खेत में काम रही मां, बेटी को पीटकर घायल कर दिया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। भोजपुर निवासी किरण देवी के पति की मौत हो चुकी है। किरण देवी बच्चों के साथ मिलकर खेती करती हैं। बताया कि बुधवार दोपहर वह अपनी पुत्री मोनिका के साथ खेत पर काम करने गई थी। आरोप है कि इसी दौरान उनसे रंजिश रखने वाले गांव निवासी सुरेन्द्र, महेन्द्र और कुंवरपाल वहां पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए उनकी पिटाई कर दी। धमकाया कि अगर फिर कभी खेत पर गई तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि सुरेन्द्र, महेन्द्र और कुंवरपाल के खिलाफ मारपीट समेत कई अलग-अलग धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### हाईटेंशन की चिंगारी से छह बीघा ईख जली



मोदीनगर। निवाड़ी के गांव एमपी सिखैड़ा में हाईटेंशन लाइन की चिंगारी गिरने से तीन किसानों की लगभग छह बीघा फसल जल गई। किसानों ने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी। किसान कमलेश देवी, लच्छो देवी और देवराज सिंह के खेत के समीप हाईटेंशन लाइन गुजर रही है। किसानों ने बताया कि हाईटेंशन लाइन से निकली चिंगारी के कारण ईख के खेत में आग लग गई। आग के कारण कमलेश देवी व लच्छो देवी की दो-दो बीघा व देवराज सिंह की 1.5 बीघा ईख की फसल जल गई। किसानों ने आरोप लगाया कि हाईटेंशन लाइन काफी समय से जर्जर हालात में है लाइन दुरुस्त करने के लिए कई बार मांग की मगर कोई कार्रवाई नहीं हुई। किसानों ने मुआवजे की मांग की है।

# केजरीवाल ने तानाशाही ताकतों को ललकारा : सुनीता केजरीवाल



नयी दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री व आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने कहा कि उनके पति के रोम रोम में देशभक्ति है और उन्होंने देश के सबसे भ्रष्टाचारी और तानाशाही ताकतों को ललकारा है।

सुनीता केजरीवाल ने शुक्रवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि गुरुवार को श्री अरविंद केजरीवाल ने कोर्ट में अपना पक्ष रखा था। पूरे देश ने सुना। अगर किसी ने अरविंद केजरीवाल के कोर्ट में रखा गया पक्ष नहीं सुना है तो वो जरूर सुनें। उन्होंने कोर्ट के सामने जो कुछ बोला, उसके लिए बहुत हिम्मत चाहिए। अरविंद केजरीवाल सच्चे देशभक्त हैं। बिल्कुल ऐसे ही स्वतंत्रता सेनानी भी अंग्रेजों की तानाशाही से लड़ते थे।

उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल की देशभक्ति उनके रोम-रोम में बसी हुई है। श्री अरविंद केजरीवाल ने देश के सबसे भ्रष्टाचारी और तानाशाही ताकतों को ललकारा है। उन्होंने दिल्लीवालों से कहा कि आपने श्री अरविंद केजरीवाल को अपना भाई-अपना बेटा कहा है। क्या इस लड़ाई में आप अपने भाई-अपने बेटे का साथ नहीं देंगे। हमें पूरा विश्वास है कि हम सब साथ मिलकर यह लड़ाई लड़ेंगे। सुनीता केजरीवाल ने दो वाट्सएप नंबर 8297324624 और 9700297002 जारी किया। उन्होंने कहा कि आज से हम एक अभियान शुरू कर रहे हैं। इस अभियान का नाम 'केजरीवाल को आशीर्वाद' है। इस वाट्सएप नंबर पर श्री अरविंद केजरीवाल को आप अपना आशीर्वाद, शुभकामनाएं, दुआएं व प्रार्थना भेज सकते हैं। अगर कोई और भी संदेश देना चाहें तो वो भी दे सकते हैं। दिल्ली में कई माताओं ने तो अपने बेटे के लिए मन्नत मांगी है। कई बहनों ने भी अपने भाई के लिए मन्नत मांगी है। वह भी दिए गए वाट्सएप नंबर पर लिखकर अपना संदेश भेजें।

उन्होंने कहा कि आपको संदेश भेजने के लिए आप का सदस्य होने की जरूरत नहीं है। आप किसी भी पार्टी से हों या नहीं हों, आप श्री अरविंद केजरीवाल को संदेश जरूर भेजें। सभी युवा, महिलाएं, बुजुर्ग, बच्चे, अमीर-गरीब सब लोग अपने भाई- अपने बेटे अरविंद केजरीवाल को कुछ न कुछ लिखकर जरूर भेजें।

# भांजे ने गोली मारकर मामा पर किया था जानलेवा हमला

गाजियाबाद। गाजियाबाद के थाना मसूरी क्षेत्र के पॉश इलाके गोविंदपुरम बी ब्लॉक में 23 मार्च को अशोक यादव नाम के एक व्यापारी को शाम के समय गोली मार दी गई थी। अशोक यादव पर हुए हमले के मामले में पुलिस ने उनके भांजे और उसके दोस्त को गिरफ्तार किया है।

पुलिस जांच में कई साल पहले अशोक ने आरोपी के पिता पर हवाई फायरिंग कर दी थी। जिसे आरोपी बदला लेना चाहता था। पकड़े गए दो आरोपियों में से एक के पिता दिल्ली पुलिस में दरोगा है तो दूसरे के रिटायर्ड फौजी। गाजियाबाद में एसीपी मसूरी नरेश कुमार सिंह ने बताया 23 मार्च को अशोक यादव को उस समय गोली मार दी गई थी जब वह अपने गोदाम के बाहर खड़े थे। अशोक यादव बिल्डिंग मैटेरियल सप्लाई का काम करते हैं। अशोक को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शुक्रवार को पुलिस ने अशोक यादव के भांजे अभिषेक यादव और उसके दोस्त रॉबिन को गिरफ्तार कर इस मामले का खुलासा किया है।

#### पुलिस ने पिस्टल और बाइक बरामद की

पुलिस के मुताबिक अशोक अभिषेक का मामा लगता है और वर्ष 2016 में अशोक ने अभिषेक के पिता पर हवाई फायरिंग कर दी थी।

जिसको लेकर अभिषेक गुस्से में था। अभिषेक के पिता जहां रिटायर्ड फौजी हैं वहीं रॉबिन के पिता दिल्ली पुलिस में दरोगा है। पुलिस ने जिस पिस्टल से फायरिंग की गई थी और जिस बाइक का इस्तेमाल हुआ था दोनों चीज बरामद कर ली है।

# केजरीवाल के समर्थन में आगे आया संयुक्त राष्ट्र : आप

एजेंसी

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा है कि पार्टी के संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के समर्थन में अब संयुक्त राष्ट्र भी आगे आ गया है।

आप ने शुक्रवार को कहा कि विश्व स्तर पर केजरीवाल के समर्थन में उठ रही आवाजें इस बात का प्रमाण हैं कि उन्होंने सच्ची जनसेवा और क्रांतिकारी विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता कैसे पूरी की है।

आप की पंजाब इकाई ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक का वह वीडियो जारी किया जिसमें उन्होंने कहा, हम उम्मीद करते हैं कि भारत में दुनिया के किसी भी अन्य देश की तरह चुनाव में संवैधानिक और राजनीतिक अधिकारों का संरक्षण हो और चुनाव स्वतंत्र एवं निष्पक्ष तरीके से कराये जायें।

दुजारिक ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि भारत तथा किसी भी अन्य देश में, जहां चुनाव हो रहे हैं, लोगों के राजनीतिक और नागरिक अधिकारों' की रक्षा की जायेगी और हर कोई एक स्वतंत्र एवं निष्पक्ष माहौल में मतदान कर पायेगा।

प्रवक्ता ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और विपक्षी दल कांग्रेस के बैंक खातों से लेन-देन पर रोक के मद्देनजर भारत में आगामी लोकसभा चुनाव से पहले राजनीतिक स्थिति पर एक सवाल के जवाब में गुरुवार को ये बातें कहीं।

आप ने एक बयान में कहा कि जनसेवा और विकास के वादों को सच्चे तरीकों से पूरा करने वाले श्री केजरीवाल के समर्थन में दुनिया भर से आवाजें उठ रही हैं।

### सत्येंद्र जैन की बढ़ीं मुश्किलें, महाठग सुकेश चंद्रशेखर से धन उगाही के मामले में होगी सीबीआई जांच

नई दिल्ली। सत्येंद्र जैन के खिलाफ महाठग सुकेश चंद्रशेखर से 10 करोड़ रुपये की उगाही के मामले में गृह मंत्रालय ने सीबीआई जांच को मंजूरी दे दी है। आप मंत्री सत्येंद्र जैन वर्तमान समय मे जेल में बंद हैं। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने इस साल फरवरी में पीओसी अधिनियम की धारा 17ए के तहत जैन पर मुकदमा चलाने और जांच करने की मंजूरी देने के लिए सीबीआई का प्रस्ताव गृह मंत्रालय को भेजा था। आरोप है कि तिहाड़ जेल में बंद रहने के दौरान शांति और आराम से रहने के नाम पर पैसे मांगे गए थे। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने जैन को गिरफ्तार किया था। वह भी सुकेश के साथ जेल में बंद थे। जेल में बंद जैन ने जेल अधिकारियों पर अपनी मालिश और दूसरी वीआईपी सुविधा प्रदान करने का दबाव डाला था।

# भाजपा की वॉशिंग मशीन में धुलते ही प्रफुल्ल पटेल हुए बेदाग : आप



नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की वॉशिंग मशीन में धुलकर एअर इंडिया के विमानों के पट्टे मामले में घिरे पूर्व नागर विमानन मंत्री प्रफुल्ल पटेल भी अब साफ-सुथरे और बेदाग हो गए हैं।

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता जस्मीन शाह ने संवाददाताओं से शुक्रवार को कहा कि पिछले 10 सालों में देश की जनता ने देखा है कि किस तरह से भाजपा ने दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे असरदार वॉशिंग मशीन का अविष्कार किया है।

भाजपा की यह एक राजनीतिक वॉशिंग मशीन है, जिसमें बड़ी-बड़ी कंपनियों के मालिक और शरत चंद्र रेड्डी जैसे शराब कारोबारी को डालने के बाद जब वो बाहर आते हैं तो झूठे बयान और भाजपा को चुनावी चंदा देते हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की जांच के बाद शरत चंद्र रेड्डी से 55 करोड़ रुपए लिए जाते हैं। साथ ही भ्रष्टाचार में घिरे नेता, जिनके ऊपर गंभीर आरोप लगे हैं उन्हें अपनी पार्टी में ले आया जाता है और फिर धुलाई मशीन में धोकर इन्हें क्लीन चिट दे देती है।

शाह ने कहा कि गुरुवार को जानकारी सामने आई कि श्री पटेल को सीबीआई ने क्लीन चिट दे दी है। यह बहुत बड़ी बात है। एक ऐसा व्यक्ति जिसके ऊपर ईडी और सीबीआई के कई मामले चल रहे थे, उसे एक मामले में प्रधानमंत्री मोदी की सीबीआई ने क्लीन चिट दे दी है। मतलब अब प्रफुल्ल पटेल पर लगा केस खत्म हो गया है।

उन्होंने कहा कि आज पूरे देश के सामने ईडी और सीबीआई का यही तमाशा चल रहा है।

वहीं जब आम आदमी पार्टी की बात आती है तो ये दो साल से फर्जी मुकदमे चलाते हैं और एक के बाद एक समन भेजते हैं।

जांच में इनको एक चवन्नी बरामद नहीं होती है, कोई ठोस सबूत नहीं मिलता है, फिर भी ये हमारे चार बड़े नेताओं को जेल में डाल देते हैं।

जिन लोगों पर भाजपा ने आरोप लगाए और कार्रवाई भी की, लेकिन जब वो भाजपा के साथ आ गए तो पूरा केस रफादफा कर दिया गया। भाजपा ने ईडी-सीबीआई का राजनीतिकरण कर दिया है।

# नहीं चलेगी निजी स्कूलों की मनमानी, बिना अनुमति के नहीं बढ़ा सकेंगे फीस

नई दिल्ली। दिल्ली में सरकारी जमीन पर बने निजी स्कूल शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए फीस नहीं बढ़ा सकते हैं। यदि वह शिक्षा निदेशालय की मंजूरी के बिना फीस बढ़ाते हैं तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में शिक्षा निदेशालय ने एक आदेश जारी किया है। जबकि कुछ स्कूलों ने एक अप्रैल से शुरू होने वाले सत्र 2024-25 के लिए अभिभावकों से पहले ही बढ़ी हुई फीस ले ली है। फीस बढ़ाने की मंजूरी मिलने के बाद वह फिर से एरियर के साथ अभिभावकों से फीस वसूलेंगे। इस कारण से अभिभावक अभी से परेशान हैं।

शिक्षा निदेशालय ने आदेश जारी कर दिल्ली में सरकारी एजेंसी से आवंटित जमीन पर बने स्कूलों से 2024-25 सत्र में फीस बढ़ाने के लिए प्रस्ताव देने को कहा है। स्कूलों को फीस बढ़ाने के लिए प्रस्ताव जरूरी दस्तावेजों व वित्तीय रिकॉर्ड के साथ एक अप्रैल से 15 अप्रैल तक भेजने को कहा है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि प्रस्ताव नहीं भेजने वाले स्कूलों को फीस बढ़ाने की अनुमति नहीं होगी।

शिक्षा निदेशक द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत किसी अधिकारी या दल के माध्यम से स्कूलों द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों की जांच की जाएगी। स्कूलों को सख्त हिदायत दी गई है कि जब तक उनके भेजे गए प्रस्ताव पर शिक्षा निदेशक की स्वीकृति नहीं मिल जाती है तब कोई भी फीस में बढ़ोतरी ना करे। यदि स्कूल फीस बढ़ोतरी का प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं करता, तो वह शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए अपनी फीस में वृद्धि नहीं करेगा।

#### बिना मंजूरी फीस बढ़ाने को गंभीरता से लिया जाएगा

शिक्षा निदेशालय ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि बिना मंजूरी के फीस बढ़ाने की शिकायत मिलने पर इसे गंभीरता से लिया जाएगा। ऐसे में स्कूल के खिलाफ वैधानिक प्रावधानों के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

#### कुछ स्कूल नर्सरी, केजी व पहली कक्षा के लिए बढ़ा चुके हैं फीस

स्कूलों का शैक्षणिक सत्र एक अप्रैल से शुरू होना है और कई स्कूल पहले ही अभिभावकों से 10-12 फीसदी फीस बढ़ाकर ले चुके हैं। अभिभावकों का आरोप है कि फीस बढ़ाने की मंजूरी मिलने पर स्कूल एरियर के साथ फीस फिर से लेंगे। इससे उन्हें एक साल में दो बार बढ़ी फीस देनी होगी।

दिल्ली पेरेंट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष अपराजिता गौतम कहती हैं कि सत्र शुरू होने वाला है उससे दो तीन दिन पहले फीस बढ़ाने के प्रस्ताव मांगने का आदेश निकालना अभिभावकों को गुमराह करने जैसा है।

जबकि निदेशालय को पहले ही अपनी वेबसाइट पर फीस का ढांचा डालना जरूरी है। जिससे अभिभावकों को पता चल सके कि उन्हें किस-किस मद में कितनी फीस देनी है। लेकिन निदेशालय की ओर से ऐसा नहीं किया जाता।

अब यदि किसी स्कूल को जुलाई या अक्टूबर तक फीस बढ़ाने की मंजूरी मिलेगी तो वह एरियर के साथ बढ़ी हुई फीस अभिभावकों से वसूलेगा।

# अचानक ब्रेक लगाने पर टेंपो से टकराई टैक्सी , चालक की मौत

नई दिल्ली। पांडव नगर इलाके में यमुना पुल पर एक टेंपो के ब्रेक लगाने पर पीछे से आ रही एक टैक्सी उससे टकरा गई। हादसे में कार चालक और उसमें सवार दंपति घायल हो गए। सभी घायलों को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने कार चालक मनोज (25) को मृत घोषित कर दिया। दंपति को निजी अस्पताल में रेफर कर दिया गया। पुलिस ने टेंपो चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुनीत कुमार सपरिवार पंचशील, नोएडा एक्सटेंशन में रहते हैं। वह बृहस्पतिवार सुबह टैक्सी लेकर सराय काले खां की ओर जा रहे थे। टैक्सी में उनकी पत्नी श्रुति और तीन साल का बेटा सवार थे। टैक्सी को फिरोजाबाद यूपी निवासी मनोज चला रहे थे। सुबह करीब पांच बजे वह यमुना पुल पर पहुंचे। इसी दौरान आगे चल रहे एक टेंपो चालक ने ब्रेक लगा दिया। मनोज टैक्सी को नियंत्रित नहीं कर पाया और टैक्सी सीधी टेंपो से टकरा गई। हादसे में चालक मनोज, पुनीत और उनकी पत्नी श्रुति गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को अस्पताल लेकर गई। जहां डॉक्टरों ने मनोज को मृत घोषित कर दिया। पुल पर मौजूद सिक्योरिटी गार्ड भूपेंद्र यादव के बयान पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। पुलिस ने टेंपो चालक हापुड़ यूपी निवासी नीरज कुमार (38) को गिरफ्तार कर लिया है।

# गाजियाबाद में व्यापारी के साथ हुई लूट का खुलासा

एजेंसी

गाजियाबाद। गाजियाबाद में 27 मार्च को दिल्ली के स्टील और फर्नीचर व्यापारी के साथ हुई लूट का पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस के मुताबिक व्यापारी ने अपने दो परिचित के साथ मिलकर ही अपने साथ लूट करवाई थी। पुलिस ने व्यापारी समेत लूट करने वाले उसके दो परिचितों को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही लूटे गए पैसे भी बरामद कर लिए हैं।

पुलिस के मुताबिक पुराने लिए गए कर्ज से छुटकारा पाने के लिए व्यापारी ने लूट की ये स्क्रिप्ट तैयार की थी। आरोपियों ने सीसीटीवी से बचने के लिए शर्ट के ऊपर शर्ट पहनी थी। साथ ही हाथ पर बने टैटू को छिपाने के लिए पट्टी बांधी थी।

डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल ने बताया की साहिबाबाद क्षेत्र में मोहन नगर मेट्रो स्टेशन के पास गौरव शर्मा नाम के दिल्ली के स्टील फर्नीचर व्यापारी ने 27 तारीख में यह जानकारी दी थी कि दो बाइक सवारों ने उसके साथ लूट की है।

गौरव शर्मा ने पुलिस को बताया था कि वह दिल्ली से 2 लाख रुपए लेकर मेट्रो से आ रहा था और उसे यह पैसे राजनगर एक्सटेंशन में देने थे। इसी दौरान बाइक पर आए दो बदमाशों ने उसे यह रकम लूट ली। पुलिस को उसी समय से यह लूट की घटना संदिग्ध लग रही थी। उसके पीछे कई कारण थे। गौरव शर्मा ने जहां खुद को जाना बताया था उससे पहले ही मेट्रो स्टेशन पर वह उतर गया था। साथ ही वीवीआईपी आगमन को लेकर सुरक्षा चाक चौबंद थी।

#### परिचितों के साथ रची थी साजिश

पुलिस ने शुक्रवार को इस लूट का खुलासा करते हुए व्यापारी गौरव शर्मा उसका साथी श्याम और आदेश शर्मा को गिरफ्तार कर लिया है। तथाकथित लूटे गए 200000 रुपए और लूट में इस्तेमाल बाइक भी बरामद कि हैं। पुलिस के मुताबिक गौरव शर्मा ने अपने दोनों परिचितों के साथ मिलकर इस लूट को अंजाम दिया। उसके बाद गौरव ने 100000 रुपए लूट करने वाले अपने दोनों जानकारों को दे दिए। साथ ही उसका प्लान था कि जिससे उसने उधार लिया है 100000 रुपए वह उसे लौटा देगा।

### बीएससी छात्रा के साथ कॉलेज में छेड़छाड़ और मारपीट

**मोदीनगर।** मोदीनगर में दिल्ली-मेरठ मार्ग स्थित एक डिग्री कॉलेज परिसर में बीएससी की छात्रा के साथ छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। छेड़छाड़ का विरोध करने पर छात्रा को थप्पड़ जड़े गए। आरोपी युवक काफी समय से छात्रा पर दोस्ती करने का दबाव बना रहा था। पुलिस ने तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है। जिला बागपत के थाना चांदीनगर के एक गांव निवासी 19 वर्षीय युवती मोदीनगर स्थित एक डिग्री कॉलेज में बीएससी दितीया वर्ष की छात्रा है। छात्रा का आरोप है कि साथ पढ़ने वाला एक युवक काफी समय से मेरे पर दोस्ती करने का दबाव बना रहा है। आरोप है कि वह कॉलेज में मेरा पीछा करता और अश्लील कमेंट करता है। आरोप है कि वह अपने साथियों के साथ कॉलेज में मेरे से बात करने के लिए आया। उसने मेरे साथ छेड़छाड़ की। विरोध करने पर बादल चौधरी व आर्यन नामक युवक ने मेरे साथ अश्लील हरकत कर छेड़छाड़ की। इतना ही नहीं विरोध करने पर बादल चौधरी ने मुझे थप्पड़ मारे। किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। छात्रा ने इस संबंध में मोदीनगर थाने में तहरीर दी है।

# 31 मार्च को दिल्ली में महारैली, राहुल गांधी समेत कई दिग्गज नेता होंगे शामिल

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव को लेकर इंडिया गठबंधन की रामलीला मैदान में रविवार को महारैली का आयोजन किया जाएगा। विपक्षी दलों ने महारैली में जन सैलाब जुटने का दावा किया है। वहीं, इसमें किसान-मजदूर, आरडब्ल्यूए से भी लोग शामिल होंगे।

रैली का नारा तानाशाही हटाओ, लोकतंत्र बचाओ होगा। इसे लेकर आम आदमी पार्टी ने लोगों को निमंत्रण पत्र बांटने शुरू कर दिए हैं। शुक्रवार को आप के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कार्यकर्ताओं के साथ करोल बाग के रेगरपुरा में घर-घर जाकर लोगों से महारैली में आने की अपील की। उन्होंने कहा कि आप के मंत्री, विधायक, पदाधिकारी और कार्यकर्ता लोगों को न्यौता दे रहे हैं।

महारैली में इंडिया गठबंधन के बड़े नेता जुटेंगे। इसमें कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, एनसीपी से शरद पवार, शिवसेना से उद्धव ठाकरे, समाजवादी पार्टी से अखिलेश यादव, आरजेडी से तेजस्वी यादव, झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, सीपीआई से डी राजा, टीएमसी से डेरेक ओ ब्रायन, सीपीआई-एम सीता राम येचुरी व पीडीपी से महबूबा मुफ्ती समेत कई अन्य विपक्षी पार्टियों के नेता शामिल होने की संभावना है। इसमें वह केंद्र सरकार व विपक्षी दल के नेताओं की गिरफ्तारी के खिलाफ लोगों के साथ आवाज बुलंद करेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर जनता में भारी आक्रोश है।

राय ने आरोप लगाते हुए कहा कि लोग देख रहे हैं कि भ्रष्टाचारी बीजेपी में शामिल होकर बेदाग हो रहे हैं। दिल्ली के लोग इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि लोगों में इस बात को लेकर गुस्सा है कि आखिर चुने हुए मुख्यमंत्री को किस तरह गिरफ्तार किया गया। महारैली में सभी लोग इन्हीं बातों पर अपनी चिंता व्यक्त करने के लिए इकट्ठा हो रहे हैं।

विपक्ष के चुने हुए मुख्यमंत्रियों को गिरफ्तार किया जा रहा है, वो गलत है और इसके खिलाफ महारैली में आवाज उठाई जाएगी।

#### रैली केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ : राय

राय ने आरोप लगाते हुए कहा कि बृहस्पतिवार को केजरीवाल ने कोर्ट में इस बात का खुलासा किया था कि जिस सरकारी गवाह के आरोपों के आधार पर उनको जेल में डाला गया है, उसी से बीजेपी ने 60 करोड़ रुपये लेकर उसको जमानत दे दी है। यह रैली अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि भाजपा जिन लोगों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाती है, उन लोगों को अपनी पार्टी में शामिल करके सांसद, मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री बना देती है। केजरीवाल को राजनैतिक षड्यंत्र के तहत गिरफ्तार किया है। देश अब इसे और अधिक बर्दाश्त नहीं करने वाला है।

#### महारैली से होगा लोकसभा चुनाव का शंखनाद

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली ने कहा कि कांग्रेस लोकसभा चुनाव प्रचार का शंखनाद रामलीला मैदान की महारैली में 31 मार्च को करेगी।

इस दौरान कांग्रेस अपनी पांच न्याय हिस्सेदारी न्याय, युवा न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय, किसान न्याय से संबंधित 25 न्याय की मांगो को प्रमुखता से उठाएगी। लवली ने पार्टी नेताओं के साथ शुक्रवार को रामलीला मैदान में महारैली की तैयारी का जायजा लिया।

## संपादकीय

# आबादी असंतुलन से उत्पन्न संकट

आबादी असंतुलन एक महत्वपूर्ण मुद्दा है जो विभिन्न देशों के लिए बड़ा संकट बन चुका है। इसके कई पहलू हैं जो समाज, अर्थव्यवस्था, और पर्यावरण को प्रभावित करते हैं। आबादी का असंतुलन गंभीर सामाजिक, आर्थिक, और राजनीतिक संकटों का कारण बन सकता है। आबादी का असंतुलन सामाजिक संकटों का मुख्य कारण बन सकता है। अत्यधिक आबादी से उत्पन्न होने वाली समस्याएं शामिल हैं गरीबी, बेरोजगारी, भू-अधिग्रहण, और सामाजिक असमानता। एक बड़ी आबादी के साथ, संसाधनों का अपव्यय और वित्तीय असमानता भी बढ़ती है। इससे लोगों के बीच टकराव, समाजिक द्वेष, और असहमति बढ़ती है। इस समस्या का समाधान शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, और रोजगार के अवसरों को बढ़ाने में सहायक हो सकता है। समाज के सभी वर्गों के लिए उचित और समान अवसर प्रदान करने के लिए सरकारों को नीतियों को सुधारने और कार्यक्षमता को बढ़ाने की जरूरत होती है। आबादी का अत्यधिक होना आर्थिक संकट के लिए भी एक महत्वपूर्ण कारण हो सकता है। बढ़ती आबादी के साथ, अवसरों की कमी होती है, जो अधिक बेरोजगारी, कम मजदूरी, और आर्थिक असमानता को लाते हैं। इससे उत्पन्न होने वाले संघर्ष सामाजिक और आर्थिक संकटों को बढ़ाते हैं। इस समस्या का समाधान आर्थिक विकास और सामाजिक सुरक्षा के लिए नीतियों को मजबूत करके किया जा सकता है। सामाजिक योजनाओं, ऋण योजनाओं, और उचित आर्थिक नीतियों के माध्यम से, सरकारें आर्थिक संकटों को समाधान करने का प्रयास कर सकती हैं। अत्यधिक आबादी भूमि, जल, और वायुमंडल के संरक्षण के लिए भी एक बड़ी चुनौती है। जल, हवा, और भूमि के संसाधनों का अत्यधिक उपयोग और अपव्यय अत्यधिक आबादी के कारण होता है, जिससे पर्यावरणीय संकटों जैसे कि जलवायु परिवर्तन, वनों का कटाव, और प्रदूषण बढ़ता है। इस समस्या का समाधान जल, हवा, और भूमि संसाधनों के सही उपयोग और प्रबंधन में समाहिति है। शिक्षा, संवेदनशीलता, और प्रौद्योगिकी के उपयोग के माध्यम से, हम संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ा सकते हैं और पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं। आबादी का अत्यधिक होने से उत्पन्न संकटों में से एक है आधारभूत सेवाओं की कमी। लोगों की संख्या के वृद्धि के साथ, सामुदायिक सेवाओं की जरूरत भी बढ़ती है, जैसे कि शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, और जल संसाधन। इससे विकासशील और उदारीकृत समाज के लक्ष्य में बाधाएँ आती हैं।

इस समस्या का समाधान सामुदायिक संगठनों, सरकारी नीतियों, और व्यक्तिगत योजनाओं के माध्यम से किया जा सकता है। नीतियों को उत्तरदायित्वपूर्ण और प्रभावी ढंग से कार्यान्वित करने के लिए सहयोग और समर्थन की जरूरत होती है। आबादी का असंतुलन एक गंभीर मुद्दा है जिसका समाधान आम जनता, सरकारें, और अन्य संगठनों के संयमित प्रयासों की आवश्यकता है। सही नीतियों, शिक्षा, और सामाजिक संजालों के माध्यम से, हम संकटों का सामना करने और उन्हें समाधान करने के लिए तैयार हो सकते हैं। यह न केवल समाज और अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि हमारे पर्यावरण के लिए भी।

# 100 बेरोजगारों में 83 युवा, देश की ताकत में कैसे होगा इजाफा!

बेरोजगारी की दुखद तस्वीर के बीच एक खराब स्थिति यह है कि इस दौरान ठेकेदारी प्रथा में वृद्धि हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, संगठित क्षेत्रों में भी कुल कर्मचारियों का कुछ फीसद हिस्सा ही नियमित है और वे दीर्घकालिक कांट्रैक्ट के दायरे में आते हैं।

अर्थव्यवस्था की चमकती तस्वीर के बीच अगर बेरोजगारी के आंकड़े में युवाओं की हिस्सेदारी चिंताजनक स्तर तक दिखाई देने लगे तो सोचने की जरूरत है कि विकास के रास्ते में इस मसले का क्या हल है! हालांकि हाल के वर्षों में युवाओं की संख्या और ऊर्जा को देश की ताकत के तौर पर पेश किया गया और उन्हें विकास का वाहक बताया गया है, लेकिन अब अगर युवाओं का ज्यादातर हिस्सा बेरोजगारी की समस्या का सामना कर रहा है तो उसे कैसे देखा जाएगा?

गौरतलब है कि मानव विकास संस्थान यानी आइएचडी के साथ मिल कर अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन यानी आइएलओ ने मंगलवार को 'इंडिया एंप्लायमेंट रपट 2024' जारी की है।

इस रपट में बताया गया है कि देश में अगर बेरोजगार लोगों की कुल संख्या एक सौ है तो उसमें तिरासी लोग युवा हैं। अगर देश की बेरोजगारी की तस्वीर में तिरासी फीसद युवा दिख रहे हैं, तो इससे कैसे देश की ताकत में इजाफा हो रहा है?

भारत में बेरोजगारी की स्थिति पर तैयार इस अहम रपट में कुछ विरोधाभासों पर भी गौर करने में मदद मिलती है। माना जाता है कि बेरोजगारी की समस्या काफी हद तक शिक्षा और कौशल विकास के अभाव का भी नतीजा है।

मगर आइएलओ की रपट के मुताबिक, देश के कुल बेरोजगार युवाओं की तादाद में करीब दो दशक पहले के मुकाबले अब लगभग दोगुनी बढ़ोतरी हो चुकी है। खासतौर पर कोरोना महामारी के असर वाले वर्षों में इसमें तेज गिरावट दर्ज की गई।

वर्ष 2000 में पढ़े-लिखे युवा बेरोजगारों की संख्या रोजगार से वंचित कुल युवाओं में 35.2 फीसद थी, वहीं 2022 में यह बढ़ कर 65.7 फीसद हो गई। यह स्थिति तब है, जब इस अध्ययन में उन पढ़े-लिखे युवाओं को भी शामिल किया गया, जिन्होंने कम के कम दसवीं तक की शिक्षा हासिल की हो।

इस आलम एक जटिल स्थिति यह पैदा होती है कि जितने लोगों को रोजगार मिल सका, उनमें से नब्बे फीसद श्रमिक अनौपचारिक काम में लगे हुए हैं, जबकि नियमित काम का हिस्सा बीते पांच वर्षों में काफी कम हो गया है। हालांकि सन 2000 के बाद इसमें बढ़ोतरी दर्ज की गई थी।

बेरोजगारी की दुखद तस्वीर के बीच एक खराब स्थिति यह है कि इस दौरान ठेकेदारी प्रथा में वृद्धि हुई है। रपट के मुताबिक, संगठित क्षेत्रों में भी कुल कर्मचारियों का कुछ फीसद हिस्सा ही नियमित है और वे दीर्घकालिक अनुबंधों के दायरे में आते हैं।

ऐसी स्थिति में अंदाजा लगाया जा सकता है कि आजीविका से जुड़ी व्यापक असुरक्षा की स्थितियों का लोगों के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता होगा। विडंबना यह है कि बढ़ती बेरोजगारी के साथ घटती आय का सामना कर रहे परिवारों में सीधा असर यह पड़ता है कि बच्चों और खासतौर पर लड़कियों की शिक्षा बाधित होती है।

आखिर क्या कारण है कि देश में गरीब और हाशिये के तबकों के बीच दसवीं के बाद पढ़ाई छोड़ने की दर आज भी उच्च स्तर पर बनी हुई है? आधी-अधूरी शिक्षा और कौशल के अभाव की समस्या का सामना करते युवा वर्ग की जगह अर्थव्यवस्था में कहां और किस रूप में है? राजनीतिक नारेबाजी में देश में युवाओं की बढ़ती तादाद और ताकत को एक उम्मीद के तौर पर पेश करने में कोई कमी नहीं की जाती है। मगर वादों या घोषणाओं के नीतिगत स्तर पर जमीन पर उतरने की हकीकत कई बार उसके उलट होती है। सवाल है कि इस विरोधाभासी स्थिति के रहते विकास की राह कहां पहुंचेगी!

# आखिर वकीलों ने वकीलों के खिलाफ चिट्ठी क्यों लिखी ?



-ललित गर्ग-



न्यायिक बिरादरी में गलत को सही ठहराने के लिये एक-दूसरे के पैरों के नीचे से फट्टा खींचने की कोशिशें अक्सर होती रही है। भले ही इससे देश कमजोर हो, राष्ट्रीय मूल्यों पर आघात लगता हो। लोकतंत्र के चार स्तंभों में महत्वपूर्ण इस न्यायिक बिरादरी ने राजनीतिक अपराधियों, घोटालों और भ्रष्टाचार के दोषियों को बचाने के लिये शीर्ष वकीलों का एक समूह सक्रिय है, यह हमारी न्याय व्यवस्था का स्वाभाविक हिस्सा है, जो चिन्ता का बड़ा कारण है। वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे और बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा सहित पूरे भारत से 600 से अधिक वकीलों ने प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखकर इन लगातार बढ़ रही राजनीतिक अपराधियों को बचाने की स्थितियों पर चिंता जताई गई है, निश्चित ही इन वकीलों का यह प्रयास सराहनीय एवं राष्ट्रीयता से प्रेरित है। न्यायिक प्रक्रिया में हेरफेर करने, अदालती फैसलों को प्रभावित करने और निराधार आरोपों और राजनीतिक एजेंडे के साथ न्यायपालिका की प्रतिष्ठा धूमिल करने के प्रयास करने वाले 'निहित स्वार्थी समूह' की निंदा व्यापक स्तर पर होनी ही चाहिए। एक प्रश्न यह भी है कि आखिर वकीलों को वकीलों के खिलाफ चिट्ठी क्यों लिखनी पड़ी?

न्यायपालिका को प्रभावित करने की इन घातक एवं अराष्ट्रीय कोशिशों के खिलाफ 600 वकीलों की चिन्ता गैरवाजिब नहीं है। वकीलों की यह जागरूकता न्याय-प्रक्रिया की प्रतिष्ठा एवं निष्पक्षता के लिये जरूरी हो गयी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वकीलों के इस सार्थक एवं प्रासंगिक प्रयास की सराहना की है। उन्होंने कहा कि दूसरों को डराना और धमकाना पुरानी कांग्रेस संस्कृति है। प्रधानमंत्री ने कहा, पांच दशक पहले ही उन्होंने प्रतिबद्ध न्यायपालिका का आह्वान किया था-वे बेशर्मी से अपने स्वार्थों के लिए दूसरों से प्रतिबद्धता चाहते हैं लेकिन राष्ट्र के प्रति किसी भी प्रतिबद्धता से बचते हैं। कोई आश्चर्य नहीं कि 140 करोड़ भारतीय उन्हें अस्वीकार कर रहे हैं।' हमारे राष्ट्र की न्यायिक बिरादरी का यही पवित्र दायित्व है तथा सभी वकील भगवान् और आत्मा की साक्षी से इस दायित्व को निष्ठा व ईमानदारी से निभाने की शपथ लेते हैं। लेकिन अभी कुछ वर्षों से देख रहे हैं कि हमारे वकीलों का एक खास वर्ग भारतीय न्याय-प्रक्रिया की पवित्रता और गरिमा को अनदेखी किये जा रहा है। चिंता का बड़ा कारण यह है कि यह समूह अपने पक्ष में ऐसे दबाव बना रहा है, जिससे न्यायपालिका की अखंडता के लिए खतरा पैदा हो रहा है। लेकिन पिछले दो दशक से न्यायमूर्तियों में ज्यादा जिम्मेदारी, सजगता व संवेदना देखने को मिली है और उन्होंने देशहित में किसी भी आर्थिक या राजनीतिक दबाव में झुकना स्वीकार नहीं किया है।

आजादी के बाद से हमारे देश में एक खास किस्म का वकीली समूह विकसित हुआ है, जिन्हें सत्ताधारी पार्टियों का संरक्षण एवं प्रोत्साहन मिलता रहा है, वे अपराधों पर परदा डालने एवं खुंखार अपराधियों एवं संगीन आरोपों से घिरे राजनीतिक अपराधियों को बचाने में सिद्धहस्त होकर मोटी कमाई के साथ राजनीतिक पदों पर आसीन होते रहे हैं। बड़े लोगों एवं राजनेताओं के मामलों में अक्सर ऐसे बड़े वकील ही सामने आते हैं और वकीलों के बीच आय की असमानता से भी यही पता चलता है कि राजनीतिक एवं आर्थिक रूप से सक्षम लोग न्याय पाने में आम लोगों से ज्यादा संभावना वाले होते रहे हैं। आम जनता के लिये महंगी होती कानून व्यवस्था एवं निष्पक्ष न्याय की नाउम्मीदी भी ऐसे ही स्वार्थी वकीलों से उपजी है। इसी बड़ी विसंगति एवं विडम्बना ने राजनीति में अपराध को भी प्रोत्साहन दिया है। इससे वकीलों का पेशा विवादास्पद भी बना है एवं न्याय-प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर भी प्रश्नचिन्ह लगते रहे हैं।

प्रश्न है कि आखिर वकीलों को ऐसी चिट्ठी लिखने की जरूरत क्यों पड़ी। क्योंकि इन दिनों कुछ राजनेता कठघरे में खड़े हैं और उन्हें बचाने के लिए वकीलों का एक खास समूह सक्रिय है, जो सत्य को ढंकने की कुचेष्टा करते हुए राजनीतिक हित में तथाकथित अपराधियों को बचाने के लिये विभिन्न तरीकों से काम करता है। ऐसे स्वार्थी वकील एक खास अंदाज में कथित बेहतर अतीत और अदालतों के सुनहरे दौर की झूठी कहानियां गढ़ते हैं, इसे वर्तमान में होने वाली घटनाओं से तुलना करते हैं। ये और कुछ नहीं बल्कि जानबूझकर दिए गए बयान हैं, जो अदालत के फैसलों को प्रभावित करने और कुछ राजनीतिक लाभ के लिए अदालतों को शर्मिंदा करने के लिए दिए गए हैं। यह देखना परेशान करने वाला है कि कुछ वकील दिन में राजनेताओं का बचाव करते हैं और फिर रात में मीडिया के माध्यम से न्यायाधीशों को प्रभावित करने की कोशिश करते हैं। ऐसे स्वार्थी वकीलों का यह कहना कि अतीत में अदालतों को प्रभावित करना आसान था, उन पर जनता के विश्वास को हिला देता है। इसीलिये वकीलों के दूसरे पक्ष को पत्र लिखने की जरूरत पड़ी, ऐसे पत्र लिखने का कोई राजनैतिक उद्देश्य नहीं, बल्कि नैतिक एवं राष्ट्रीय आग्रह है। इस पत्र में सुप्रीम कोर्ट से अनुरोध किया गया है कि वे इस तरह के हमलों से हमारी अदालतों को बचाने के लिए सख्त और ठोस कदम उठाएं। वकीलों ने चिंता जाहिर की कि 'विशेष ग्रुप' अदालतों की कार्यवाही में बाधा डालने की कोशिश कर रहे हैं। खासकर उन मुद्दों पर बाधा डालने की कोशिश की जा रही है, जो मामले राजनेताओं और राजनीतिक दलों से जुड़े हैं। इस तरह की रणनीति हमारी अदालतों को नुकसान पहुंचा रही हैं और हमारे लोकतांत्रिक ढांचे को खतरे में डालती हैं। वकीलों का आरोप है कि उनकी हरकतों से राष्ट्रीयता, विकास, विश्वास और सौहार्द का माहौल खराब हो रहा है, जो न्यायपालिका की कार्यप्रणाली की मूलभूत विशेषता है।

चिट्ठी में वकीलों ने न्यायपालिका के समर्थन में एकजुट, समानतापूर्ण, निष्पक्ष रुख अपनाने का आह्वान किया है ताकि ये सुनिश्चित किया जा सके कि न्यायपालिका लोकतंत्र का एक मजबूत स्तंभ बना रहे। निश्चित रूप से न्यायमूर्तियों को नामी वकीलों या रसूखदार आरोपियों के सामने समान रूप से बिना किसी राजनीतिक आग्रह, पूर्वाग्रह या दुराग्रह के व्यवहार करना चाहिए और हमारे न्यायमूर्ति ऐसा ही करते हैं।

फिर भी कहीं शिकायत की गुंजाइश रह जाती है और कुछ वकीलों को मिलकर ऐसे पत्र लिखने की जरूरत पड़ती है तो यह देश की जागरूकता एवं देश के प्रति निष्ठा को ही दर्शाता है। ऐसे पत्रों की आलोचना नहीं की जा सकती, ऐसे पत्र तो राजनीति की दूषित हवाओं को नियंत्रित करने के औजार है। ऐसे पत्र विशेष रूप से न्यायमूर्तियों से ज्यादा सजगता व संवेदना की मांग करते हैं। समाज के राष्ट्र के किसी भी हिस्से में कहीं भी मूल्यों एवं मानकों के विरुद्ध होता है तो यह सोचकर निरपेक्ष नहीं रहना चाहिए कि हमें क्या? गलत देखकर चुप रह जाना भी अपराध है। इसलिये बुराइयों एवं विसंगतियों से पलायन नहीं, उनका परिष्कार होना चाहिए। वकीलों की यह चिट्ठी ऐसे ही परिष्कार का द्योतक है जो लोकतंत्र के साथ-साथ संविधान को सुस्थापित बनाये रखने के लिये अपेक्षित है।

वकीलों के चिट्ठी लिखने वाले समूह के खिलाफ वकीलों का दूसरा समूह सक्रिय हुआ है, उनका सक्रिय होना स्वाभाविक है क्योंकि उनकी मोटी कमाई के साथ गलत मनसूंबों पर पानी फिर गया है। वकीलों के दोनों समूहों के बीच परस्पर आरोप-प्रत्यारोप भी काफी गंभीर व दुखद हैं। चुनावी मौसम में यह एक ऐसा मुद्दा है, जिस पर आने वाले कुछ दिनों तक बहस जारी रह सकती है। मामला वाकई गंभीर है। ध्यान रहे, 600 वकीलों के पत्र में बेंच फिक्सिंग के मनगढ़ंत सिद्धांत के बारे में भी चिंता जताई गई है, जिसके तहत न्यायिक पीठों की संरचना को प्रभावित करने और न्यायाधीशों की ईमानदारी पर सवाल उठाने का प्रयास शायद नया नहीं है।


ऐसे में, यह जरूर कहना चाहिए कि देश में किसी भी स्तंभ या सांविधानिक संस्था की गरिमा धुंधलानी नहीं चाहिए। जनता को न्याय देने वाले मंचों पर अन्याय, स्वार्थ एवं आग्रहों के बादल नहीं मंडराने चाहिए। नया भारत एवं सशक्त भारत को निर्मित करते हुए संविधान को बनाए रखने के लिए काम करने वाले लोगों के रूप में, हमारी अदालतों के लिए खड़े होने एवं उसके अस्तित्व एवं अस्मिता को धुंधलाने के प्रयासों पर कड़ा पहरा देने का समय है।

# शब्दों की महिमा अपरंपार , अक्षर तो नश्वर होते है

शब्दों की महिमा को अपरंपार और अक्षर को नश्वर बताया गया है ।वैसे तो शब्दों की तीव्रता तलवार से ज्यादा नुकीली और भाले से ज्यादा चुभने वाली होती है। तलवार की धार से मनुष्य एक बार बच भी सकता है पर मुंह से बोले गए शब्द व्यक्ति को मृत्यु सा मूर्छित कर देते है। इसीलिए चिंतकों ने कहा है बोलने से पहले कई बार सोचें और बोलने के बाद सोचने वाला व्यक्ति समाज में मूर्खों की श्रेणी में गिना जाता है। राजनीति और कूटनीति में सारी जद्दोजहद शब्दावली और भाषणों की होती है कूटनीति में एक शब्द के कई अर्थ निकाले जाते हैं और उससे अपना हित अहित साधा जाता है। अकबर इलाहाबादी साहब कहते हैं,

खीचों न कमानों को, न तलवार निकालो,
जब तोप मुकाबिल हो तो अखबार निकालो।

मुंह से बोले गए शब्द और वाक्य बहुत सकारात्मक भी हो सकते हैं और बड़े ही भयंकर नकारात्मक भी हो सकते हैं। एक ही शब्द कहीं पर बड़े से बड़ा दंगा करवा सकते हैं और कहीं पर बोले गए प्यार के शब्द बड़े-बड़े विवादों में सुलह करा सकते हैं। शब्द की परिणति उसकी मुक्ति ही करती है। बड़े-बड़े राजनेता अभिनेता अपने मुंह से बोले गए शब्दों से लोकप्रियता के चरम पर पहुंच जाते हैं और कहीं किसी नेता के मुंह से निकला हुआ शब्द बाण समाज में विषाद और जहर भर देता है। शब्दों के जादूगर बड़ी-बड़ी आम सभाओं में सोच समझकर इस्तेमाल कर अपना सार्थक प्रभाव छोड़ते सत्ता परिवर्तन भी शब्दों के माया जाल से हि होता है। अंग्रेजी साहित्य में अरनेस्ट हेमिंग्वे को शब्दों का जादूगर माना जाता था उनके शब्दों का प्रभाव सीधे पाठकों के दिल तक पहुंच जाता था इसी तरह हिंदी में तुलसीदास विश्वव्यापी कवि है उनकी वाणी में सत्य और अमृत है। आधुनिक हिंदी साहित्य मेंअज्ञेय जी को इसी श्रेणी में रखा जा सकता है उनकी शब्दावली कठिन होते हुए भी पढ़ने वालों के मर्म तक पहुंच जाती है। महान कथाकार मुंशी प्रेमचंद हिंदी और देवनागरी लिपि को आत्मसात कर उपन्यास तथा कहानी और लिख कर अमृत्व को प्राप्त किया है। देवकीनंदन खत्री जी ने भी उपन्यासों खाकर चंद्रकांता संतति, भूतनाथ पढ़ने के लिए हिंदी को सीखा और मनन किया और लोकप्रिय उपन्यास की उत्पत्ति की, कबीर अपने फक्कड़पन की भाषा के कारण उत्तर भारत के सभी दिलों में समाए हुए हैं। निसंदेह शब्द जीवंतता प्रदान करते हैं और जीवनशैली को बेहतर बनाने की ओर अग्रसर करते हैं और द्रौपदी द्वारा कहे गए शब्द महाभारत की उत्पत्ति का कारण बनते हैं। इसलिए सदैव कहा जाता है की संभलकर बोलने से सद्गति प्राप्त होती है। इसीलिए तो संभल कर सही और उपयुक्त शब्दों का इस्तेमाल करना चाहिए। जो सदैव अच्छा वक्ता होता है अपने विचारों को संभल कर बोलता है भले ही वह दिलों को ना छुए पर उसका जनमानस को जीतना तय होता है और संसार पर वही राज करता है जो अपने शब्दों का सही इस्तेमाल करता है, गलत शब्द से, गलत संभाषण से गलत विचारों से बोला गया वाक्य प्रलय भी ला सकता है।




# बुंदेलखण्ड और बेमौसम बरसात



डॉ संजय सिंह
राष्ट्रीय संयोजक
जल जन जोड़ो अभियान एवं सचिव
परमार्थ समाज सेवी संस्थान

बुंदेलखण्ड भले ही प्राकृतिक संपदा से भरपूर हो लेकिन यही प्रकृति यहां इस कदर कहर ढाती है कि किसान अब इससे आजिज आ चुके हैं। यहां 80 फीसदी लोग अब भी जीवनयापन के लिए कृषि पर निर्भर हैं लेकिन बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि, सूखा जैसी आपदाएं बुंदेलखण्ड के नक्शे पर स्थायी रूप से दर्ज हो चुकी हैं।

पिछले दिनों हुई तेज बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। बेमौसम हुई बरसात व ओलावृष्टि से फसलों को काफी ज्यादा नुकसान हुआ है। खेत में खड़ी रबी की फसल खेतों में बिछ गई। दूर तक बस सफेद चादर दिख रही थी। चूंकि बुंदेलखण्ड में इस बार खरीफ़ की फसल अच्छी नहीं हुई थी लिहाजा किसानों को उम्मीद थी कि रबी की पैदावार अच्छी होगी। ऐसा हुआ भी। जैसे-जैसे फसल खेतों में खड़ी हो रही थी किसानों की उम्मीद बढ़ रही थी। फरवरी के अंतिम हफ्ते में गेहूं, चना, मटर, सरसों एवं तिलहन की फसल तैयार थी। किसान फसल काटने की तैयारी कर रहे थे। कुछेक दिनों का इंतजार था लेकिन प्रकृति की ऐसी मार पड़ी कि पहले बारिश हुई और बाद में ओलावृष्टि। इसके बाद पिछले 15 दिनों से बुंदेलखण्ड में अतिवृष्टि और ओलावृष्टि जारी है। रबी की फसल पूरी तरह बर्बाद हो चुकी है। ओले इतने बड़े-बड़े थे कि कई घंटों बाद भी वे पिघले नहीं। बड़े-बड़े ओलों से खेतों में सफेद परत बन गई। सबसे ज्यादा तबाही झांसी और निवाड़ी जिले में हुई। इसके अलावा ललितपुर में भी फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। फरवरी महीने में पश्चिमी विक्षोभ के चलते बारिश , आंधी और ओलावृष्टि की वजह से झांसी मंडल में सबसे ज्यादा नुकसान किसानों को हुआ है. हमीरपुर के 51 गांव में 18000 से ज्यादा किसानों की 33 फ़ीसदी से ज्यादा फसलों का नुकसान हुआ है 7 झांसी में भीषण बारिश और ओलावृष्टि ने 145 गांवों में तबाही मचाई थी। यहां की 50 हजार हेक्टेअर



से अधिक कृषि भूमि पर लहलहा रही फसलें चौपट हो गई। कुदरत की इस मार से 68,599 किसानों को 83 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। प्रशासन की रिपोर्ट के अनुसार जालौन जिले के 323 गांवों के 6753 किसानों की 10406.377 हेक्टेयर फसल को नुकसान पहुंचा है।

ओलावृष्टि ने उन किसानों को भी नहीं बख्शा जिन्होंने अपनी फसलों की कटाई शुरू कर दी थी या फिर काट कर खेत पर रखी थीं। हजारों-लाखों रुपये की लागत से तैयार फसले किसानों को एक बार फिर कंगाल कर गई हैं। कर्ज लेकर खेती करने बाले अधिकांश किसान अब सदमे में है उन्हें समझ नही आ रहा कि कर्ज कैसे उतारें। पिछले दिनों हमीरपुर,जालौन एवं झाँसी जनपद में कुछ किसानों ने नुकसान के चलते आत्महत्या कर ली थी । ख़बरों के अनुसार बीते दिनों जालौन में बारिश और ओलावृष्टि से किसानों की फसलें खराब हो गईं, जिससे किसान परेशान हैं। इसी से आहत होकर एक किसान ने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। हमीरपुर में किसान ने अपने छोटे भाई से छः बीघा खेत लिया था , जिसमें उसने सरसों व चना बोया था। जो ओलावृष्टि से नष्ट हो गई थी। उसने समूह से करीब एक लाख रूपये लिए थे। जो फसल होने पर उसे चुकाना था, लेकिन फसल नष्ट होने से वह परेशान रहता था। परेशानी में आकर उसने आत्महत्या कर ली।

बुंदेलखण्ड के मामले में ये स्थिति इसलिए विकट है कि ये केवल एक या दो सालों की कहानी नहीं है। बल्कि पिछले 10 सालों से लगातार ऐसा होता चला आ रहा है। बेमौसम की बारिश, ओलावृष्टि, सूखा किसी की बेटी का ब्याह रोक देता है तो किसी की मां का इलाज। किसी के बेटे की पढ़ाई छूट जाती है तो कोई कर्ज उतारते-उतारते दुनिया से चला जाता है। बुंदेलखण्ड इलाके में 19वीं और 20वीं सदी के दौरान कुल 12 बार सूखा देखने को मिला हैं आंकड़ों के मुताबिक कह सकते हैं कि 16-17 वर्ष में एक बार सूखा पड़ा है। वहीं एक सरकारी रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 1968 में बुंदेलखण्ड में पहली बार सूखे जैसे हालात नजर आए और 2004-2005 से लगातार सूखे की स्थिति बनी हुई है। यहां के लोग इन प्राकृतिक आपदाओं के साथ जीने के लिए अब मजबूर हो चुके हैं। तपती धूप और सर्द हवाओं में कड़ी मेहनत के बावजूद किसानों को अपनी फसलों को औने-पौने दामों में बेचना पड़ता हैं या वो आपदा की भेंट चढ़ जाती है। यही कारण है कि वे पलायन करने को भी मजबूर हो रहे हैं।

किसानों को अब सरकार से मुआवजे की उम्मीद है। हालांकि नुकसान होने पर बीमा राशि से हर प्रकार का मुआवजा उन्हें मिलना चाहिए लेकिन पिछले रिकार्डों को देखे तो फसलों में 33त्न से कम नुकसान होने पर किसानों को मुआवजा नहीं दिया जाता है। हालाँकि मुआवजे से कभी किसानों की कभी भरपाई नहीं हो पाती हैं और किसान यहाँ कर्ज के बोझ में लगातार दबा जा रहा है इसके कारण वह खेती छोड़ने को मजबूर है । इस इलाके के लिए अलग से एक कृषि नीति बनाने की जरूरत है । बुंदेलखंड को देश के अलग हिस्सों से देखकर इस इलाके के लिए एक विशेष कृषि आधारित पैकेज बनाये जाएँ जिससे किसान इन प्राकृतिक आपदाओं से जूझते हुए इस इलाके में अपने जीवन यापन के लिए सही ढंग से जी सके 7 साथ ही जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभावों को कम करने के लिए एक समग्र कार्ययोजना बनाने की जरूरत है।

## शार्ट न्यूज

### गोंडा में युवक का का मिला शव

गोंडा। गोंडा जिले में नवाबगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत के रहने वाला एक 22 वर्षीय युवक का आज धानेपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया है। मृतक युवक कल अपनी बुआ के घर धानेपुर जाने के लिए निकला था, लेकिन आज धानेपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव के पास संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव मिलने से हड़कंप मचा गया। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर क्षेत्राधिकारी सदर, धानेपुर पुलिस के साथ मौके पर पहुंची मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा कराकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज आगे की जांच में जुटी हुई है। दरअसल नवाबगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत परबतिया गांव के रहने वाले 22 वर्ष सूरज निषाद कल देर शाम धानेपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित नौडिहवा गांव में अपनी बुआ के यहां जाने के लिए निकला था। लेकिन देर रात होने पर भी अपनी बुआ के घर नहीं पहुंचा जब परिजनों ने युवक के नंबर पर फोन कर संपर्क करने का प्रयास किया तो संपर्क भी नहीं हो सका। लेकिन आज सुबह 10ः00 बजे के करीब धानेपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत उज्जैनी कला ग्राम पंचायत के दुबे पूरवा मजरे के पास स्थित बलुहाघाट के पास संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव मिलने से हड़कंप मंचाया गया।

### जुमे की नमाज को लेकर अलर्ट रहा प्रशासन

प्रतापगढ़। मुख्तार अंसारी की मौत के बाद यूपी हाई अलर्ट पर है, जहां आज जुमे की नमाज को देखते हुए प्रतापगढ़ पुलिस अलर्ट पर रही। प्रतापगढ़ डीएम और एसपी ने चौक घंटाघर जामा मस्जिद जगह-जगह पैदल गस्त की। संवेदनशील इलाकों में पुलिस लगातार भ्रमण करती रही। ड्रोन कैमरे से निगरानी की जा रही है। प्रतापगढ़ प्रयागराज बॉर्डर के देल्हूपुर बाजार पुलिस अलर्ट पर रही। जुमे की नमाज को लेकर एसओ ने अर्धसैनिक बल के साथ पैदल गश्त की। मुख्तार अंसारी की मौत के बाद यूपी हाई अर्लट पर है। यहां आज प्रतापगढ़ में जुमे की नमाज को लेकर प्रतापगढ़ डीएम संजीव रंजन, एसपी सतपाल अंतिल ने भारी पुलिस बल के साथ चौक घंटाघर अम्बेडकर चौराहे भगवा चुंगी पंजाबी मार्केट जामा मस्जिद समेत जगह-जगह पैदल की। वहीं, ड्रोन कैमरे से निगरानी की जा रही है। आपको बताते चलें कि यूपी में हाई अलर्ट धारा 144 लगाई गई है। पट्टी तहसील क्षेत्र में जगह-जगह अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गेश सिंह के साथ भारी पुलिस के अर्धसैनिक जवान के साथ गांव मोहल्ले और चौराहे पर पैदल गश्त की। मस्जिदों के बाहर पुलिस बल तैनात रही। ड्रोन कैमरे की निगरानी की जा रही है। प्रतापगढ़ प्रयागराज बॉर्डर के देल्हूपुर बाजार पुलिस अलर्ट पर रही। मुख्तार अंसारी की मौत के बाद जुमे की नमाज को लेकर पुलिस मुस्तैद रही।

### लखीमपुर में ट्रैक्टर की टक्कर से बच्ची की मौत

लखीमपुर-खीरी। लखीमपुर में एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने 6 साल की बच्ची को रौंद दिया। घर वाले बच्ची को लेकर जिला अस्पताल गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। ट्रैक्टर चालक टक्कर मारकर फरार हो गया। खमरिया- परसिया रोड पर अल्लीपुर गांव के पास स्थित संतोषी माता मंदिर के समीप अपने मौसा के यहां से होली का त्योहार मनाकर अपने माता-पिता के साथ घर जा रही 6 साल की आम्रपाली पुत्री राममूर्ति निवासी लालपुर मुन्नुपुरवा को पीछे से तेजगति आ रहे हैरो जुड़े ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। रौंदते हुए चालक ट्रैक्टर लेकर भाग निकला। इसको देख आम्रपाली के साथ में मौजूद उसके माता-पिता व राहगीर उसे लेकर जिला अस्पताल गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं, घटना की सूचना मिलते ही खमरिया पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और हादसे की जांच पड़ताल कर कार्रवाई शुरू कर दी है। इस दौरान मृतका के परिजनों ने बताया कि ट्रैक्टर पप्पू उर्फ सुमित पुत्र गजोधर निवासी तमोलीपुर अल्लीपुर थाना खमरिया चला रहा था, जो घटना को अंजाम देकर खेतों में भाग निकला। उपनिरीक्षक सुनील बाबू अवस्थी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### बाइक चुराने वाले गैंग का खुलासा

अलीगढ़। अलीगढ़ में में वाहन चोर गैंग का खुलासा किया है। दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, 6 वाहन बरामद हुए हैं। आरोपियों ने पुलिस को बताया है कि यह चोरी के वाहनों को दूसरे राज्यों और जिलों से चोरी करते थे। जिसके बाद उसे अलीगढ़ लाकर बेचते थे। वहीं अलीगढ़ से जो वाहन चोरी करते थे, उसे दूसरे राज्य में ले जाकर बेचते थे। इनका नेटवर्क कई राज्यों में फैला हुआ है। पुलिस ने अरोपियों के पास से चोरी के कई वाहन बरामद किए हैं। पुलिस ने वाहन चोर गैंग के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इसमें से एक आरोपी अलीगढ़ का रहने वाला है, जबकि दूसरा आरोपी कासगंज का रहने वाला है। पुलिस ने योगेश पुत्र चरन सिंह निवासी नगला नायक थाना दादो और कासगंज निवासी हरवेन्द्र पुत्र विजय सिंह निवासी गांव ववनपुर थाना सुनगढी जिला कासगंज को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी के 6 वाहन बरामद किए हैं। इसमें 5 मोटर साइकिल हैं, जबकि 1 थ्री व्हीलर वाहन है। चोरी किए गए वाहन दिल्ली, हाथरस और आसपास के जिलों से चोरी किए गए थे। पुलिस की जांच में पता चला है कि वाहन चोरी के मुकदमे भी दर्ज है। बरामद हुई पांच बाइकों की चोरी के मुकदमे दिल्ली और हाथरस के थानों में दर्ज हैं। वहीं चोरी किया गया थ्री व्हीलर ऑटो भी दिल्ली नंबर का है। आरोपियों ने दिल्ली से ही ऑटो भी चोर किया था और उसे लेकर अलीगढ़ आ गए थे।

### पुलिस ने तीन शातिर ठगों को किया गिरफ्तार

मिर्जापुर। मिर्जापुर में जमीन की नीव खुदाई के दौरान दबे खजाना को निकालने के नाम पर ठगी करने वाले 3 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से ठगी किए गए रुपयों में से 25 हजार नगद व 7 पीली धातु की सिल्ली बरामद किया गया। चील्ह थाना में तहरीर पड़ने के बाद सक्रिय हुई पुलिस को सफलता मिली। पकड़े गए आरोपी जिले के जगदीश यादव व महमूद उर्फ बुलबुल चील्ह थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं, जबकि चन्द्रिका प्रसाद रोहनिया वाराणसी का रहने वाला है। इसका खुलासा एसपी सिटी नितेश सिंह ने पुलिस लाइन में पत्रकार वार्ता के दौरान किया। कानूनी कार्रवाई करते हुए आरोपियों को जेल भेजा गया। क्षेत्र के मठना निवासी दिलीप कुमार यादव पुत्र राजेश यादव ने नामजद तहरीर दिया। जिसमें आरोपियों के विरूद्ध नींव की खुदाई से खजाना प्राप्त होने व डरा-धमका कर पैसे की वसूली कर 4.52 लाख की ठगी करने का आरोप लगाया गया था। तहरीर के आधार पर थाना चील्ह पर मामला दर्ज कर विवेचना प्रारम्भ की गई। पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन ने ठगी की घटना को गंभीरता से लेते हुए अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में थाना प्रभारी चील्ह को वारदात के आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए।

### बदायूं में असलहा फैक्ट्री पकड़ी

बदायूं। बदायूं में पुलिस ने अवैध असलहों की फैक्ट्री संचलित होते पकड़ी है। असलहा बनाने वाला एक व्यक्ति भी दबोचा है। इसके पास से भारी मात्रा में बने और अधबने असलहा बरामद हुए हैं। आरोपी का चालान करके कोर्ट ले जाने से पहले पुलिस ने उसे एसपी सिटी अमित किशोर श्रीवास्तव के सामने पेश किया। यहां एसपी सिटी ने घटनाक्रम के बारे में पुलिस लाइन सभागार में विस्तार से जानकारी दी। एसपी सिटी ने बताया कि एसएचओ अलापुर धनंजय सिंह ने अपनी टीम के साथ मुखबिर की सूचना पर अलई नगला रोड पर वाल्मीकि शमशान भूमि के पास एक व्यक्ति को असलहा बनाते हुए पकड़ लिया। आरोपी ने पूछताछ में अपना नाम ओमप्रकाश उर्फ कल्लू निवासी गांव अठर्रा कुनिया थाना अलापुर बताया। आरोपी ने कबूला कि चुनाव का समय है, ऐसे में अवैध हथियारों के तमाम ग्राहक मौजूद हैं। कम लागत में अधिक मुनाफे वाले इस कारोबार को वह कई दिन से जगह बदल-बदलकर कर रहा था और असलाहे बनाकर बेच रहा था। पुलिस ने आरोपी के पास से दो पौनिया, 12 बोर का तमंचा, चार तमंचे 315 बोर के बरामद किए। इनके अलावा आठ अधबने तमंचे, 12 बोर की छह बैरल व 315 बोर की आठ बैरल भी मिलीं। कारतूस के दो खोखे भी आरोपी के पास से मिले। इसके अलावा एक सडासी, एक प्लास, दो छैनी, एक रेती, हथौड़ी, रुखाना, दो ब्लेड, पांच स्प्रिंग, लोहे की पत्ती का बंडल, रिंच, पेच समेत धौकनी आदि सामान बरामद किया है। इन्हीं उपकरणों के जरिये असलहा का निर्माण आरोपी करता था।

# मुख्तार की मौत के मामले की होगी न्यायिक जांच



बांदा। उत्तर प्रदेश के बांदा में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने शुक्रवार को माफिया सरगना मुख्तार अंसारी की मृत्यु के न्यायिक जांच के आदेश दिए। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भगवान दास गुप्ता ने अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एमपी/ एमएलए कोर्ट) गरिमा सिंह को जांच अधिकारी नामित करते हुए जांच रिपोर्ट एक माह के अंदर प्रेषित करने का आदेश दिया। यह आदेश न्यायालय द्वारा बांदा जिला कारागार के वरिष्ठ अधीक्षक द्वारा शुक्रवार को दोष सिद्ध/ विचाराधीन बंदी मुख्तार अंसारी की मृत्यु की सूचना भेजने के साथ न्यायिक जांच के लिये जांच अधिकारी नामित करने की याचना पर दिए गए। आदेश की प्रतिलिपि जिला न्यायाधीश , जिला मजिस्ट्रेट को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई के लिये भेजी गई। साथ ही जिला कारागार अधीक्षक को 63 वर्षीय मुख्तार अंसारी की मृत्यु/ इलाज से संबंधित सभी प्रपत्र और अन्य जो भी प्रलेख जांच से संबंधित तो हो जांच अधिकारी को तीन दिन के अंदर उपलब्ध कराने के भी आदेश दिए गए।

### बागपत में भाजपा-रालोद कार्यकर्ताओं में मारपीट

मेरठ। बागपत में गठबंधन के साथी भाजपा और रालोद के कार्यकर्ताओं के बीच जमकर मारपीट हुई। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर जमकर लात-घूसे बरसाए। घटना का वीडियो भी तेजी से वायरल हो रहा है। मामला बृहस्पतिवार देर शाम का है। दरअसल, रालोद-भाजपा गठबंधन प्रत्याशी डॉ. राजकुमार सांगवान का छपरौली क्षेत्र के तिलवाड़ा गांव में जनसंपर्क कार्यक्रम था। इसमें छपरौली विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता भी मौजूद थे। ये लोग डॉ. राजकुमार सांगवान को अपने घर चाय पर लेकर जाने के लिए कहने लगे। इस पर वहां मौजूद कई रालोद कार्यकर्ताओं ने इस पर आपत्ति जताई। इसे लेकर भाजपा नेता और रालोद कार्यकर्ताओं में कहासुनी होने लगी। जो बाद में मारपीट में बदल गई।

## बस्ती : 34 हजार सीसीटीवी रखेंगे चुनाव पर पैनी नजर

एजेंसी

बस्ती। उत्तर प्रदेश में बस्ती परिक्षेत्र के तीनों जिलों बस्ती, सिद्धार्थनगर तथा संतकबीर नगर में लोकसभा चुनाव के दौरान 34 हजार से अधिक सीसी टीवी कैमरों से निगरानी की जायेगी और इसकी मानीटरिंग पुलिस अधीक्षक कार्यालयों तथा परिक्षेत्रीय कार्यालय से करायी जायेगी।

शुक्रवार को पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) आरके भारद्वाज ने बताया कि बस्ती परिक्षेत्र के तीनों जिलो बस्ती, सिद्धार्थनगर तथा संतकबीर नगर मे लोकसभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए तेजी से तैयारी की जा रही है, अपराधियों के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही जारी है। परिक्षेत्र के तीनों जिलों में 34 हजार 214 सीसीटीवी कैमरों से निगरानी करायी जायेगी सभी सीसीटीवी कैमरों को सक्रिय मूड मे रखा गया है इसकी मानीटरिंग पुलिस अधीक्षक कार्यालयों तथा परिक्षेत्रीय कार्यालय से की जायेगी।

लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया छठवें चरण में शुरू होगा। 25 मई को मतदान तथा 4 जून को गिनती करायी जायेगी। पर्चा दाखिला से लेकर मतगणना प्रक्रिया तक पूरे परिक्षेत्र में

सुरक्षा के लिए विशेष व्यवस्था की गयी है। उन्होंने बताया कि परिक्षेत्र में समाज में भय और आतंक पैदा करने वाले 45 हजार 358 व्यक्तियों को चिन्हित करके उन्हे आईपीसी की धारा 107 में पाबंद किया गया है तथा 204 अपराधियों के विरूद्ध गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गयी है।

## आजमगढ़ में गैर इरादतन हत्या मामले में 5 साल कारावास

आजमगढ़। आजमगढ़ कोर्ट ने गैर इरादातन हत्या के मामले में सुनवाई पूरी करने के मामले में सजा सुनाई है। अदालत ने एक आरोपी को पांच वर्ष के सश्रम कारावास तथा तीन हजार रुपए अर्थ दंड भी लगाया है। यह फैसला जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजीव शुक्ला ने शुक्रवार को सुनाया। अभियोजन कहानी के अनुसार जीयनपुर थाना क्षेत्र के बैरीडांड निवासी राजेंद्र की गांव के ही हरिश्चंद्र से जमीनी विवाद की रंजिश चली आ रही थी। इसी रंजिश के कारण हरिश्चंद्र व छह नाबालिग लड़को ने 8 जून 2013 की शाम चार बजे वादी मुकदमा राजेंद्र के साले के लड़के सुरेंद्र को बुरी तरह से लाठी डंडा से मारा पीटा।

### 11 गवाहों की हुई गवाही

इस मामले में इन चोटों के कारण शहर के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में 19 जून को सुरेंद्र की मौत हो गई। पुलिस ने जांच पूरी करने के बाद हरिश्चंद्र के विरुद्ध चार्जशीट न्यायालय में प्रस्तुत किया।

अभियोजन पक्ष की तरफ से जिला शासकीय अधिवक्ता प्रियदर्शी पियूष त्रिपाठी शिवाश्रय राय तथा आनंद सिंह ने कुल 11 गवाहों को न्यायालय में परीक्षित कराया।

## प्रेमी के लिए पति की हत्या...गमछे से घोटा गला

### सीने पर बनवा रखा है प्रेमी के नाम का टैटू, पुलिस ने दोनों को किया गिरफ्तार

**रेनूकोट, सोनभद।** सोनभद्र के पिपरी नगर पंचायत के वार्ड नंबर-1 में 25 मार्च होली की रात हुए हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। झारखंड के रहने वाले वीरेंद्र की हत्या उसकी पत्नी अनीता ने अपने प्रेमी सत्या उर्फ सुजीत के साथ मिल कर की थी।

पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पूछताछ में दोनों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है, और बताया कि दोनों ने ही मिलकर वीरेंद्र की हत्या की। पुलिस के कड़ाई से पूछने पर वीरेंद्र की पत्नी अनीता पूरे घटना क्रम के बारे में बताया।



सत्या और अनीता को पुलिस ने किया गिरफ्तार।

सोनभद्र के पिपरी नगर पंचायत के वार्ड नंबर-1 में 26 मार्च मंगलवार सुबह एक युवक का शव उसके ही घर के बरामदे में पाया गया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज मामले की जांच पड़ताल में जुट गई थी। युवक की पहचान वीरेंद्र गोस्वामी (40) के रूप में हुई थी।

परिजन ने वीरेंद्र की हत्या की आशंका जताई थी। परिजन ने पुलिस से का था कि वीरेंद्र का होली के दिन सोमवार को एक युवक से विवाद हुआ था। इसी लिए उसकी हत्या की गई है। पुलिस ने आशंका के आधार पर एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की। लेकिन पुलिस को कुछ भी नहीं मिला।

#### झारखंड का रहले वाला था वीरेंद्र

बता दें कि वीरेंद्र मूलरूप से रामबगीचा बिशनपुरा झारखंड का रहने वाला था। 2010 अनीता के साथ उसकी शादी हुई। वह 2013 में ही काम के सिलसिले में रेणुकूट आ गया। यहीं पर ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड में काम करने लगा। वो अपनी पत्नी और दोनों बच्चों को भी साथ लेकर यहीं रहा था। क्राइम इंस्पेक्टर श्री राम यादव ने बताया पति-पत्नी में अक्सर विवाद होता रहता था पुलिस ने बताया कि आसपास की महिलाओं के अनुसार उसका पति भी उसे शक की निगाह से देखता था जिसकी वजह से दोनों में अक्सर विवाद होता था।

## फर्रुखाबाद में कन्नौज के युवक की हत्या


### निर्माणाधीन भवन से शव हुआ बरामद, गांव के दोस्त ने विवाद के बाद की हत्या

फर्रुखाबाद। फर्रुखाबाद में कन्नौज से लापता हुए युवक की हत्या कर दी गई। इस घटना को अंजाम उसके दोस्त ने अपने साथियों के साथ मिलकर दी। पहले आरोपी दोस्त पुलिस को गुमराह करता रहा। सख्ती से पूछताछ करने के बाद उसने घटना कबूल ली।

आरोपित ने बताया कि उसने युवक का शव संकिसा नगर पंचायत के निर्माणाधीन भवन में दबा दिया है। जिसके बाद पुलिस ने युवक के शव को नगर पंचायत के निर्माणाधीन भवन के अंदर गड्ढे से खोदकर बाहर निकाल लिया।

#### दोस्त ने बजरंगी को जान से मारने की धमकी दी थी

कन्नौज की कोतवाली छिबरामऊ क्षेत्र के ग्राम पूंजेपुर निवासी आटा चक्की




मालिक नरेश चंद्र तिवारी व गांव सब सुख नगला निवासी आरोपित युवक को लेकर पुलिस मेंरापुर थाने पहुंची। थाने में नरेश चंद्र ने बताया कि गांव सबसुख नगला निवासी 20 वर्षीय युवक अंकुश उर्फ बजरंगी शाक्य उनकी चक्की पर कर्मचारी हैं। उसका गांव के ही दोस्त से विवाद चल रहा है। दोस्त ने बजरंगी को जान से मारने की धमकी दी थी।

#### चालक ने भी रुपए देने से मना कर दिया था

होली के दूसरे दिन उसका दोस्त बजरंगी को लेकर उसकी चक्की पर पहुंचा और तीन सौ रुपये (300) मांगे। उन्होंने यह कहकर रुपए देने से मना कर दिया था कि बजरंगी अभी नशे में है उसे दूसरे दिन रुपए दे देंगे। इसके बाद दोस्त बजरंगी को लेकर उसके चालक जितेंद्र कुमार जाटव के घर गया। चालक से भी रुपए मांगे थे लेकिन चालक ने भी रुपए देने से मना कर दिया था।

#### आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है

इसके बाद दोस्त बजरंगी को जबरदस्ती अपने साथ लेकर चला गया था। जबकि बजरंगी उसके साथ जाना नहीं चाहता था। गुरुवार को बजरंगी दुकान पर नहीं आया तो उन्होंने उसके भाई आनंद से पूछा। आनंद ने बताया कि बजरंगी घर से गायब है।

मामले पर एसपी विकास कुमार ने बताया ने संकिसा में निर्माणाधीन भवन से युवक का शव बरामद कर लिया गया है। पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## बुलंदशहर में पकड़ी गई 120 पेटी अंग्रेजी शराब



बुलंदशहर। बुलंदशहर में शुक्रवार को पुलिस ने दो जगहों पर अवैध शराब पकड़ी। स्याना के अलावा डिबाई नगर कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत कर्णवास चौकी के अनूपशहर तिराहे पर एक सूचना पर स्वाट टीम व डिबाई पुलिस ने अवैध शराब पकड़ी। पुलिस ने टाटा कैन्टर में शराब से भरी हुई गाड़ी को चालक के साथ पकड़ लिया। यह अवैध शराब टाटा कैन्टर में कपड़ों की कतरन से भरे हुए बोरों के नीचे छिपायी गयी थी। यह अवैध शराब गोवा मार्का की थी। 120 पेटियों के साथ आरोपण साकिर पुत्र महमूद अली निवासी खरदौनी को पुलिस के द्वारा गिरफ्तार करके थाने में लाया गया। पुलिस के द्वारा आरोपी के आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाई जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक रण सिंह, कर्णवास चौकी इंचार्ज संजीव कुमार, विलियम सिंह एवं मनोज कौशिक आदि रहे। बताया गया कि इस शराब का इस्तेमाल लोकसभा चुनावों में होना था।

## अलीगढ़ में दुष्कर्मी को हुई 20 साल की कैद

एजेंसी

अलीगढ़। अलीगढ़ में नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के मामले में न्यायालय ने दोषी को 20 साल सख्त कारावास की सजा सुनाई है। सजा सुनाने के साथ ही न्यायलय ने दोषी के ऊपर आर्थिक दंड भी लगाया है, जो उसे न्यायालय में जमा कराना होगा।

स्पेशल कोर्ट पॉस्को एक्ट ने सारे मामले की सुनवाई की और सजा सुनाई है।

कोर्ट में पीड़िता के बयान हुए थे, जिसमें उसने दोषी को पहचान लिया था, वहीं पुलिस की ओर से भी न्यायालय में मेडिकल साक्ष्य, गवाह प्रस्तुत किए गए, जिसके आधार पर आरोपी को दोषी मानते हुए सजा दी गई है।

पीड़िता को इस मामले में 5 साल बाद न्याय मिला है। उसके अकराबाद निवासी भाई ने 2018 में थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। पीड़ित भाई ने बताया था कि धनोली चिनोली निवासी सोमेंद्र पुत्र नवीन 3 अक्टूबर 2018 को उसकी नाबालिग बहन का अपहरण करके अपने साथ ले गया था।

आरोपी उसकी बहन को एक बंद मकान में ले गया था, जहां जाकर आरोपी ने पीड़िता के साथ मारपीट की और उसके साथ दुष्कर्म किया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी थी और फिर छोड़कर भाग गया था।

पीड़िता ने घर आकर अपने परिजनों को सारी बात बताई थी, जिसके बाद भाई ने अकराबाद थाने में मुकदमा दर्ज कराया था।

### अयोध्या में अनियंत्रित ट्रक ने मजदूर को कुचला

अयोध्या। अयोध्या के नवीन मंडी के ओवरब्रिज के नीचे ट्रक ने अज्ञात मजदूर को कुचला दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ट्रक छोड़कर ड्राइवर फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक युवक की पहचान की जा रही है। नगर कोतवाली क्षेत्र के नवीन सब्जी मंडी के पास दोपहर एक मजदूर की ट्रक ने कुचल दिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत बताया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शव की शिनाख्त नहीं हुई है। पुलिस शिनाख्त में जुटी है। नगर कोतवाली पुलिस ने बताया ट्रक को कब्जे में लेकर ट्रक ड्राइवर की तलाश की जा रही है। शव के पास से किसी प्रकार की आईडी कार्ड बरामद नहीं हुआ, जिससे उसकी पहचान हो सके।

## शामली में तमंचा फैक्ट्री का खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार

### भारी मात्रा में बने अधबने तमंचे बरामद

शामली। शामली की सदर कोतवाली पुलिस ने सूचना पर छापेमारी करते हुए कडेला गांव के पास से एक तमंचा बनाने की फैक्ट्री का खुलासा किया है। छापेमारी में पुलिस ने एक आरोपी को बड़ी मात्रा में तमंचे और जिंदा कारतूस व हथियार बनाने के समान और मशीन आदि उपकरण मौके से बरामद किए हैं। इस दौरान एक मुख्य आरोपी फरार होने में कामयाब रहा, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। वहीं पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पकड़े गए आरोपों पर करीब एक दर्जन से ज्यादा मुकदमे पंजीकृत है।



दरअसल, आपको बता दें कि मामला शामली जनपद की सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव कडेला का है। जहां के जंगलों में तमंचा फैक्ट्री चल रही थी। वहीं तमंचा फैक्ट्री की सूचना मिलते ही शामली कोतवाली पुलिस ने घेराबंदी करते हुए छापेमारी की। मौके से एक आरोपी को बड़ी मात्रा में तैयार किए हुए तमंचे और अध बने हुए तमंचे के साथ गिरफ्तार किया है।

पकड़ा गया आरोपी झिंझाना थाना क्षेत्र के कस्बा झिंझाना मोहल्ला तलाही निवासी महबूब पुत्र मुन्ना है। जिस पर करीब एक दर्जन आपराधिक मुकदमे जनपद के अलग-अलग थाना में दर्ज है। पकड़े गए आरोपी महबूब पुत्र मुन्ना का एक साथी फरार होने में कामयाब रहा। जो तैयार हुए तमंचे की सप्लाई करने में एक्सपर्ट था।

वहीं इस मामले में अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह का कहना है कि सदर कोतवाली पुलिस ने अवैध रूप से तमंचा बनाने की फैक्ट्री का खुलासा किया है, जिसमें एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है जबकि उसका एक साथी फरार होने में कामयाब रहा। पुलिस ने मौके से पांच देसी बने हुए तमंचे वह कुछ पद बने तमंचे और तमंचा बनाने के उपकरण वह मशीन बरामद की है।

## हाथरस में रिश्तेदार ने की थी किशोरी की हत्या

हाथरस। हाथरस में पुलिस ने एक किशोरी की हत्या के मामले में उसके रिश्तेदार को गिरफ्तार किया है। उसका यह रिश्तेदार इस किशोरी को अपने साथ ले गया था और फिर किशोरी की हत्या कर उसके शव को आम के बाग में फेंक दिया था। पूछताछ में यह भी बात सामने आई है कि युवक पहले अपनी पत्नी की भी हत्या कर चुका है। कस्बा सिकंदराराऊ की रहने वाली एक 14 साल की किशोरी को उसका एक रिश्तेदार फिरोज पुत्र कल्लू खां निवासी गोपी थाना अकराबाद जिला अलीगढ 26 मार्च को अपने साथ ले गया था।

इसके बाद जब किशोरी वापस लौटकर नहीं आई तो परिवार के लोगों ने दोनों की तलाश की। अगले दिन सिकंदराराऊ में किशोरी की लाश अलीगढ़ रोड पर हरिसिंह एकेडमी के पास आम के बाग में पड़ी मिली। इस मामले में फिरोज के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया था। पुलिस ने अब हत्यारोपी फिरोज को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं परिजनों ने रेप का विरोध करने पर हत्या की आशंका जताई है।

### तीन आरोपियों को मिली सात-सात साल की सजा

बुलंदशहर। बुलंदशहर नगर कोतवाली क्षेत्र में साल 2012 में गोली मारकर युवक की हत्या की कोशिश करने के मामले में न्यायालय ने तीन अभियुक्तों को दोषी माना है। न्यायालय ने तीनों दोषियों को सात-सात साल कारावास और 55-55 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी नितिन त्यागी ने बताया कि 15 नवंबर 2012 को कोतवाली नगर में परवेज निवासी नरसलघाट कोतवाली नगर, आबिद उर्फ बच्चा पहलवान और जावेद निवासीगण मोहल्ला रुकनसराय कोतवाली नगर द्वारा मोहल्ला निवासी जावेद को जान से मारने की नियत से फायर कर घायल कर दिया गया था।

## शार्ट न्यूज

### फोनपे के यूजर अब यूएई में कर सकेंगे यूपीआई

**नयी दिल्ली।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की यात्रा करने वाले फोनपे ऐप के यूजर अब यूपीआई से भुगतान कर सकेंगे। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि मशरेक के नियोपे टर्मिनल पर यूपीआई से पेमेंट कर सकते हैं। ये कई रिटेल स्टोर, डाइनिंग आउटलेट के साथ-साथ पर्यटक और घूमने-फिरने की मशहूर जगहों पर उपलब्ध हैं। आसान और तुरंत पेमेंट करने के लिए, यूजर को सिर्फ़ क्यूआर कोड स्कैन करना होगा। ये लेनदेन, यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफ़ेस (यूपीआई ) के ज़रिए पूरे किए जाते हैं। सभी लेनदेनों की प्रक्रिया भारतीय रुपये में की जाती है। ऐसा पारदर्शिता और भारतीय पर्यटकों को सहूलियत देने के लिए किया जाता है। इसके अलावा, वे प्रवासी भारतीय भी फोनपे ऐप डाउनलोड कर सकते हैं जिनके पास यूएई के मोबाइल नंबर हैं और पेमेंट की सुविधा का इस्तेमाल करने के लिए, वे अपने मौजूदा एनआरई और एनआरओ खाते लिंक कर सकते हैं। इसका उद्देश्य भारतीय प्रवासियों के लिए यूएई में लेनदेन को ज़्यादा आसान और सुविधाजनक बनाना है। इस भागीदारी को एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड और मशरेक बैंक की साझेदारी से पूरा किया गया था।

### सरकार ने अब तक की रिकॉर्ड एक करोड़ टन से ज्यादा गेहूं की खरीद

मुंबई। सरकार ने इस साल समय से पहले शुरू हुई खरीद में 27 मार्च तक रिकॉर्ड 1.02 करोड़ टन गेहूं की खरीदारी की है। एक साल पहले की समान अवधि में यह आंकड़ा 10,000 टन रहा था। दरअसल, इससे पहले गेहूं की सरकारी खरीद कभी भी 22 मार्च से पहले नहीं हुई ?थी। इस बार भारतीय खाद्य निगम ने पहले करते हुए 10 मार्च से पहले ही गेहूं की खरीद शुरू कर दी थी। इसमें पहली सफलता उसे 13 मार्च को राजस्थान के झालावाड़, फिर मध्य प्रदेश और अब उत्तर प्रदेश के ललितपुर से मिली है, जहां से खरीद शुरू हो गई है। इस क्रम में सबसे ज्यादा उत्पादन वाले राज्य पंजाब और हरियाणा में गेहूं की खरीदारी एक अप्रैल से शुरू होगी। केंद्र सरकार ने इस सत्र के लिए गेहूं की खरीदारी का लक्ष्य 3.2 करोड़ टन रखा है। आरबीआई ने कहा कि एक अप्रैल को आरबीआई के क्षेत्रीय कार्यालयों में 2000 रुपये के नोटों को बदलने या जमा करने की सुविधा बंद रहेगी। खातों के वार्षिक समापन के कारण केंद्रीय बैंक ने यह फैसला लिया है। यह सुविधा मंगलवार को फिर से शुरू हो जाएगी। चावल शिपमेंट पर ज्यादा शुल्क लगने से देश के शीर्ष चावल निर्यातकों ने निर्यात की कीमत बढ़ा दी है। 5 फीसदी टूटे उबले किस्म के चावल की कीमत इस सप्ताह 550 से 558 डॉलर प्रति टन थी। इस महीने की शुरुआत में कीमतें 560 डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थीं।

### अडाणी ग्रुप की कच्छ कॉपर ने प्रोडक्शन शुरू किया

नई दिल्ली। अडाणी ग्रुप की कंपनी कच्छ कॉपर ने मुंद्रा स्थित ग्रीनफील्ड कॉपर रिफाइनरी प्रोजेक्ट में प्रोडक्शन शुरू कर दिया है। कंपनी ने इस रिफाइनरी से कैथोड का पहला बैच कस्टमर्स को भेज भी दिया है। इसके साथ ही ग्रुप ने मेटल इंडस्ट्री में अपना पहला कदम भी रख लिया है। अडाणी ग्रुप ने इस प्लांट में 1.2 बिलियन डॉलर (करीब 10,008 करोड़ रुपए) इन्वेस्ट किया है। कॉपर स्मेल्टिंग के इस प्लांट को दो फेज में पूरा किया जाना है, जिसके पहले फेज में 5 लाख टन कॉपर का सालाना प्रोडक्शन होगा। वहीं, दूसरे फेज में इतने ही (5 लाख टन सालाना) क्षमता वाला एक और प्लांट बनाया जाएगा। यानी टोटल 10 लाख टन सालाना प्रोडक्शन के साथ यह सिंगल लोकेशन में स्थित दुनिया का सबसे बड़ा मेटल स्मेल्टर होगा। कंपनी ने आज यानी गुरुवार 28 मार्च को एक्सचेंज फाइलिंग में इस बात की जानकारी दी है। कच्छ कॉपर ने कहा कि इससे 2,000 डायरेक्ट और 5,000 इनडायरेक्ट नौकरियों के ऑप्शन खुलेंगे। भारत ने कॉपर प्रोडक्शन क्षमता को तेजी से बढ़ाकर चीन और दूसरे देशों की लिस्ट में शामिल हो गया है। भारता अपने जरूरतों का 90 प्रतिशत कॉपर साउथ अमेरिका सहीत कई अन्य देशों से इंपोर्ट करता है। 2023 में भारत ने करीब 13 लाख टन कॉपर बाहर से खरीदा था, इस साल इसके बढ़कर 20 लाख टन होने की उम्मीद है।

### अब इंश्योरेंस पॉलिसी खरीदना और क्लेम करना होगा आसान, जल्द लॉन्च होगा पोर्टल

भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण ने 2047 तक सभी नागरिकों तक बीमा सेवाएं पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए IRDAI ने 19 मार्च को इंश्योरेंस ई-मार्केट प्लेस 'बीमा सुगम' को मंजूरी दे दी है। इरडा जल्द ही 'बीमा सुगम' पोर्टल को लॉन्च करेगी। इस पोर्टल के लाइव होने के बाद एक ऐसा इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार होगा, जहां सभी बीमा कंपनियों की जानकारी एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होगी। बीमा सुगम एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है जहां पर सभी बीमा कंपनियों की जानकारी उपलब्ध होगी। यह प्लेटफॉर्म इंश्योरेंस सेक्टर के लिए एक ई-मार्केटप्लेस की तरह काम करेगा। लोगों के लिए बीमा पॉलिसी खरीदना बेहद आसान हो जाएगा। इस पोर्टल पर सभी बीमा कंपनियों के प्रोडक्ट उपलब्ध होंगे। ग्राहक सभी बीमा प्रोडक्ट्स की तुलना कर अपने लिए एक बेहतर पॉलिसी खरीद सकते हैं। IRDAI ने एक बयान में कहा कि यह बीमा सेक्टर के सभी हितधारकों जैसे ग्राहक, बीमा कंपनी, मध्यस्थों और एजेंटों के लिए वन-स्टॉप सॉल्यूशन प्लेटफार्म की तरह काम करेगा। इससे पूरे बीमा सेक्टर में पारदर्शिता, दक्षता और सहयोग बढ़ेगा। पोर्टल पर सभी बीमा कंपनियों के वेबसाइट या एजेंट्स से संपर्क करने का ऑप्शन दिया जाएगा।

### भारत और चीन के व्यापारिक आंकड़ों में बढ़ रहा फर्क, डेटा में पाई जा रही खामियां

भारत और चीन के बीच गहराता तनाव अब व्यापार में भी दिखने लगा है। 1900 के पहले का एक दौर था जब भारत के कई बड़े उद्योगपति जैसे टाटा ग्रुप और वाडिया ग्रुप को अपने व्यापार का विशाल साम्राज्य खड़ा करने में मदद मिली। 19वीं सदी यानी 1800 की बात की जाए तो एक और दिलचस्प बात सामने निकल कर आती है। डेटा से पता चलता है कि उस समय दुनिया भर के व्यापार का 50 फीसदी हिस्सा सिर्फ भारत और चीन के बीच होता था। मगर अब देखा जाए तो दोनों देशों के बीच व्यापार के हालिया आंकड़े एक अजीब स्थिति दर्शाते हैं। भारत से चीन को जाने वाला माल चीन से भारत आने के मुकाबले काफी कम है। चीन भारत को अरबों डॉलर ज्यादा का माल निर्यात करता है। दोनों देशों के सरकारी आंकड़ों के आधार पर बिज़नेस स्टैंडर्ड की कैलकुलेशन से पता चलता है कि जनवरी तक यह अंतर बढ़कर 19 अरब डॉलर हो गया है। ऐसी स्थितियां दूसरे देशों में भी देखी गई है और इस तरह की विसंगतियों के कई मायने हो सकते हैं। इन अंतरों की कैलकुलेशन करते समय देखा जाता है कि क्या उसमें माल ढुलाई और बीमा लागत शामिल है या क्या शिपमेंट मूल्यों का हिसाब उस अंतिम देश या मूल देश द्वारा किया जाता है, जहां से निर्यात किया गया है। इसके अलावा, व्यापार धोखाधड़ी एक और मामला हो सकता है जिसके चलते कैलकुलेशन में खामियां आ सकती हैं।

### प्रमुख सब्सिडी में सरकार की बचत पर नजर

सरकार ने वित्त वर्ष 2024 के लिए प्रमुख मदों पर सब्सिडी के कुल संशोधित बजट अनुमान का 87 प्रतिशत या 3.6 लाख करोड़ रुपये खर्च किए हैं। महालेखा महानियंत्रक (सीजीए) के ताजा आंकड़ों के मुताबिक यह राशि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में हुए बजट अनुमान के 88 प्रतिशत खर्च के करीब बराबर है। आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि फरवरी 2024 तक सरकार का बाह्य वित्तपोषण, संशोधित अनुमान के 148 प्रतिशत पर पहुंच गया है, जो पिछले साल फरवरी तक 118 प्रतिशत था। कुल प्रमुख सब्सिडी में खाद्य सब्सिडी पर कुल खर्च, संशोधित अनुमान का 84 प्रतिशत है, जो पिछले साल फरवरी तक 78 प्रतिशत था। विशेषज्ञों का कहना है कि कम खरीद, कम खाद्य सब्सिडी की एक वजह हो सकती है। पोषक पर आधारित उर्वरक सब्सिडी पर सरकार का खर्च भी पिछले साल की तुलना में कम रहा है। यह फरवरी 2024 तक संशोधित अनुमान का 100 प्रतिशत खर्च हो चुका है, जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 102 प्रतिशत खर्च हुआ था। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा, 'ऐसा लगता है कि खाद्य और उर्वरक सब्सिडी दोनों पर होने वाले खर्च में बचत होगी।

# नए वित्तीय वर्ष में बदल जाएंगे कई नियम

**एजेंसी**

नई दिल्ली। एक अप्रैल 2024 से नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत हो जाएगी। इसके साथ ही आपकी जेब पर असर डालने वाले कई नियम भी बदल जाएंगे। ऐसे में जरूरी है कि आप चालू वित्तीय वर्ष के बचे हुए दिनों में अपने कुछ पेंडिंग काम निपटा लें, नहीं तो आपको परेशानी हो सकती है। आइए जानते हैं एक अप्रैल 2024 से कौन-कौन से अहम बदलाव होने हैं।

### एनपीएस में बदलाव

नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत के साथ ही नेशनल पेमेंट सिस्टम से जुड़े नियमों में बदलाव होने वाला है। एक अप्रैल से एनपीएस के खाते में लॉगिन करने के लिए टू फैक्टर ऑथेंटिकेशन जरूरी हो जाएगा। ऐसे में ग्राहकों के लिए समय रहते इससे जुड़ी प्रक्रिया के बारे में जान लेना जरूरी है।

### फास्टैग से जुड़े नियमों में बदलाव

एक अप्रैल 2024 से फास्टैग से जुड़े कुछ नियम भी बदल रहे हैं। अगर आपने अब तक अपनी कार के फास्टैग की बैंक केवाईसी पूरी नहीं की है तो एक अप्रैल से शुरू होने वाले नए वित्तीय वर्ष में आपको परेशानी झेलनी पड़ सकती है। ऐसे में जरूरी है कि आप 31 मार्च 2024 से पहले ही अपने फास्टैग की केवाईसी से जुड़ी प्रक्रिया पूरी कर लें। अगर आपने ऐसा नहीं किया तो आपका फास्टैग खाता बैंक की ओर से निष्क्रिय या ब्लैकलिस्ट किया जा सकता है। अगर ऐसा होता है तो फास्टैग खाते में मौजूद बैलेंस का इस्तेमाल करने में भी आपको परेशानी हो सकती है।

### ईपीएफओ के खाताधारकों को मिलेगी राहत

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन यानी ईपीएफओ से जुड़े नियम भी एक अप्रैल 2024 से बदलने वाले हैं। इस बदलाव से इपीएफओ ग्राहकों को राहत मिलने वाली है।

दरअसल, एक अप्रैल से खाताधारकों को नौकरी बदलने पर मैनुअल तरीके से अपने पुराने पीएफ बैलेंस को नए अकाउंट में ट्रांसफर करने की जरूरत नहीं रहेगी। ऑटो मोड में ही पुराने पीएफ का बैलेंस नए अकाउंट के साथ जुड़ जाएगा। फिलहाल यूएएन नंबर होने के बावजूद पीएफ खाते का बैलेंस ट्रांसफर करने के लिए ग्राहक को अलग से अनुरोध करना पड़ता था।

### पैन-आधार लिंक

सरकार पैन कार्ड और आधार कार्ड को लिंक करने की डेडलाइन कई बार बढ़ा चुकी है। फिलहाल 31 मार्च 2024 को आधार पैन लिंक करने की आखिरी तारीख है।

यदि 31 मार्च से पहले आपने अपना पैन और आधार कार्ड लिंक नहीं कराया तो आपका पैन कार्ड रद्द हो सकता है। पैन कार्ड निष्क्रिय होने पर आपको कई तरह की परेशानी हो सकती है। उसे दोबारा एक्टिव कराने के लिए आपको 1000 रुपये के जुर्माने का भी भुगतान करना पड़ेगा। ऐसे में जरूरी है कि आप 31 मार्च 2024 से पहले अपना पैन और आधार कार्ड आपस में लिंक करा लें।

### रसोई गैस की कीमतों में बदलाव

सरकार की ओर से हर महीने की एक तारीख को रसोई गैस के कमर्शियल और घरेलू सिलेंडरों के कीमत की समीक्षा की जाती है। हालांकि इस बार लोकसभा चुनाव के कारण आदर्श आचार संहिता लगी हुई है, इसलिए कीमतों में परिवर्तन की गुंजाइश कम है। लेकिन केंद्र सरकार अगर चाहे तो चुनाव आयोग से अनुमति लेकर रसोई गैस की कीमतों में बदलाव का एलान भी कर सकती है।

### केडिट कार्ड के नियमों में बदलाव

एक अप्रैल 2024 से नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत होने के बाद क्रेडिट कार्ड से जुड़े नियमों में भी बदलाव होने हैं। एसबीआई क्रेडिट कार्ड के नियम एक अप्रैल 2024 से बदल जाएंगे।

नए नियमों के अनुसार क्रेडिट कार्ड के जरिए किराए का भुगतान करने पर अब रिवार्ड प्वाइंड नहीं जारी किए जाएंगे। कई अन्य बैंकों के क्रेडिट कार्ड पर भी यह नियम 15 अप्रैल 2024 से लागू हो सकता है।

# शक्कर में उठाव, खाद्य तेलों में तेजी, दलहन मजबूत दाल- चावल सामान्य

इंदौर। सियागंज किराना बाजार में शक्कर में उठाव रहा। खाद्य तेलों में तेजी दर्ज की गई। सोयाबीन रिफाइंड मजबूत बिका। तिलहन में उठाव रहा। दलहन में भाव ऊंचे रहे। दाल तथा चावल में लिवाली साधारण बताई गई।

### किराना बाजार

सियागंज किराना बाजार में शक्कर में खरीदी से भाव मजबूत रहे। आज शक्कर में 04 गाड़ी की आवक हुई। खोपरा गोला लिवाली से ऊंचा रहा। साबूदाना, खोपरा बूरा में मांग साधारण रही। हल्दी में डिमांड रही।

### तेल-तिलहन

खाद्य तेलों में उछाल रहा। मूंगफली तेल में जोरदार तेजी दर्ज की गई। आज मूंगफली तेल 4-5 रुपये प्रति किलोग्राम महंगा बिका। तिलहनों में कामकाज साधारण बताया गया।

दलहनों में मजबूती रही। कारोबार में चना महंगा होकर बिका। दालों में उठाव बताया गया। इस बीच चावल में पूछपरख रही। आने वाले दिनों में सालाना स्टाक करने वालों की मांग रहेगी जिससे भाव सुधार लें सकते हैं।

### किराना

शक्कर 3800 से 3820 रुपये प्रति क्विंटल।

खोपरा गोला 110 से 140 रुपये प्रति किलोग्राम। खोपरा बूरा 2450 से 4450 रुपये प्रति 15 किलोग्राम। हल्दी खडी 220 से 300 रुपये प्रति किलोग्राम। साबूदाना 6000 से 6700, पैकिंग में 7000 से 7100 रुपये प्रति क्विंटल।

### तिलहन

सरसों निमाड़ी 5600 से 6000, सोयाबीन 4400 से 4500 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली तेल इंदौर 1480 से 1510, सोयाबीन रिफाइंड इंदौर 945 से 950, साल्वेंट 900 से 905, पाम तेल 985 से 990 रुपये प्रति 10 किलो।

### दलहन

चना (कांटा) 5800 से 5850, चना विशाल 5400 से 5600, मसूर 5900 से 5950, तुअर निमाड़ी 8700 से 9700, तुअर सफेद (महाराष्ट्र) 10300 से 10400, तुअर (कर्नाटक) 10400 से 10600, मूंग 9000 से 10000, मूंग हल्की 7000 से 8000, उड़द 8800 से 9200, उड़द हल्की 3000 से 5000 रुपये प्रति क्विंटल।

### दाल

चना दाल 7600 से 8100, तुअर दाल सवा नंबर 13100 से 13200, तुअर दाल फूल 13900 से 14000, तुअर दाल बोल्ड 14900 से 15000, आयातित तुअर दाल 12100 से 12200, मसूर दाल 7150 से 7450, मूंग दाल 10500 से 10800, मूंग मोगर 11400 से 11700, उड़द दाल 10900 से 11200, उड़द मोगर 11300 से 11600 रुपये प्रति क्विंटल।

### चावल-पोहा

बासमती 11500 से 12500, तिबार 10000 से 11000, दुबार 8500 से 9500, मिनी दुबार 7500 से 8500, मोगरा 4500 से 7000, बासमती सैला 7000 से 9500, कालीमूंछ 8000 से 8500, राजभोग 6500 से 7500, दूबराज 4000 से 4500, परमल 2800 से 3000, हंसा सैला 2900 से 3100, हंसा सफेद 2500 से 2700, पोहा 4300 से 4800 रुपये प्रति क्विंटल।

### रवा-मैदा

रवा 1680, मैदा 1600, आटा 1570, चना बेसन 3950 रुपये प्रति 50 किलोग्राम।

# दिल्ली थोक जिंस बाजार : जिंसों में टिकाव

नयी दिल्ली। विदेशी बाजारों में तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा। तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अप्रैल का पाम ऑयल वायदा 72 रिंगिट चढ़कर 4328 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायद 0.01 सेंट की तेजी के साथ 48.16सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

### सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे

दाल-दलहन : चना 5800-5900, दाल चना 6800-6900, मसूर काली 7300-7400, मूंग दाल 9800-9900, उड़द दाल 10100-10200, अरहर दाल 12000-12100 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2600-2700 रुपये और चावल : 2800-2900 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस 3740-3840, चीनी एम. 4000-4100, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। खाद्य तेल : सरसों तेल 12014 रुपये, मूंगफली तेल 19780 रुपये, सोया रिफाइंड 10476 रुपये, पाम ऑयल 8466 रुपये और वनस्पति तेल 10000 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

### जीईएम पर चालू वित्त वर्ष में अभी तक खरीद चार लाख करोड़ रुपये के पार, सरकार ने दी जानकारी

नई दिल्ली। देश के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों की अधिक खरीद गतिविधियों से चालू वित्त वर्ष में अभी तक सरकारी मंच जीईएम के जरिए वस्तुओं तथा सेवाओं की खरीद चार लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गई है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। केंद्र सरकार के सभी मंत्रालयों तथा विभागों द्वारा वस्तुओं व सेवाओं की ऑनलाइन खरीद के लिए सरकारी ई-मार्केट (जीईएम) मंच की शुरुआत नौ अगस्त 2016 को की गई थी। जीईएम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पीके सिंह ने पत्रकारों से कहा, " 28 मार्च तक खरीद चार लाख करोड़ रुपये को पार कर गई। यह ऐतिहासिक है।" वित्त वर्ष 2021-22 में खरीद मूल्य 1.06 लाख करोड़ रुपये था और पिछले वित्त वर्ष में यह दो लाख करोड़ रुपये को पार कर गया। उन्होंने कहा कि मंच से सेवाओं की खरीद वित्त वर्ष 2022-23 में 66,000 करोड़ रुपये से बढ़कर चालू वित्त वर्ष में अभी तक 2.05 लाख करोड़ रुपये हो गई है। इसी तरह चालू वित्त वर्ष में 28 मार्च तक मंच से 1.95 लाख करोड़ रुपये की वुस्तुएं खरीदी गई।" वर्तमान में सरकारी विभागों, मंत्रालयों, सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों, राज्य सरकारों तथा केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों को इस मंच के जरिए लेनदेन करने की अनुमति है। दुनियाभर में इस तरह के मंचों की सूची में दक्षिण कोरिया का केओएनईपीएस शीर्ष पर है।

# डीओटी का नाम लेकर मोबाइल नंबर बंद करने की धमकी भरे कॉल से सतर्कत रहने की अपील

नयी दिल्ली। विदेशी मोबाइल नंबर से कॉल करके मोबाइल नंबर बंद करने के धमकी भरे कॉल पर संचार मंत्रालय के दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने परामर्श जारी करते हुये आज कहा कि विभाग अपनी ओर से किसी को भी ऐसी कॉल करने के लिए अधिकृत नहीं करता है और उसने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है तथा ऐसी कॉल प्राप्त होने पर कोई भी जानकारी साझा नहीं करने की अपील की है।

डीओटी ने आज यहां जारी परामर्श में कहा कि लोगों को ऐसे कॉल आ रहे हैं, जिनमें कॉल करने वाले व्यक्ति डीओटी का नाम लेकर उसके सभी मोबाइल नंबर काट देने या उनके मोबाइल नंबर का कुछ अवैध गतिविधियों में दुरुपयोग होने की धमकी दे रहे हैं।

डीओटी ने विदेशी मोबाइल नंबरों से फर्जी सरकारी अधिकारी बनकर लोगों को ठगने वाले व्हाट्सएप कॉल के बारे में भी परामर्श जारी किया है। साइबर अपराधी ऐसी कॉलों के माध्यम से साइबर-अपराध/वित्तीय धोखाधड़ी को अंजाम देने के लिए धमकी देने/व्यक्तिगत जानकारी चुराने की कोशिश करते हैं।

डीओटी ने नागरिकों को संचार साथी पोर्टल की चक्षु-रिपोर्ट संदिग्ध धोखाधड़ी संचार सुविधा पर ऐसे धोखाधड़ी वाले संदेशों की रिपोर्ट करने का परामर्श दिया है। सक्रियता के साथ इसकी रिपोर्ट किए जाने से दूरसंचार विभाग को साइबर अपराध, वित्तीय धोखाधड़ी आदि के लिए दूरसंचार संसाधनों के दुरुपयोग को रोकने में मदद मिलती है।

इसके अलावा, संचार साथी पोर्टल की नो योर मोबाइल कनेक्शंस सुविधा पर नागरिक अपने नाम पर जारी मोबाइल कनेक्शनों की जांच कर सकते हैं और ऐसे किसी भी मोबाइल कनेक्शन की रिपोर्ट कर सकते हैं, जो उन्होंने नहीं लिया है या जिसकी उन्हें आवश्यकता नहीं है।

डीओटी ने पहले से ही साइबर अपराध या वित्तीय धोखाधड़ी के शिकार हो चुके नागरिकों को भी साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 या साइबर अपराध वेबसाइट पर रिपोर्ट करने की सलाह दी है।

# 2047 तक 55 लाख करोड़ डॉलर होगी देश की जीडीपी




नई दिल्ली। भारतीय अर्थव्यवस्था 2047 तक 8 फीसदी की दर से बढ़ सकती है। अगर यह रफ्तार कायम रही तो इस अवधि तक भारत 55 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बन सकता है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में भारत के कार्यकारी निदेशक कृष्णमूर्ति वेंकट (केवी) सुब्रमण्यम ने बृहस्पतिवार को कहा कि यह तभी संभव है, जब देश पिछले 10 वर्षों में लागू की गई अच्छी नीतियों को दोगुना कर सके और सुधारों में तेजी लाए। सुब्रमण्यम ने कहा कि 8 फीसदी की वृद्धि दर महत्वाकांक्षी है क्योंकि भारत पहले लगातार इस रफ्तार से नहीं बढ़ पाया है, लेकिन इसे हासिल किया जा सकता है।

### अर्थव्यवस्था की रफ्तार उम्मीद से बेहतर

भारतीय अर्थव्यवस्था 2023 के अंतिम तीन महीनों में उम्मीद से बेहतर 8.4 फीसदी की दर से बढ़ी। यह पिछले डेढ़ साल में जीडीपी वृद्धि की सबसे तेज रफ्तार है। अक्तूबर-दिसंबर में वृद्धि दर के दम पर चालू वित्त वर्ष के लिए विकास दर अनुमान को 7.6 फीसदी तक बढ़ा दिया गया है।

### इन क्षेत्रों में सुधार की आवश्यकता


आईएमएफ में भारत के कार्यकारी निदेशक ने यह भी कहा कि भूमि, श्रम, पूंजी और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में सुधार की आवश्यकता है। विनिर्माण क्षेत्र में सुधार जरूरी है। इसके साथ ही, हमें विनिर्माण क्षेत्र को कर्ज देने के लिए बैंकिंग क्षेत्र में भी सुधार पर बल देना होगा। सुब्रमण्यम ने कहा, 1991 के बाद से ऐतिहासिक रूप से भारत की औसत आर्थिक वृद्धि दर 7 फीसदी से थोड़ी अधिक रही है। भारत को अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की जरूरत है क्योंकि देश की जीडीपी का लगभग 58 फीसदी घरेलू उपभोग से आता है।

इसलिए, आप जानते हैं...हमारे पास क्षमता है। अगर हम विनिर्माण क्षेत्र को प्रोत्साहित कर पर्याप्त नौकरियां पैदा कर सकें तो इससे बहुत अधिक खपत होगी।

### विदेशी मुद्रा भंडार 14 करोड़ डॉलर बढ़कर 642.6 अरब डॉलर पर

मुंबई । स्वर्ण में बढोतरी होने से 22 मार्च को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 14 करोड़ डॉलर बढ़कर लगातार पांचवें सप्ताह चढ़ता हुआ 642.6 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6.4 अरब डॉलर बढ़कर लगातार चौथे सप्ताह चढ़ता हुआ 642.5 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 22 मार्च को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 12.3 करोड़ डॉलर की गिरावट के साथ 568.3 अरब डॉलर रह गया। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 34.7 करोड़ डॉलर घटकर 51.5 अरब डॉलर पर पहुंच गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 5.7 करोड़ डॉलर की कमी हुई और यह घटकर 18.2 अरब डॉलर रह गया। इसी तरह इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि 2.7 करोड़ डॉलर कम होकर 4.7 अरब डॉलर पर आ गया।

## एक अप्रैल को आरबीआई 2000 रुपये के नोट नहीं करेगा स्वीकार




नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक ने घोषणा की है कि वह खातों के वार्षिक समापन के कारण 1 अप्रैल को 2,000 रुपये नोटों को एक्सचेंज और स्वीकार नहीं करेगा। आरबीआई ने कहा है कि यह सेवा 2 अप्रैल को फिर से शुरू होगी।

आरबीआई ने एक बयान में कहा, खातों की वार्षिक क्लोजिंग के कारण भारतीय रिज़र्व बैंक के 19 निर्गम कार्यालयों में सोमवार, 1 अप्रैल, 2024 को 2,000 रुपये के बैंकनोटों को एक्सचेंज और जमा करने की सुविधा उपलब्ध नहीं मिलेगी। यह सुविधा मंगलवार, 2 अप्रैल, 2024 को फिर से शुरू होगी। आरबीआई की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार 29 फरवरी 2024 तक, 2,000 रुपये के नोटों का लगभग 97.62 प्रतिशत बैंकिंग प्रणाली में वापस आ गया है। 19 मई 2023 को, RBI ने 2,000 के बैंक नोटों को प्रचलन से बाहर करने का निर्णय लिया था और जनता से उन्हें बैंकों में जमा करने या अन्य मूल्यवर्ग के बैंकनोटों में एक्सचेंज करने का आग्रह किया था। भारतीय रिजर्व बैंक ने अपनी क्लीन नोट पॉलिसी के तहत यह कदम उठाया था। हालांकि, आरबीआई ने अहमदाबाद, बेंगलुरु, भोपाल, भुवनेश्वर, चंडीगढ़, चेन्नई, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, जम्मू, कानपुर, कोलकाता, मुंबई, नागपुर, नई दिल्ली, पटना, तिरुवनंतपुरम, रांची और रायपुर जैसे प्रमुख स्थानों पर देश भर में अपने 19 कार्यालयों में 2000 रुपये के नोट जमा करने या बदलने की सुविधा देती है।

## शार्ट न्यूज

### बोपन्ना-एब्डेन की जोड़ी फाइनल में पहुंची

मियामी। भारतीय टीम के अनुभवी टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एब्डेन मार्केल ग्रानोलर्स और होरासियो जेबालोस को हराकर मियामी ओपन पुरुष डबल्स वर्ग के फाइनल में पहुंच गए हैं। बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी ने इस साल की शुरुआत में वर्ष के पहले ग्रैंडस्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब जीता था। इस जोड़ी ने सेमीफाइल में स्पेन के ग्रानोलर्स और अर्जेंटीना के जेबालोस की जोड़ी को 6-1, 6-4 से हराया। ऑस्ट्रेलियन ओपन में मिली ऐतिहासिक जीत के बाद 44 वर्षीय बोपन्ना एटीपी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गए थे। वह ऐसा करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी थे। हालांकि दुबई चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल और इंडियन वेल्स के राउंड-32 में हारने के बाद यह जोड़ी दूसरे नंबर पर खिसक गई थी, लेकिन मियामी ओपन के सेमीफाइनल में जीतने से उन्हें सोमवार को जारी होने वाली रैंकिंग में दोबारा शीर्ष पर पहुंचने में मदद मिलेगी। बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी का खिताबी मुकाबले में सामना क्रोएशिया के इवान डोडिग और अमेरिका के ऑस्टिन क्राजिकेक की जोड़ी से होगा। डोडिग ऑस्टिन की जोड़ी ने एक अन्य सेमीफाइनल मुकाबले में केविन क्राविट्ज और टिम पुट्ज की जर्मनी की जोड़ी को 6-4, 6-7 (7), 10-7 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

### सीरियाई क्षेत्रों पर इजरायली हवाई हमलों में दो नागरिक घायल : मंत्रालय

दमिश्क। इजरायली सेना ने गुरुवार को सीरियाई क्षेत्रों पर हवाई हमले किए, जिसमें दो नागरिक घायल हो गए। सीरिया के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि स्थानीय समय के अनुसार गुरुवार को शाम करीब 5:50 बजे इज़रायली सेना ने दमिश्क के ग्रामीण इलाके में एक आवासीय इमारत को निशाना बनाते हुए कब्जे वाले सीरिया के गोलान हाइट्स की दिशा से हवाई हमला शुरू किया। इस बीच, ब्रिटेन स्थित सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने अतिरिक्त विवरण प्रदान किया और कहा कि लेबनानी सशस्त्र समूह हिजबुल्लाह से जुड़े पांच सीरियाई लड़ाके घायलों में शामिल हैं। ये लड़ाके दमिश्क के दक्षिणी ग्रामीण इलाके में सैय्यदा ज़ैनब के पास अल-बहदालियाह क्षेत्र में इजरायली हमले के तहत आए मुख्यालय के लिए गार्ड के रूप में काम कर रहे थे। वेधशाला ने कहा कि उसने 2024 की शुरुआत के बाद से सीरियाई क्षेत्रों में इजरायल की ओर से किए गए 27 हमले दर्ज किए हैं, जिनमें 19 हवाई और आठ जमीनी हमले शामिल हैं। वेधशाला रिपोर्ट के अनुसार, इन हमलों के कारण हथियार और गोला-बारूद डिपो, मुख्यालय, केंद्र और वाहनों सहित लगभग 55 लक्ष्य क्षतिग्रस हुए और नष्ट हो गए, जबकि 60 सैन्य कर्मियों की जान चली गई और 48 अन्य घायल हुए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसके अलावा, इजरायली हमलों में 10 नागरिकों की जान चली गई और 10 अन्य घायल हुए हैं।

### अलेप्पो में कई विस्फोटों की आवाज सुनी गई



दमिश्क। सीरिया के उत्तरी अलेप्पो शहर में शुक्रवार तड़के सिलसिलेवार विस्फोट हुए। प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार ये विस्फोट सीरियाई वायु रक्षा प्रणालियों द्वारा शहर को निशाना बना कर दागी गयीं मिसाइलों को रोके जाने के कारण हुए। स्थानीय शाम एफएम रेडियो ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि निवासियों ने अलेप्पो शहर में कई विस्फोटों की गूंज सुनी। ये विस्फोट सीरियाई वायु रक्षा द्वारा शहर के हवाई क्षेत्र में आने वाली मिसाइलों को रोकने के कारण हुए। इस बीच, सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने अलेप्पो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास रुक-रुक कर विस्फोटों की सूचना दी है। निगरानी समूह ने कहा कि सीरियाई हवाई सुरक्षा क्षेत्र के आकाश में आने वाले खतरों को विफल करने का प्रयास कर रही है। रिपोर्टिंग के समय शत्रुतापूर्ण मिसाइलों की प्रकृति और ये कहां से दागी गयी है, इसके बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं है, लेकिन यह घटना लगातार इजरायली हमलों के समान है।

### द. अफ्रीका में सड़क दुर्घटना में 45 लोगों की मौत

जोहान्सबर्ग। दक्षिण अफ्रीका के उत्तरपूर्वी प्रांत लिम्पोपो में गुरुवार को हुई एक बस दुर्घटना में कुल 45 लोगों की मौत हो गई। देश के परिवहन विभाग ने यह जानकारी दी है। विभाग ने गुरुवार देर रात एक बयान में कहा कि कथित तौर पर लोगों को बोत्सवाना से लिम्पोपो के मोरिया ले जा रही एक यात्री बस दुर्घटनाग्रस्त हो गयी, जिसके कारण कम से कम 45 लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। परिवहन मंत्री सिंदिसिवे चिकुंगा ने कहा, मैं ममातलाकला के पास दुखद बस दुर्घटना से प्रभावित परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त कर रहा हूं। हम हर समय अत्यधिक सतर्कता के साथ जिम्मेदार वाहन चलाने का आग्रह करते हैं, क्योंकि इस ईस्टर सप्ताहांत में हमारी सड़कों पर अधिक लोग हैं। बयान के अनुसार राहत एवं बचाव कार्य जारी रहने पर पुलिस अद्यतन जानकारी देती रहेगी। दुर्घटना के सटीक कारण की जांच की जा रही है। दक्षिण अफ्रीकी ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन ने गुरुवार को अपनी रिपोर्ट में कहा था कि मरने वाले 45 लोग श्रद्धालु थे और लिम्पोपो में मोकोपेन और मार्केन के बीच पहाड़ी दर्रे पर उनकी बस अनियंत्रित होकर एक पुल पर गिर गई और उसमें आग लग गई।

### चीन ने तूफ़ान को लेकर ब्लू अलर्ट जारी

बीजिंग। चीन में तूफान को लेकर ब्लू अलर्ट जारी करना जारी रखा गया है और कहा गया है कि देश के कुछ हिस्सों में अलग-अलग तीव्रता की तेज हवाएं चलने के आसार हैं। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार शुक्रवार सुबह आठ बजे से शनिवार सुबह आठ बजे तक इनर मंगोलिया स्वायत्त क्षेत्र, हेबेई, जिलिन और गांसु प्रांतों के कुछ क्षेत्रों में तेज हवाएं चलने का अनुमान है। इस अवधि के दौरान पीले सागर के कुछ हिस्सों में उच्च तीव्रता वाली हवाएं चल सकती हैं। जहाजों को तूफान से प्रभावित पानी में नौपरिवहन या संचालन करते समय सुरक्षा जोखिमों से सावधान रहने की चेतावनी दी है। इसके अलावा, संबंधित विभागों से आग की रोकथाम और परिवहन सुरक्षा पर केंद्रित एहतियाती उपायों को लागू करने का आग्रह किया है। मौसम विभाग ने पैदल चलने वालों और वाहनों को ऊंची इमारतों, होर्डिंग या पेड़ों के नीचे या उनके पास जाने से बचने की सलाह दी गई है। उल्लेखनीय है कि चीन में तेज हवाओं के लिए चार स्तरीय, रंग-कोडित मौसम चेतावनी प्रणाली है, जिसमें लाल सबसे गंभीर चेतावनी का प्रतिनिधित्व करता है। उसके बाद नारंगी, पीला और नीला होता है।

### भारत-रूस के रिश्तों का कोई भविष्य नहीं

नई दिल्ली/कीव। रूस-यूक्रेन जंग के बीच यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा पहली बार 2 दिन के दौरे पर भारत आए हैं। इस दौरान उन्होंने कहा, भारत और रूस के रिश्ते सोवियत काल की विरासत हैं। सोवियत संघ खत्म हो चुका है और इसलिए दोनों देशों के रिश्तों का कोई भविष्य नहीं है। एनडीटीवी को दिए इंटरव्यू में दिमित्रो ने कहा, मेरा मानना है कि भारत और यूक्रेन के रिश्तों का बेहतर भविष्य हो सकता है,किन अगर भारत और रूस इतने करीब हैं तो वे इसका इस्तेमाल मॉस्को के व्यवहार पर असर डालने में कर सकते हैं। वैश्विक स्तर पर भारत की आवाज बेहद अहम है और यूक्रेन में शांति के लिए हमें उनकी जरूरत है। रूस-यूक्रेन जंग पर पीएम मोदी के दिए एक बयान को दोहराते हुए कुलेबा ने कहा, यह जंग का युग नहीं है। रूस ने दूसरे विश्व युद्ध के बाद यूरोप में अब तक की सबसे बड़ी जंग छेड़ रखी है। हम जानते हैं कि रूस के साथ भारत आर्थिक, तकनीकी और रक्षा के क्षेत्र में जुड़ा हुआ है। भारत एक आजाद देश है और उसे अपने हित के मुताबिक दूसरे देशों से रिश्ते रखने का पूरा अधिकार है।

# इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को पांच विकेट से हराया





वेलिंगटन। कप्तान हैदर नाइट की 35 रनों की पारी और नेट साइवर ब्रंट हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर इंग्लैंड की महिला टीम ने शुक्रवार को खेले गये पांचवें टी-20 मुकाबले में न्यूजीलैंड की महिला टीम को पांच विकेट से हराकर सीरीज 4-1 से जीत ली है।

इंग्लैंड की टीम ने 137 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए तीसरे ओवर में माया बूशेर छह रन का विकेट खोया। आठवें ओवर में ऐलिस कैप्सी भी 25 रन और उसके बाद डेनिएल वायट ने 21 रन बनाकर आउट हो गई। उस समय टीम का स्कोर तीन विकेट पर 64 रन था। नेट साइवर ब्रंट और कप्तान हैदर नाइट ने पारी को संभालते हुए स्कोर को 121 रन तक ले गई। ब्रंट ने 27 गेंदों में 31 रन बनाये। वहीं हैदर नाइट ने टीम के लिए 28 गेंदों मे सर्वाधिक 35 रनों की पारी खेली। एमी जोंस और सोफिया डंकली छह-छह रन बनाकर नाबाद रही। इंग्लैंड ने 18.5 ओवर में पांच विकेट पर 138 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया।

न्यूजीलैंड की ओर से एमेलिया केर ने तीन विकेट लिये। लियाह तहुहू और रोजमेरी मेयर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। न्यूजीलैंड की महिला टीम ने आज यहां टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी यूजीलैंड की शुरुआत खराब रही और उसने अपने चार विकेट 31 के स्कोर पर गवां दिये। सूजी बेट्स 11 रन, बर्नडीन बिजुदिनाउट एक रन, कप्तान एमेलिया केर पांच रन, जॉर्जिया प्लिमर 12 रन, और मैडी ग्रीन 10 रन बनाकर आउट हुई। ब्रूक हैलिडे और इसाबेला गेज ने न्यूजीलैंड की पारी को संभाला और छठे विकेट लिये 56 रनों की साझेदारी की। यह न्यूजीलैंड की ओर से छठे विकेट के लिये सबसे बड़ी साझेदारी है। हैलिडे ने 33 रन बनाये। गेज ने 28 गेंदों में छह चौके और एक छक्के की मदद से नाबाद 51 रनों की पारी खेली। जेस केर छह रन बनाकर नाबाद रही। न्यूजीलैंड की टीम ने गेज की शानदार पारी की बदौलत निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 136 रनों का स्कोर खड़ा किया। इंग्लैंड की ओर से सोफी एकल्सटन ने तीन विकेट लिये। नेट साइवर ब्रंट को दो विकेट मिले। शार्लेट डीन ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

# अफगानिस्तान के मुजीब आईपीएल से बाहर



बेंगलुरु। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के स्पिन गेंदबाज मुजीब उर रहमान चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से बाहर हो गए हैं। केकेआर ने मुजीब के हमवतन 16 वर्षीय खिलाड़ी अल्लाह गजनफर को टीम में शमिल किया है।

वहीं राजस्थान रॉयल्स ने प्रसिद्ध कृष्णा के स्थान पर दक्षिण अफ्रीका के बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज को अपनी टीम में किया शामिल है।

अफगानिस्तान के गजनफर ने इसी महीने की शुरुआत में आयरलैंड के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पर्दापण किया था। हालांकि वह दोनों मैचों में विकेट नहीं मिला। उन्होंने अंडर 19 विश्वकप में 16.75 की औसत से आठ विकेट लिए थे। वह इस टूर्नामेंट में अफगानिस्तान के लिए सर्वाधिक विकेट लेने के मामले में दूसरे स्थान पर थे।

वहीं महाराज ने अब तक के अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में 50 टेस्ट, 44 एकदिवसीय और 27 टी-20 मुकाबलों में कुल 237 विकेट लिए हैं। महाराज दक्षिण अफ्रीका 20 में डरबन सुपर जायंट्स के लिए खेलते हैं और इस महीने की शुरुआत में भारत भी आए थे। महाराज ने एसए20 में इस बार 13 मैचों में पंद्रह विकेट लिए थे।

## पाकिस्तान आयरलैंड में तीन टी-20 मैचों की श्रृंखला खेलेगा




इस्लामाबाद। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने शुक्रवार को आयरलैंड के साथ तीन टी-20 मैचों की श्रृंखला की तारीखों का ऐलान कर दिया है।

पीसीबी की घोषणा के अनुसार तीनों मुकाबले 10 से 14 मई तक डबलिन के कैसल एवेन्यू में खेले जाएंगे। इससे पहले दोनों देशों के बीच 2009 में टी-20 मैच खेला गया था।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) एक रिपोर्ट में कहा गया है कि जुलाई 2020 में दो देशों के बीच टी-20 श्रृंखला निर्धारित की गई थी, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण यह दौरा नहीं हो सका था।

पाकिस्तान, अमेरिका और वेस्ट इंडीज में होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप 2024 के लिए अपनी तैयारी के मद्देनजर अपनी फॉर्म को बेहतर बनाने के लिए 12 टी-20 मैच खेलेगा।

द मेन इन ग्रीन में पाकिस्तान के साथ 18 अप्रैल से शुरू होने वाली पांच टी-20 मैचों की श्रृंखला की न्यूजीलैंड की मेजबानी करेगा। आयरलैंड श्रृंखला के बाद पाकिस्तान 22 से 28 मई के बीच इंग्लैंड के साथ चार मैच खेलेगा।

## पोंटिंग ने अंपायर से बहस की, दो बार गेम रुका

राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 9वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 12 रन से हराया। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में दिल्ली ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। राजस्थान ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 185 रन बनाए। जवाब में दिल्ली 20 ओवर में 5 विकेट पर 173 रन ही बना सकी। ऋषभ पंत ने फ्रेंचाइजी के लिए 100वां मैच खेला। इस मौके पर उन्हें टीम की ओर से विशेष जर्सी मिली। वहीं, दूसरी पारी में इम्पैक्ट प्लेयर रूल को लेकर दिल्ली के कोच पोंटिंग ने अंपायर से बहस की, जिस कारण दो बार गेम रोका गया। वहीं, ध्रुव जुरेल स्कूप शॉट खेलने के चक्कर में क्लीन बोल्ड हो गए।

# अमेरिका ने कोरी एंडरसन को अपनी टीम में किया शामिल




वाशिंगटन। अमेरिका ने कनाडा के साथ होने वाली पांच टी-20 मैचों की सीरीज के लिए न्यूजीलैंड के पूर्व ऑलराउंडर कोरी एंडरसन को टीम में शामिल किया है।

अमेरिका क्रिकेट के अनुसार सभी मुकाबले सात से 13 अप्रैल तक ह्यूस्टन, टेक्सास में खेले जायेंगे। मोनांक पटेल श्रृंखला में अमेरिका के कप्तान होंगे तथा एरोन जोन्स को उप-कप्तान बनाया गया है। अमेरिका और वेस्टइंडीज के सह-मेजबानी में जून में आयोजित होने टी-20 विश्वकप के मद्देनजर यह श्रृंखला अमेरिकी टीम के लिए महत्वपूर्ण है। इसके अलावा अमेरिका मई में बंगलादेश के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 सीरीज भी खेलेगा। अमेरिका क्रिकेट के कप्तान मोनांक ने एक बयान में कहा, आईसीसी टी-20 विश्वकप नजदीक होने के साथ, यह श्रृंखला हमारी टीम के लिए बहुत महत्व रखती है। उन्होंने कहा, हमारी टीम में कुछ नए खिलाड़ी आ रहे हैं और इन खेलों से हमें सही संयोजन बनाने और विश्व कप के लिए अच्छी तैयारी करने में मदद मिलेगी। उल्लेखनीय है कि एंडरसन ने न्यूजीलैंड के लिए 13 टेस्ट, 49 एकदिवसीय और 31 टी-20 मैच खेले हैं। उन्होंने पहली बार 2013 में न्यूजीलैंड टीम का प्रतिनिधित्व किया था। वह 2015 में विश्वकप के फाइनल में पहुंचने वाली न्यूजीलैंड की टीम का हिस्सा थे।।

अमेरिका क्रिकेट द्वारा घोषित की गई टीम इस प्रकार है : - मोनांक पटेल (कप्तान), एरोन जोन्स (उप-कप्तान), एंड्रीज गौस, कोरी एंडरसन, गजानंद सिंह, हरमीत सिंह, जेसी सिंह, मिलिंद कुमार, निसर्ग पटेल, नीतीश कुमार, नोशतुश केनजिगे, सौरभ नेत्रावलकर, शैडली वान शल्कविक, स्टीवन टेलर और उस्मान रफीक।

# अरब देश इजराइल को मान्यता देने को तैयार : बाइडेन

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने जंग के बाद गाजा की स्थिति, टू-स्टेट सॉल्यूशन का जिक्र किया



अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन का कहना है कि पहली बार सऊदी अरब, मिस्र, जॉर्डन, कतर समेत सभी अरब देश इजराइल को मान्यता देने के लिए तैयार हैं।

अमेरिकी मीडिया सीएनएन के मुताबिक, बाइडेन ने जंग के बाद गाजा की स्थिति और टू-स्टेट सोल्यूशन का जिक्र किया। यहां टू-स्टेट सॉल्यूशन का मतलब इजराइल और फिलिस्तीन को स्वतंत्र राज्य के तौर पर मान्यता देने से है।

### बाइडेन ने कहा- गाजा को लेकर प्लान जरूरी

सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक बाइडेन की यह टिप्पणी बताती है कि वो चाहते हैं कि इजराइल, गाजा में फिलिस्तीनी नागरिकों को सुरक्षित रखे।

बाइडेन ने कहा, मैं अभी विस्तार से जानकारी नहीं दूंगा। लेकिन देखिए, मैं सउदी, मिस्र, जॉर्डन और कतर समेत अन्य अरब देशों के साथ काम कर रहा हूं। वे पहली बार इजराइल को पूरी तरह से मान्यता देने के लिए तैयार हैं। लेकिन इसके लिए गाजा को लेकर कोई प्लान होना चाहिए। एक टू-स्टेट सॉल्यूशन होने चाहिए। यह आज हो ये जरूरी नहीं, लेकिन इसमें कुछ प्रोग्रेस होनी चाहिए। मुझे लगता है कि हम ऐसा कर सकते हैं। अरब देशों ने 2002 में इजराइल को मान्यता देने की पेशकश की थी। शर्त रखी थी कि इजराइली कब्जे वाले वेस्ट बैंक और गाजा को फिलिस्तीनी राज्य माना जाए और पूर्वी यरुशलम को फिलिस्तीन की राजधानी बनाया जाए। लेकिन तब इजराइल ने इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया था। सऊदी अरब समेत कई अरब देशों ने अब तक इजराइल को एक देश के तौर पर मान्यता नहीं दी है। इसलिए इजराइल के इन देशों के साथस डिप्लोमैटिक रिलेशन्स नहीं है।

सऊदी का कहना है कि वो इजराइल के साथ संबंध सामान्य कर सकते हैं, लेकिन इसके लिए उसे 2002 के अरब शांति प्रस्ताव की शर्तें माननी होंगी।

2002 में तय हुआ था कि इजराइल को उन सभी क्षेत्रों से अपना कब्जा हटाना होगा जो उसने 1967 की जंग के दौरान किया। फिलिस्तीन को एक आजाद मुल्क मानना होगा। पूर्वी यरुशलम को उसकी राजधानी माननी होगी। इन शर्तों में सभी अरब देशों की सहमति थी।

### इजराइल को मान्यता दिलाने में अमेरिकी रोल


इजराइल सरकार ने हाल ही में माना था कि सऊदी से बैकडोर डिप्लोमैसी के तहत बातचीत जारी है और अमेरिका मीडिएटर का रोल प्ले कर रहा है।

अमेरिकी फॉरेन सेक्रेटरी ने भरोसा दिलाया था कि इस प्रोसेस में फिलिस्तीन के मुद्दों और हितों को ध्यान में रखा जाएगा। तब इजराइल-सऊदी मामलों के एक्सपर्ट सलाम सेजवानी ने कहा था- सितंबर 2020 में अमेरिका ने अब्राहम अकॉर्ड कराया था। ये बहुत बड़ी कामयाबी थी।

अब्राहम अकॉर्ड के वक्त डोनाल्ड ट्रम्प प्रेसिडेंट थे। उस वक्त, श्व, बहरीन, मोरक्को और सूडान ने इजराइल को मान्यता दी। आज इजराइल और, श्व के बीच डिफेंस और ट्रेड रिलेशन बहुत तेजी से बढ़ रहे हैं।

# ट्रम्प ने नई बाइबल बनाई, इसे बेच रहे

## इसमें राष्ट्रवाद और अमेरिका को महान बनाने की बातें



अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने नई बाइबल बनाई है। इसमें वो राष्ट्रवाद और अमेरिका को महान बनाने की बात कर रहे हैं। साथ ही इसकी कॉपियां भी बेच रहे हैं।

इस नई बाइबल का नाम गॉड ब्लेस द USA है। इसके कवर पर अमेरिकी झंडा भी बना हुआ है। लोग उनका विरोध कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि सत्ता में वापसी के लिए पवित्र ग्रंथों का दुरुपयोग हो रहा है।

### एक बार फिर राष्टपति बनना चाहते हैं ट्रम्प

दरअसल, ट्रम्प एक बार फिर अमेरिका के राष्ट्रपति बनना चाहते हैं। वो नवंबर 2024 में होने वाले प्रेसिडेंशियल इलेक्शन में रिपब्लिकन पार्टी से राष्ट्रपति उम्मीदवार चुने गए हैं। ट्रम्प अपने कैंपेन में कहते आए हैं कि अमेरिका और डेमोक्रेसी को बचाने और महान बनाने की जरूरत है।

बाइबल खरीदने के लिए लोगों को मोटिवेट करते हुए ट्रम्प ने कहा, सभी अमेरिकियों को अपने घर में बाइबल की आवश्यकता होती है, और मेरे पास बहुत सी हैं। यह मेरी पसंदीदा किताब है। मुझे इस बाइबिल का समर्थन करने और आपको इसे खरीदने करने के लिए प्रोत्साहित करने पर गर्व है।

### किताब में अमेरिकी संविधान की कॉपी भी है

ट्रम्प ने जो बाइबल बनाई है उसमें अमेरिकी झंडे के साथ अमेरिकी संविधान, बिल ऑफ राइट्स, द डेक्लेरेशन ऑफ इंडिपेंडेंस और निष्ठा की प्रतिज्ञा की कॉपियां हैं। साथ ही सिंगर ग्रीनवुड के गाने गॉड ब्लेस द USA का कोरस भी शामिल है।

सोशल मीडिया पर लोग इस बाइबल का विरोध कर रहे हैं। एक यूजर ने कहा- सत्ता में वापसी के लिए हमारे विश्वास और यहां तक कि हमारे पवित्र धर्मग्रंथों का दुरुपयोग किया जा रहा है। अमेरिकी मीडिया सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, एक पादरी ने बताया कि ट्रम्प की बाइबल हिब्रू नियम की दस आज्ञाओं में से एक का उल्लंघन करती है, जिसमें व्यर्थ में भगवान का नाम लेना मना है।

26 मार्च 2024 को ट्रम्प ने अपने सोशल प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए लोगों से गॉड ब्लेस द यूएसए बाइबल खरीदने की बात कही। उन्होंने कहा, हैप्पी होली वीक! आइए अमेरिका को फिर से प्रार्थना करने के लिए प्रेरित करें। जैसा कि हम गुड फ्राइडे और ईस्टर की ओर बढ़ रहे हैं, मैं चाहता हूं कि आप गॉड ब्लेस द यूएसए बाइबिल की एक कॉपी जरूर खरीदें।

## पाक में भाई ने घर में बहन की हत्या की

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के टोबा टेक सिंह में एक भाई ने अपनी बहन की तकिए से मुंह दबाकर हत्या कर दी। लड़की का पूरा परिवार उसको देखता रहा जबकि किसी ने उसे बचाने की कोशिश नहीं। पाकिस्तान के मीडिया हाउस जियो न्यूज के मुताबिक घटना बुधवार की बताई जा रही है। महिला का नाम मारिया है। जब एक भाई उसकी हत्या कर रहा था तो दूसरे भाई ने उसकी वीडियो बनाई। वीडियो में मारिया का पिता भी वहीं बैठा दिखाई दे रहा है। हालांकि, उसने एक बार भी अपनी बेटी को बचाने की कोशिश नहीं की। डिस्ट्रिक्ट पुलिस ऑफिसर इबादत निसार के मुताबिक मारिया शादीशुदा नहीं थी और गर्भवती हो गई थी। उसके किसी रिश्तेदार के साथ ही संबंध थे। इसके बाद ही मारिया के भाईयों ने उसे मारने का प्लान बनाया। मारिया गर्भवती थी या नहीं और उसकी मौत किन कारणों से हुई ये पता करने के लिए फोरेंसिक जांच की जा रही है। पुलिस ने मारिया की भाभी से पूछताछ की।

## अमेरिका इज्जत बचाने के लिए गाजा युद्धविराम पर यूएनएससी प्रस्ताव अपनाने पर हुआ सहमत

मॉस्को। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा है कि अमेरिका ने अपनी इज्जत बचाने के लिए गाजा पट्टी में युद्धविराम पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव का विरोध नहीं किया, लेकिन उसने प्रस्ताव को गैर-बाध्यकारी घोषित करके गाजा में कार्रवाई के लिए इजरायल को और आजादी दे दी है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने सोमवार को गाजा में तत्काल रमजान युद्धविराम का आह्वान करते हुए एक प्रस्ताव अपनाया, जो एक स्थायी और दीर्घकालिक युद्धविराम की ओर ले जाता है। इस प्रस्ताव को परिषद के 10 अस्थायी सदस्यों द्वारा प्रायोजित किया गया था। परिषद के 14 देशों ने इसके पक्ष में मतदान किया, जबकि अमेरिका अनुपस्थित रहा। लावरोव ने रूस के इजवेस्टिया अखबार से कहा, यह अच्छा है कि इस प्रस्ताव को अपनाया गया है। लेकिन अमेरिका ने इसे यह महसूस करते हुए पारित कर दिया कि अगर वह इस पर वीटो करता है, जो काफी कमजोर है, तो वह आम तौर पर विश्व बहुमत के साथ संबंधों में 'अपनी प्रतिष्ठा को खराब' करेगा। लेकिन संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी प्रतिनिधि ने इस प्रस्ताव को अपनाने के तुरंत बाद कहा कि यह प्रस्ताव बाध्यकारी नहीं है। इस तरह इजरायल को अपनी मर्जी से काम करने का और हक मिल गया।

## इजरायली सेना के हमले में दो सौ से अधिक फिलिस्तीनियों की मौत : हमास

गाजा। इजरायली सेना के हमले से उत्तरी गाजा में स्थित अल-शिफा मेडिकल परिसर में 200 से अधिक लोगों की मौत हो गयी है और लगभग एक हजार अन्य गिरफ्तार कर लिये गये हैं। हमास द्वारा संचालित मीडिया कार्यालय ने शुक्रवार को कहा कि इजरायली सेना का परिसर के अंदर हमले जारी हैं। बयान में कहा गया, सेना ने 200 से अधिक विस्थापित नागरिकों की हत्या कर दी और लगभग एक हजार अन्य को गिरफ्तारी कर लिया। कुछ चश्मदीद गवाहों के हवाले से बयान में बताया गया कि टैंकों द्वारा कई इमारतों पर बमबारी की गयी। इजरायली सैनिकों ने आसपास क्षेत्र के निवासियों पर बमबारी और घरों को नष्ट करना जारी रखा। उधर, इजरायली सार्वजनिक रेडियो के मुताबिक, सेना बल और शिन बेट सुरक्षा सेवा अल-शिफा अस्पताल क्षेत्र में लड़ाई जारी रखे हुए है, जहां लड़ाकू टीमों ने लगभग 200 आतंकवादियों को मार गिराया है। रेडियो के अनुसार, बुधवार को आतंकवादी अस्पताल के आपातकालीन कक्ष से निकले और क्षेत्र में सक्रिय इजरायली बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी। कभी गाजा की सबसे बड़ी चिकित्सा सुविधा वाला अस्पताल अब उन कुछ चिकित्सा केंद्रों में से एक है जो अभी भी एन्क्लेव में काम कर रहे हैं। पिछले अक्टूबर में गाजा संघर्ष शुरू होने के बाद से इसने विस्थापित फिलिस्तीनियों के लिए आश्रय के रूप में भी काम किया है।

## ब्रिटेन यमन की हाइपरसोनिक मिसाइलों को मार गिराने में असमर्थ : हूती नेता

सना। उत्तरी यमन में सत्तारूढ़ शिया अंसार अल्लाह आंदोलन (हूती) के नेता अब्दुल मलिक अल-हूती ने कहा कि ब्रिटेन के नौसैनिक बलों के कमांडर ने यमन से उनके जहाजों पर लॉन्च की गई हाइपरसोनिक मिसाइलों को मार गिराने में असमर्थता स्वीकारी है। हूती नेता ने यमन के एक टीवी चैनल अल-मसीरा पर कहा, ब्रिटिश नौसैनिक कमांडर स्वीकार किया हैं कि वे यमन से ध्वनि की गति से तीन गुना अधिक गति से छोड़ी गई मिसाइलों का सामना कर रहे हैं। वह इन मिसाइलों को मार गिराने या उनके प्रक्षेपण को रोकने में असमर्थता को स्वीकार करते हैं। हूती नेता ने कहा कि जब नौ जहाजों पर हमला किया गया तो इस सप्ताह के दौरान 37 बैलिस्टिक मिसाइलों, क्रूज मिसाइलों और ड्रोन से जुड़े दस अभियान चलाए गए, जिससे इजरायली, अमेरिका और ब्रिटेन से जुड़े जहाजों और युद्धपोतों पर हमलों की कुल संख्या 86 तक पहुंच गयी। उल्लेखनीय है कि नवंबर 2023 में हूती ने गाजा पट्टी में सैन्य कार्रवाई बंद होने तक इजरायल या उससे संबंद्ध किसी भी जहाज पर हमला करने की कसम खाई थी। इसके मद्देनजर अमेरिका और यूरोपीय संघ को लाल सागर में नेविगेशन को सुरक्षित करने के लिए एक बहुराष्ट्रीय अभियान की घोषणा करनी पड़ी।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रवीण कुमार सिंह द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रेस D 85 सेक्टर 6 नोएडा से मुद्रित एवं 240 A अंसल चैंबर II, 6 भीकाजी कामा प्लेस नई दिल्ली 110066 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11, ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# अपनी मेहनत, शिक्षा व सोच से महिलाएं आगे बढ़ें : प्रो. परिचय दास

नालंदा के ग्राम चांडी में श्रमशील ग्रामीण महिलाओं के समूह को सम्बोधित करते हुए साहित्यकार , संपादक एवं नव नालन्दा महाविहार सम विश्वविद्यालय, नालंदा के हिन्दी विभाग के प्रोफेसर डॉ. रवीन्द्र नाथ श्रीवास्तव परिचय दास ने कहा कि महिलाएं अपने परिवार, पति व बच्चे को प्यार और समर्थन तथा शिक्षा व मेहनत के आधार आगे बढ़ा सकती हैं। सही और गलत के बारे में महिलाएं समाज में जागृति ला सकती हैं तथा सभी को सर्वश्रेष्ठ करने के लिए प्रोत्साहित कर सकती हैं ।प्रो. परिचय दास ने कहा कि महिलाओं को हर परिस्थिति में अपने को खड़ा रखना चाहिए। उन्हें अपना ख्याल रखना होगा। अपनी शिक्षा, रोज़गार व स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा।शराब, गांजा, सिगरेट, ताड़ी आदि नशों से दूर रहना होगा।उन्हें आपस में एकता बना कर रखनी चाहिए तथा बुराइयों से दूर रहना चाहिए। विवेक व सम्मान से समाज में रहने के लिए यह ज़रूरी है। ध्यातव्य है कि यह महिला समूह अति वंचित वर्ग का है तथा इसके उन्नयन के प्रयत्न जारी हैं।आयोजन एस.ओ.एस. विलेज संस्था की ओर से किया गया था तथा महिलाओं को मार्गदर्शन देने व मनोबल बढ़ाने के लिए प्रो. परिचय दास को अतिथि के रूप में आमंत्रित



किया गया था। प्रो. परिचय दास ने कहा कि बच्चों को शारीरिक सुरक्षा प्रदान की जानी चाहिए।परिवार, पति , मां व बच्चों के स्वास्थ्य व खान-पान का ध्यान रखना ज़रूरी है ,साथ ही, उनके शारीरिक विकास का ध्यान रखना चाहिए। बच्चे के लिए स्वास्थ्यकर वातावरण प्रदान करना चाहिए।बच्चों को खेलों से परिचित एवं प्रशिक्षित करायें।बच्चों को स्वस्थ आदतें सिखायें। बच्चों की भाषा-कुशलता पर ध्यान दें।मानसिक सुरक्षा प्रदान करना आवश्यक है। पढ़ना, लिखना, गणना करना सिखाना चाहिए।मानसिक खेलों से मस्तिष्क का विकास करें।सामाजिक प्रेम, दया, करुणा और लोगों को आदर करना सिखाएं। नैतिक एवं आध्यात्मिक विकास पर भी ध्यान दें।परिवारी जन को बीमारियों स बचाए रखें और उनके स्वास्थ्य पर ध्यान दें। खाने-पीने, चलने और बात करने का सही तरीका सिखाएं।सड़क पर चलने का सही तरीका सीखें - सिखाएं और रोड-नियम बताएं। अपने बच्चों को मुश्किलों से लड़ना सिखाएं। इस अवसर पर महिलाओं ने नशा के विरुद्ध गायन भी किया।एस.ओ.एस. विलेज संस्था , नालंदा के संयोजक श्री राजमणि ने कहा कि यह संस्था उन बच्चों व समूहों के लिए कार्य करती है जो हमारे समाज में विभिन्न कारणों से पीछे हो गये है जैसे कि आर्थिक स्थिति , माता पिता के संरक्षण का अभाव , उचित देखभाल इत्यादि।एसओएस संस्था उन्हीं बच्चों को चिह्नित करके उनके लिए कार्य करती है।इस्क उद्देश्य उनके संपूर्ण विकास की ओर ध्यान देना होता है । सबसे महत्वपूर्ण भूमिका पैरेंटिंग स्किल की है।यह वह कौशल होता है जिससे बच्चे का सर्वांगीण विकास सम्भव होता है । स्किल से बच्चों व महिलाओं का भविष्य गढ़ा जा सकता है। छोटे छोटे कैम्प के माध्यम महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है ।

प्रोफेसर परिचय दास जी ने उन्हें अपने जीवन में आत्मनिर्भर बनने के लिए कई उपाय बताए। जिस तरह से उन्होंने बच्चों के भविष्य को अच्छा बनाने के लिए उचित कदम उठाने के लिए उत्साहित किया वह महत्त्वपूर्ण है। सहायता व मेहनत से अब इस गाँव का हर परिवार आत्मनिर्भर होने की राह की ओर चल पड़ा है। हमें उम्मीद है कि प्रो. परिचय दास के यथासहयोग और यथामार्गदर्शन में हम इस योजना को और अच्छे से क्रियान्वित कर सकेंगे।शोधछात्र श्री शिशुपाल ने कहा कि महिलाओं को समाज से बहुत अधिक प्रभावित न रह कर अपने विकास के लिए प्रयत्नशील रहना चाहिए।

## आयुष्मान खुराना ने ट्रांसजेंडर समुदाय को सशक्त बनाने के लिए फूड ट्रक की चाबियां सौंपी

मुंबई (अनिल बेदाग)। बॉलीवुड स्टार, युवा आइकन और भारत में यूनिसेफ के राष्ट्रीय राजदूत, आयुष्मान खुराना फिल्मों, सोशल मीडिया और प्रमुख राष्ट्रीय और वैश्विक मंचों पर अपने काम के माध्यम से मानवाधिकारों के मुखर समर्थक रहे हैं। प्रतिभाशाली अभिनेता-कलाकार अब चंडीगढ़ में ट्रांसजेंडर समुदाय के सदस्यों को कौशल बढ़ाने और आत्मनिर्भर बनने में मदद कर रहे हैं। आयुष्मान ने समुदाय के लिए फूड ट्रक बनाने में निवेश किया है ताकि उन्हें अपना खुद का व्यवसाय चलाने के लिए सशक्त बनाया जा सके।इस फूड ट्रक को %स्वीकार% कहा जा रहा है, जो आज के समाज में समुदाय के लिए स्वीकृति के महत्व पर एक प्रासंगिक विचार है।

आयुष्मान ने आज चंडीगढ़ के जीरकपुर में ट्रांसजेंडर समुदाय को स्वीकार फूड ट्रक की चाबियां सौंपी। इस बारे में बात करते हुए, आयुष्मान कहते हैं, मेरे लिए, आत्मनिर्भरता मानव अधिकारों की रक्षा की दिशा में सबसे महत्वपूर्ण कदमों में से एक है। राष्ट्र निर्माण के लिए समावेशिता की आवश्यकता है, इसके लिए इस देश में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति के अधिकारों की रक्षा करना आवश्यक है।हम सभी इसमें योगदान दे सकते हैं।मैंने हमेशा महसूस किया है कि व्यक्तियों को समुदायों को सशक्त बनाने में सक्रिय रूप से भाग लेने की आवश्यकता है ताकि अधिक से अधिक लोग आत्मनिर्भर बन सकें।यह मेरे देश के



लिए, मेरे साथी नागरिकों के लिए अपना योगदान देने का मेरा तरीका है। पंजाब विश्वविद्यालय के पहले ट्रांसजेंडर छात्र और राज्य में समुदाय के लिए सक्रिय आवाज धनंजय चौहान को फ़ूड ट्रक की चाबियां सौंपी गईं। वह कहती हैं, किसी देश की प्रगति की परिभाषा इस बात से मापी जा सकती है कि हर समुदाय कितना सशक्त, कितना आत्मनिर्भर और कितना सुरक्षित महसूस करता है। चंडीगढ़ उनका घर है. इसलिए, यह वास्तव में विशेष है कि वह यहां ट्रांसजेंडर समुदाय की सहायता के लिए आगे आए हैं।

धनंजय आगे कहते हैं, मुझे दृढ़ता से लगता है कि हमें समाज से किसी विशेष चीज़ की ज़रूरत नहीं है।हमें केवल उन्हें देखने, हमें सुनने और हमें स्वीकार करने की ज़रूरत है।हम में से बहुत से लोग शिक्षित, मेहनती हैं, और हमें खुद को साबित करने के लिए बस काम के अवसरों की आवश्यकता है। आयुष्मान ने हमारी आकांक्षाओं को पंख दिए हैं और हर कदम पर हमें प्रोत्साहित किया है।हम इसे पूरा करने जा रहे हैं।

## गोकुलधाम सोसाइटी के पुरुष बना रहे है मुसीबत में फंसने की 'योजना'?

मुंबई( अनिल बेदाग)। फाइनेंशियल न्यू एयर और गर्मी का मौसम आ गया है। हम सभी अपने आस-पास के लोगों को मूर्ख (अप्रैल फुल) बनाकर इसका स्वागत बहुत ही मजेदार तरीके से करते हैं।यहां तक कि तारक मेहता का उल्टा चश्मा की गोकुलधाम सोसाइटी के पुरुष निवासी भी यही योजना बना रहे हैं।

हाल ही में बावरी अपने माता-पिता के गड़ा इलेक्ट्रॉनिक्स पर आने की चिंता में जेठालाल की दुकान पर पहुंची और जेठालाल से नौकर बनने और बाघा को दुकान का मालिक बनाने का अनुरोध किया।सभी बहस और तनाव के अंत में उन्हें पता चला कि यह बावरी द्वारा उन्हें अप्रैल फुल बनाने के लिए किया गया एक मज़ाक था। बावरी की घटना का अंत गोकुलधाम सोसाइटी के पुरुष निवासियों के लिए एक विचार के रूप में हुआ।यह जानते हुए कि गोकुलधाम सोसाइटी की महिला मंडल को अपने-अपने पतियों के पार्टी-शार्टी (दारू का नशा ) करने से कितनी नफरत करती है, तारक मेहता और उनके गिरोह ने महिला मंडल को अप्रैल फूल बनाने की योजना बनाई।

क्या गोकुलधाम सोसाइटी की महिलाओं की कमज़ोरी का फायदा, पुरुष मंडली उठा पाएगी ? या इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि महिलाओं को अपने पतियों का नशे में धुत होना पसंद नहीं है, क्या यह पूरी योजना पुरुषो के लिए किसी बड़ी समस्या का कारण बन जायेगी ?अधिक जानने के लिए तारक मेहता का उल्टा चश्मा देखते रहें।

तारक मेहता का उल्टा चश्मा सबसे लंबे समय तक चलने वाले सिटकॉम में से एक है जो पहले 2008 में प्रसारित हुआ था और अब 4000 से अधिक एपिसोड के साथ अपने 15 वें वर्ष में है।अपने प्रमुख शो के अलावा, नीला फिल्म प्रोडक्शंस प्राइवेट लिमिटेड इस शो को यूट्यूब पर मराठी में गुकुलधामची दुनियादारी और तेलुगू में तारक मामा अयो रामा को स्ट्रीम करता है।सभी शो असित कुमार मोदी द्वारा लिखे और बनाए गए हैं।

## कर्नलगंज में नायब तहसीलदार की छापेमारी में पकड़ा गया सरकारी खाद्यान्न गायब

### मामले में लीपापोती कर नहीं हुई कोई कार्यवाही

- एसडीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार कर्नलगंज ने छापेमारी कर पकड़ा था सरकारी खाद्यान्न
- नायब कर्नलगंज की मानें तो पूर्ति निरीक्षक महेश प्रसाद ले गए खाद्यान्न लदी गाड़ी

कर्नलगंज, गोण्डा। तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत गोण्डा- लखनऊ हाईवे स्थित मनोज धर्मकांटा कादीपुर में कालाबाजारी के लिए रखे लावारिस हालत में 18 बोरी सरकारी खाद्यान्न बीते शनिवार को दोपहर में सूत्रों की सूचना पर एसडीएम कर्नलगंज भारत भार्गव के निर्देश पर नायब तहसीलदार कर्नलगंज ने राजस्व कर्मियों और पुलिस बल के साथ मौके पर छापेमारी कर सरकारी खाद्यान्न को कब्जे में लेकर तहसील भेजवाया गया खाद्यान्न गायब हो गया।वहीं नायब तहसीलदार कर्नलगंज की मानें तो पूर्ति निरीक्षक महेश प्रसाद खाद्यान्न लदी गाड़ी ले गए हैं।विश्वस्त सूत्रों के मुताबिक ठेकेदार और कोटेदार की मिलीभगत से कालाबाजारी के लिए कई दिनों से सरकारी खाद्यान्न रखा था।

इससे जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध है और गंभीर सवाल उठ रहे हैं।जबकि विभागीय नियमों के मुताबिक पकड़े गए लावारिस सरकारी खाद्यान्न को सील कर विधिक कार्यवाही की जानी चाहिए थी।

बता दें कि कर्नलगंज क्षेत्र में खाद्यान्न ठेकेदार व जिम्मेदार अधिकारियों व कोटेदारों की मिलीभगत से खुलेआम राशन कालाबाजारी का गोरखधंधा चल रहा है। वहीं खाद्य एवं रसद विभाग के जिम्मेदार मामले में जानबूझकर अनजान बने हुए हैं।

पूरा मामला कर्नलगंज तहसील व कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कादीपुर से जुड़ा है।यहाँ गोण्डा- लखनऊ हाईवे स्थित मनोज धर्मकांटा कादीपुर में कालाबाजारी के लिए रखा 18 बोरा सरकारी खाद्यान्न शनिवार को दोपहर में सूत्रों की सूचना पर एसडीएम कर्नलगंज भारत भार्गव के निर्देश पर नायब तहसीलदार कर्नलगंज ने राजस्व कर्मियों और पुलिस बल के साथ मौके पर छापेमारी कर सरकारी खाद्यान्न को पकड़ा था और उसे कब्जे में लेकर तहसील भेजवाया गया था। वहीं धर्मकांटा पर मौके पर मौजूद लोगों के लिए गए बयान में अभिषेक जायसवाल उम्र लगभग 24 वर्ष पुत्र रामअभिलाख निवासी ग्राम गौरवा खुर्द बरईन पुरवा पर0 पहाडापुर तह0 करनैलगंज गोंडा ने बताया कि वह मनोज धर्मकांटा स्थित कादीपुर पर बतौर मुंशी कार्य करता है। इस धर्मकांटा पर दिनांक 24-3-2024 को लगभग 3 बजे दिन में उपरोक्त मौजूद सरकारी खाद्यान्न को ठेकेदार विकास यादव के कहने पर सोनू सिंह के द्वारा 11 बोरी चावल और 7 बोरी गेहूँ दूबे ड्राइवर के द्वारा लाकर रखा गया है, जिसे आज दिनांक 29-03-2024 को मेरे धर्म कांटा पर से क्षेत्रीय नायब तहसीलदार कर्नलगंज व लेखपाल के द्वारा अपने कब्जे में ले लिया गया है। इस मौके पर नायब तहसीलदार कर्नलगंज, लेखपाल ज्ञानप्रकाश मिश्रा,लेखपाल रमेश कुमार, उपनिरीक्षक दयानंद यादव, कांस्टेबल आदित्य यादव सहित अनेकों लोग मौजूद रहे। इस छापेमारी से कालाबाजारी से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया है।

## कांग्रेस के राणा सुजीत सिंह पटना साहिब से ठोकेंगे ताल

### भाजपा के रविशंकर प्रसाद को देंगे टक्कर .!

आगामी लोकसभा चुनावों में अब बस चंद दिन गिनती के बचे हुए हैं, अभी बिहार में सीटों के बंटवारे को लेकर इंडिया गठबन्धन में फाइनल समझौता आज हुआ है। इस समझौते के अंतर्गत पटना साहिब सीट कांग्रेस के हिस्से आई है। कांग्रेस पार्टी यहां से अपने कद्दावर युवा नेता राणा सुजीत सिंह को चुनावी मैदान में उतार रही है। राणा सुजीत सिंह कांग्रेस पार्टी के एक तेज तर्रार युवा नेता हैं, इन्होंने राजनीति के साथ साथ फ़िल्म मेकिंग में भी बतौर निर्माता हाथ आजमाया हुआ है। कांग्रेस की तरफ से अपनी उम्मीदवारी



को लेकर बोलते हुए राणा सुजीत सिंह कहते हैं कि पार्टी उन्हें जहां से भी उम्मीदवार बनाये वो वहीं से जीतकर लोकसभा में पहुंचेंगे। इसबार राहुल गाँधी के नेतृत्व में भाजपा के नेतृत्व वाले गठबन्धन को हराकर हम बहुत बड़े बहुमत से सरकार बनाने जा रहे हैं। पटना साहिब की जनता हमें इसबार चुनकर लोकसभा में भेजेगी, क्योंकि भाजपा के नेता लोग यहां से चुनकर जाने के बाद दुबारा से कभी क्षेत्र में भ्रमण करने भी नहीं आते, और जब आप अपने क्षेत्र के जनता की इस तरह से उपेक्षा करेंगे तो लोग क्यों आपको वोट देंगे ? राणा सुजीत सिंह कहते हैं कि इसबार पटना साहिब की जनता ने बदलाव को लेकर दृढ़संकल्प ले लिया है और बदलाव होकर रहेगा। बिहार की जनता आगामी लोकसभा चुनाव में 40 सीटों पर इंडिया गठबन्धन के उम्मीदवारों को विजयश्री दिलाने का संकल्प ले चुकी है और हम इसबार केंद्र में भी श्री राहुल गांधी जी के नेतृत्व में सरकार बनाने जा रहे हैं ।

भाजपा सरकार ने जमकर जनता का खून चूसा है और महंगाई , बेरोजगारी से पूरे देश की जनता और युवा परेशान हैं।किसी भी युवा के पास रोजगार के अवसर नहीं हैं और ना ही सरकार इनकी कोई मंदद कर रही है ऐसे में हम इनको उखाड़ फेंकने के लिए तैयार हैं ।

## एन्वी ने वरुण धवन को अपना ब्रांड एम्बेसडर बनाया




मुंबई (अनिल बेदाग)। भारत के अग्रणी प्रीमियम फ्रैगरेंस ब्रांड एन्वी ने बॉलीवुड सेलेब्रिटी वरुण धवन की दमदार और आकर्षक व्यक्तित्व को देखते हुए उन्हें अपना ब्रांड ऐम्बेसडर बनाया है, क्योंकि उनके व्यक्तित्व में ब्रांड के 'लेट देम एन्वी' नजरिये की झलक मिलती है।एन्वी अपने डिओडरेंट्स और विशिष्ट फ्रेंच फ्रैगरेंस वाले परफ्यूम्स के लिए मशहूर है।अब इसने ग्राहकों के बीच अपनी लोकप्रियता बढ़ाने और फ्रेगरेंस ब्रांड के रोप में युवाओं की पहली पसंद बनने की योजना बनाई है।वरुण धवन को अपना ब्रांड ऐम्बेसडर बनाना इसकी इसी दूरगामी योजना का हिस्सा है। एन्वी अपने इस रणनीतिक कदम के माध्यम से ब्रांड के प्रमोशन में और तेजी लाना चाहता है। इस संधि के तहत, वरुण धवन ब्रांड के आगामी मल्टी-चैनल विज्ञापनों और मार्केटिंग संबंधी पहलों में दिखाई देंगे।इन विज्ञापनों को टेलीविज़न और सोशल मीडिया पर भी दिखाया जाएगा। वरुण धवन यूथ आइकन हैं और उनका लीग से हटकर खास दिखने' का रवैया एन्वी के डीएनए से बखूबी मेल खाता है।उस कारण से ब्रांड ऐम्बेसडर के रूप में वे सबसे उपयुक्त हैं।एन्वी अपने फ्रैगरेंस के द्वारा ग्राहकों को भीड़ से अलग विशिष्ट आकर्षण प्रदान करना चाहता है और ब्रांड के इस मिशन के साथ वरुण धवन की स्टाइल बखूबी मेल खाती है।

## एसपी व सीओ ने शहर भर में किया फ्लैग मार्च

ललितपुर।आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस बल व केन्द्रीय सशस्त्र बल के साथ किया गया फ्लैग मार्च/एरिया डोमिनेशन। क्षेत्र के क्रिटिकल/संवेदनशील पोलिंग बूथों पर फ्लैग मार्च कर जनता को कराया सुरक्षा का अहसास मिश्रित आबादी/संवेदनशील स्थानों पर फ्लैग मार्च कर लोगों से निर्भीक व निष्पक्ष होकर मतदान करने हेतु किया गया जागरूक पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा ललितपुर पुलिस बल व अर्द्धसैनिक बल के साथ आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के साथ-साथ मतदाताओं में सुरक्षा की भावना पैदा करने के लिए कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत क्रिटिकल/संवेदनशील पोलिंग बूथों व मिश्रित आबादी वाले स्थानों पर फ्लैग मार्च /एरिया डोमिनेशन किया गया।एसपी द्वारा थाना कोतवाली के सदन शाह के मजार से घुसियाना मस्जिद, जेल चौराहा, अजीतपुरा, महावीरपुरा, रावरपूरा, मऊठाना इमाम चौक, नदीपुरा,आजाद चौक होते हुए गोविंद नगर से टेल्गो ग्राउंड से केलगुआ चौराहा से होते हुए आजाद चौक से शनिचरा चौराहा, घंटाघर, जीआईसी से होते हुए जिला अस्पताल और जिला अस्पताल से वापस सदन शाह तक फ्लैग मार्च/एरिया डोमिनेशन किया गया। फ्लैग मार्च के दौरान मतदान केंद्र एवं क्षेत्र का भ्रमण करते हुए महोदय द्वारा आम जनता से संवाद कर चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने, पुलिस तथा प्रशासन का सहयोग करने एवं भय मुक्त होकर मतदान करने की अपील की गई।

## शातिर अपराधी अवैध शस्त्र बनाने वाली फैक्ट्री सहित गिरफ्तार

ललितपुर। अन्तर्राज्यीय पच्चीस हजार रूपये के शातिर इनामिया अपराधी को मय अवैध 3 देशी तमंचा 315 बोर व एक देशी रिवाल्वर 32 बोर व एक देशी तमंचा 315 बोर अर्द्धनिर्मित व 2 जिन्दा कारतूस 315 बोर व अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण (शस्त्र फैक्ट्री) के साथ किया गया गिरफ्तार। अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन आलोक सिंह एवं पुलिस उप महानिरीक्षक झांसी, कलानिधि नैथानी के निर्देश के क्रम में पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी तालबेहट कुलदीप कुमार के निकट पर्यवेक्षण में थाना



तालबेहट पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर 25 हजार रूपये के इनामिया अभियुक्त लाखन सिंह पुत्र करतार सिंह यादव उम्र करीब 32 वर्ष नि0 ग्राम खांदी मजरा बन्देशरा थाना तालबेहट जनपद ललितपुर को पवागिरि जैन मन्दिर से सरखडी व पवागिरि के जंगल थाना तालबेहट से मय 3 अदद देशी तमंचा 315 बोर व एक अदद देशी रिवाल्वर 32 बोर व एक अदद देशी तमंचा 315 बोर अर्द्धनिर्मित व 2 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर व आस पास अर्धनिर्मित शस्त्र व शस्त्र बनाने के उपकरण सामग्री के साथ गिरफ्तार किया गया अभियुक्त लाखन सिंह पुत्र करतार सिंह यादव उपरोक्त के कब्जे से अवैध शस्त्र एवं शस्त्र बनाने के उपकरण/सामग्री की बरामदगी के आधार पर थाना तालबेहट में मु0अ0सं0 111/24 धारा 3/5/25 आर्म्स एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया गया है।अभियुक्त लाखन सिंह उपरोक्त मु0अ0सं0 402/23 धारा 398/401/414/307 भादवि0 (पु0मु0) का वांछित अपराधी है एवं उ0प्र0 प्रान्त थाना तालबेहट से 25000 रुपये का इनामिया व म0प्र0 प्रान्त के थाना ओरछा जिला टीकमगढ से मु0अ0सं0 50/2013 धारा 392/190/411 भादवि लूट के अभियोग में 11 वर्षों से लगातार फरार चल रहा था एवं 5000 रुपये का इनामिया घोषित अपराधी है।

## शार्ट न्यूज

### पिछले 20 सालों में सबसे बड़ी ओपनिंग मिली रवि किशन की फ़िल्म महादेव का गोरखपुर को




भोजपुरी फिल्मों के बदलते इतिहास की पटकथा लिखी जा चुकी है, और यह पटकथा लिखी है मेगास्टार रवि किशन की फ़िल्म महादेव का गोरखपुर ने । पिछले दो दशकों में सबसे बड़ी ओपनिंग का रिकॉर्ड इस फ़िल्म में तोड़ दिया है और एक नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया है । अभी रिपोर्ट लिखे जाने तक कलेक्शन डिटेल में भारी उछाल देखने को मिल रहा है।जब से भोजपुरी सिनेमा का यह तीसरा दौर शुरू हुआ है तब से लेकर अबतक इतनी बड़ी ओपनिंग किसी भी फ़िल्म को नहीं मिल पाई थी , और यह कारनामा महादेव का गोरखपुर ने कर दिखाया है । देशभर में लगभग 200 सिनेमाघरों और अमेरिका के 12 सिनेमाघरों में रिलीज हुई इस फ़िल्म ने भोजपुरी और हिंदी भाषा मे अपनी सफलता का परचम लहरा दिया है , और अभी इसे तमिल,तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज होना बाकी ही है ।फ़िल्म मुख्यत: भोजपुरी भाषा मे ही बनी है और इसे अन्य भाषाओं में डब करके रिलीज किया जाएगा ।महादेव का गोरखपुर भोजपुरी फ़िल्म इतिहास में अब तक कि सबसे बड़ी फिल्म बनने की राह पर चल पड़ी है ।यह एक ऐसी पहली भोजपुरी फ़िल्म भी बन गई है जिसकी डबिंग करके दक्षिण भारत की भाषाओं में रिलीज करने की तैयारी है ।

### एसपी ने हजरत बाबा शदनशाह उर्स मेला की तैयारियों का लिया जायजा

ललितपुर।पुलिस अधीक्षक द्वारा हजरत बाबा शदनशाह उर्स मेला की तैयारियों का जायजा लेकर सुरक्षा व्यवस्था में तैनात पुलिस बल को दिये आवश्यक दिशा निर्देश।आयोजको से वार्ता कर मेला का शांतिपूर्ण /सोहार्दपूर्वक मनाने हेतु की गयी अपील पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा हजरत बाबा शदनशाह उर्स मेला की तैयारियों का जायजा लिया गया ।विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी बाबा सदन शाह उर्स मेला आयोजन दिनांक 31. मार्च से 04.अप्रैल 2024 तक प्रस्तावित है ।पुलिस अधीक्षक द्वारा संपूर्ण मेला परिसर में भ्रमण किया गया तथा उर्स कमेटी/ आयोजको से वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुना गया तथा आयोजको से मेला को शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराये जाने हेतु अपील की गयी । एसपी द्वारा उर्स मेला में लोगो की भीड़ को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था हेतु क्षेत्राधिकारी सदर व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली को पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटियां लगाने हेतु व समय समय पर ड्यूटियां चैक करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।एसपी द्वारा सम्पूर्ण मेला परिसर की ड्रोन कैमरे से निगरानी हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये ।प्रभारी यातायात को यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाये रखने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये ।

### पुलिस ने बकरा चोर को किया गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी पुलिस अधीक्षक खीरी, गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत शुक्रवार दिनांक 29.03.2024 को थाना खीरी पुलिस द्वारा चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए चोरी में प्रयुक्त वाहन स्विफ्ट डिजायर कार यूपी32EC0099 व चोरी किये गये बकरा के विक्रय से प्राप्त रुपये 5000 रु0/ व एक अदद अवैध तमंचा 12 बोर व 01 अदद कारतूस 12 बोर के साथ 01 नफर अभियुक्त सुफियान पुत्र मुन्ना निवासी ग्राम सेमरा कलां थाना रेउसा जनपद सीतापुर को झलरिया रेलवे क्रासिंग के पास गिरफ्तार किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही कर न्यायिक अभिरक्षा के लिए मा0 न्यायालय रवाना किया जा रहा है।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम- उ0नि0 लाल बहादुर मिश्रा चौकी प्रभारी कस्बा खीरी थाना व जिला खीरी,हे0का0 मनीष यादव थाना व जिला खीरी,का0 कौशलेन्द्र मिश्र थाना व जिला खीरी,का0 अंकित सिंह थाना व जिला खीरी,का0 अनूप कुमार थाना व जिला खीरी

### गाजीपुर के युसूफपुर मोहम्मदाबाद में होगा मुख्तार का अंतिम संस्कार

गाजीपुर । मऊ सदर विधानसभा क्षेत्र से पांच बार विधायक रहे माफिया डान मुख्तार अंसारी का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव यूसूफपुर मोहम्मदाबाद में स्थित पुस्तैनी कब्रस्तान काली बाग में होगा जिसकी तैयारियां मुक्कमल कर ली गयी हैं।मुख?तार अंसारी के पार्थिव शरीर कोमें काली बाग के कब्रिस्?तान में सात गुणा तीन फीट की जमीन मिली है।उनको सुपुर्दे खाक किए जाने के समय उनकी पत्नी अफसा बेगम व पुत्र अब्बास अंसारी विधायक इस अवसर पर मौजूद रहेंगे या नहीं इस पर अभी तक संशय बरकरार है। गौरतलब है कि विधायक मुख्तार अंसारी की पत्नी अफसा बेगम काफी लंबे अरसे से फरार चल रही है।जिन पर प्रशासन द्वारा 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। ऐसे में कयास लगाया जा रहे हैं कि क्या वह पति का अंतिम दर्शन करने सामने आएंगी या फरार ही रहेंगे।मुख्तार अंसारी के बड़े पुत्र मऊ सदर से विधायक अब्बास अंसारी फिलहाल जेल में बंद है, जिन्हें हाई कोर्ट में पैरोल की सुनवाई नहीं हो पाई है।फिलहाल उनके तरफ से उच्चतम न्यायालय में भी अर्जी लगाई जाने की बात आ रही है।अब ऐसे में विधायक की पत्नी और बड़े पुत्र उनके अंत्येष्टि में शामिल होते हैं या नहीं यह संशय अभी भी बरकरार है।

### भारत ने वैश्विक कौशल सर्वेक्षण पर जोर दिया

नयी दिल्ली । भारत ने जी-20 के रोजगार कार्य समूह की बैठक में ग्लोबल स्किल मैपिंग- वैश्विक कौशल सर्वेक्षण पर बल देते हुए कहा है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर श्रम गतिशीलता के लिए एक प्रणाली विकसित की जानी चाहिए।केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि ब्राजील की राजधानी ब्राज़ीलिया में रोजगार कार्य समूह की दूसरी बैठक को संबोधित करते हुए भारत ने वैश्विक कौशल सर्वेक्षण पर बल दिया है। बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व केंद्रीय श्रम एवं रोजगार सचिव सुमिता दावरा कर रही हैं।उन्होंने कहा कि लंबे समय से प्रतीक्षित वैश्विक कौशल सामंजस्य की प्राप्ति की दिशा में पहला कदम आईएलओ और ओईसीडी ने वैश्विक कौशल सर्वेक्षण की व्यवहार्यता अध्ययन के संदर्भ की शर्तों का मसौदा तैयार करने के साथ उठाया गया है।दो साल तक चलने वाले व्यवहार्यता अध्ययन में आईटी, देखभाल और पर्यावरण के अनुकूल क्षेत्रों सहित चुनिंदा क्षेत्रों में एक प्रायोगिक परियोजना भी शामिल होगी। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने वैश्विक कौशल अंतराल के मानचित्रण के लिए संबंधित राष्ट्रीय सर्वेक्षणों में बुनियादी और विस्तारित संकेतकों को शामिल करने के लिए 2023 में भारतीय अध्यक्षता में जी- 20 ईडब्ल्यूजी के संकल्प की दिशा में काम करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

### देश में मजबूत न्यायिक प्रणाली : धनखड़

नयी दिल्ली।उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि भारत एक मजबूत न्यायिक प्रणाली वाला एक लोकतांत्रिक राष्ट्र है और देश को किसी अन्य देश से विधि के शासन पर सीख लेने की जरूरत नहीं है।धनखड़ ने शुक्रवार को यहां भारतीय लोक प्रशासन संस्थान के 70 वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय लोकतंत्र अद्वितीय है और देश को विधि के शासन पर किसी से सीख लेने की जरूरत नहीं है।धनखड़ ने कहा कि आज भारत में कानून के समक्ष समानता एक नया मानदंड है और कानून उन लोगों को जवाबदेह बना रहा है जो खुद को इससे परे समझते हैं।उन्होंने कहा कि जैसे ही कानून अपना काम करता है, वे सड़कों पर उतर आते हैं, ऊंची आवाज में बहस करते हैं और मानवाधिकारों की आड़ में दोषी को छिपाते हैं।भारतीय न्यायिक प्रणाली को मजबूत, जन-समर्थक और स्वतंत्र बताते हुए उन्होंने कहा कि जब कानून लागू हो जाता है तो किसी व्यक्ति या संस्था या संगठन के लिए सड़कों पर उतरने का औचित्य नहीं होना चाहिए।